


हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





रानी रामपाल ने शेयर किया पीएम मोदी का प्रशंसा पत्र, कहा - हॉकी में जवाब देना जारी रखूंगा-पेज 11

**महाराष्ट्र भाजपा में बगावत, टिकट न मिलने पर निर्दलीय लड़ने जा रहे गोपाल शेट्टी**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, हस्ती, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 30 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 319 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 80,450 | ₹99,000 |



## आज का इतिहास

- 1956 : भारत का पहला पांच सितारा होटल 'अशोक' खुला।
- 1990 : भारत के मशहूर और लोकप्रिय अभिनेता विनोद मेहरा की मृत्यु हो गई।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में नाइट ब्लड सैंपल सर्वे, 12 बजे रात तक लेंगे खून का नमूना

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के 24 जिलों में छठ महापर्व के बाद नाइट ब्लड सर्वे का अभियान शुरू होगा जिसके तहत रात 8.30 बजे से आधी रात 12 बजे तक 20 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का रैंडम तरीक से ब्लड सैंपल लिया जाएगा। रात में खून की जांच का नमूना लेने के इस अभियान से सरकार को यह पता करने में मदद मिलेगी कि लिम्फैटिक फाइलेरियासिस (एलिफैंटियासिस) का संक्रमण कितना फैल रहा है। आम लोगों के बीच हाथी पांव नाम से पहचानी जाने वाली फाइलेरिया की बीमारी बिहार के 38 जिलों में पाई जाती है।

### कैंसर की तीन दवाओं के घटेंगे दाम

**नई दिल्ली (ए.)।** कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली तीन दवाओं के दाम जल्द ही घटने वाले हैं। सरकार ने इन दवाओं का उत्पादन और बिक्री करने वाली कंपनियों को कीमतों में कटौती करने का निर्देश दिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार ने दवा कंपनियों से कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली तीन दवाओं की कीमतें कम करने का निर्देश दिया है, ताकि सीमा शुल्क छूट और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा सके।

### पुलिया से टकराई बस, 12 लोगों की मौत और कई घायल

**सीकर (राजस्थान) (ए.)।** राजस्थान के सीकर जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है। बस के फ्लाईओवर की विंग दीवार से टकरा जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और कई यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने बताया कि सालासर से लक्ष्मणगढ़ आ रही एक निजी बस मोड़ लेते समय लक्ष्मणगढ़ में फ्लाईओवर के एक हिस्से से टकरा गई।

### बिहार में पछुआ ने दी दस्तक

**पटना (नि.सं.)** दीपावली की रात से बिहार में पछुआ हवा चलने के आसार हैं। इसके बाद से राज्य में रात के तापमान (न्यूनतम ) में में गिरावट की संभावना है। हालांकि इससे पहले तक खासतौर पर दक्षिण बिहार में कुछ एक जगहों पर बादल छाये रह सकते हैं। इस मौसमी दशा में अगले 24 घंटे के दरम्यान राज्य के रोहतास, गया,नवादा,भागलपुर और कटिहार में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। आइएमडी के अनुसार 31 अक्तूबर की शाम से बिहार में आसमान साफ होने का पूर्वानुमान है। लिहाजा न्यूनतम तापमान में गिरावट के आसार हैं। हालांकि कड़ाके की ठंड का अभी कोई पूर्वानुमान नहीं है। दरअसल पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं है। यह वह मौसमी सिस्टम है, जिससे न केवल बिहार बल्कि समूचे उत्तरी भारत में कड़ाके की ठंड पड़ती है। फिलहाल पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के संकेत नहीं हैं।

दिवाली से पहले 1.52 लाख किसानों को आर्थिक सहायता

# बाढ़ से प्रभावित 1.52 लाख किसानों के खाते में 101 करोड़ ट्रांसफर



निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में आयोजित कार्यक्रम में बाढ़ प्रभावित 1.52 लाख किसानों को डीबीटी के द्वारा सीधे उनके खाते में 101 करोड़ रूपये की राशि भेजी है। वर्ष 2024 में सितम्बर माह में हुई वर्षापात एवं गंगा, कोशी, गंडक, बागमती तथा अन्य नदियों के जलस्तर में हुई वृद्धि के चलते आयी बाढ़ के कारण हुई फसल क्षति का प्रतिवेदन सभी प्रभावित जिलों से प्राप्त करने के उपरांत कृषि इनपुट अनुदान योजना के अन्तर्गत प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

मंगलवार को कार्यक्रम में यह राशि प्रथम चरण के लिये वितरित की गयी है। अन्य प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर बाकी प्रभावित किसानों को भी राशि जल्द ही वितरित की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राज्य सरकार हरसंभव सहायता उपलब्ध कराती है। हमलोग आपदा पीड़ितों की सहायता के लिये लगातार तत्पर रहते हैं। आज प्रथम चरण में आयी बाढ़ से प्रभावित किसानों के खाते में राशि अंतरित की गयी है। शेष प्रभावित किसानों के खाते में राशि यथाशीघ्र अंतरित करायें।आपको बता दें हाल ही में केंद्रीय टीम ने भी बिहार में बाढ़ से हुए नुकसान का आंकलन किया था। बाढ़ आने के बाद बिहार सरकार की ओर से 3.21 लाख बाढ़ पीड़ितों के खाते में 7-7 हजार रुपए के हिसाब से 225.25 करोड़ की सहायता पहले भी दी जा चुकी है। इसके अलावा फसल क्षतिपूर्ति के लिए 491 करोड़ दिए गए हैं। 30 जिलों के करीब 20 लाख पीड़ितों की मदद के लिए 605 करोड़ खर्च हो चुके हैं।

बिहार में रबी महाअभियान का आगाज

## मुख्यमंत्री ने जागरूकता वाहनों को दिखाई हरी झंडी



निज संवाददाता | पटना

बिहार में रबी महाअभियान का आगाज किया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग से रबी महाभियान 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर किसान जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान चार कृषि ज्ञान वाहन एवं 18 किसान जागरुकता वाहनों को रवाना किया गया। रबी-2024 की सफलता के लिये रबी महाभियान की शुरूआत की जा रही है।

इस महाभियान में किसानों को रबी मौसम से संबंधित कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जायेगी, साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन एवं खेतों में फसल अवशेष को जलाने से मिट्टी एवं पर्यावरण को होनेवाले नुकसान के प्रति जागरूक किया जायेगा। किसानों को रबी फसलों की तकनीकी जानकारी, जैविक खेती को प्रोत्साहन, मौसम के अनुकूल कृषि कार्यक्रम एवं फसल विविधिकरण से संबंधित जानकारी दी जायेगी। किसानों को चतुर्थ कृषि रोड मैप के विभिन्न आयामों की भी जानकारी दी जायेगी।

## 217 युवाओं को प्रधानमंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र

कहा- आप सभी की डबल दिवाली मनेगी, स्वरोजगार के भी अवसर बना रही है सरकार

निज संवाददाता | पटना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मंगलवार को भारत विकसित भारत बन रहा है। वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित भारत होगा और भारत को विकसित बनाने में आप सभी नव चयनित युवाओं की भागीदारी होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धनतेरस के मौके पर देश भर के 51,236 नव चयनित युवाओं को रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति पत्र दिया है। सबसे अधिक हरियाणा के युवाओं को नियुक्ति पत्र मिला है। पटना के 217 युवाओं को पत्र मिला।

इन नियुक्तियों में राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय जैसे विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केंद्र सरकार में एसएससी, एनटीपीसी सहित विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी पाने वाले हैं। नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी पटना के सरदार पटेल भवन के ऑडिटोरियम में मौजूद रहे। पटना में केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी और बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा मौजूद रहें।

पटना में कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत विकसित भारत बन रहा है। वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित भारत होगा और भारत को विकसित बनाने में आप सभी नव चयनित युवाओं की भागीदारी होगी। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी की डबल दिवाली मनेगी। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि भारत सरकार पिछली सरकार की अपेक्षा दोगुना सरकारी नौकरी दे रही है। साथ ही साथ स्वरोजगार के भी अवसर बना रही है।

## आयुष्मान योजना से 6 करोड़ बुजुर्गों को फायदा 70+ वालों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज




**नई दिल्ली(ए.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को धनतेरस और 9वें आयुर्वेद दिवस पर 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए 5 लाख रुपए का मुफ्त इलाज की सुविधा लॉन्च की। इसके तहत देश के 6 करोड़ बुजुर्गों को फायदा मिलेगा। दरअसल, केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) को विस्तार दिया और इसमें बुजुर्गों को शामिल किया है। इस दौरान दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद (एआईआईए) में मोदी ने सीनियर सिटीजन को आयुष्मान वय वंदन कार्ड सौंपा। पीएम ने कहा कि मैं दिल्ली और बंगाल के 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों से क्षमा मांगता हूं कि उनकी सेवा नहीं कर पाऊंगा। आपको कष्ट होगा, लेकिन मैं मदद नहीं कर पाऊंगा। कारण- दिल्ली और बंगाल की सरकार इस योजना से नहीं जुड़ रही है। माफी मांगता हूं कि देशवासियों की सेवा कर पा रहा हूं, लेकिन राजनीतिक स्वार्थ दिल्ली-बंगाल में सेवा नहीं करने दे रहा। मेरे दिल में कितना दर्द होता होगा, मैं शब्दों में बयां नहीं कर पाऊंगा। मोदी ने 29 अक्टूबर को 12,850 करोड़ के हेल्थ प्रोजेक्ट्स उद्घाटन किया। पीएम ने वर्चुअली मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, बिहार समेत 18 राज्यों में हेल्थ प्रोजेक्ट्स लॉन्च हुए। इसके साथ उन्होंने ऋषिकेश, एम्स से देश की पहली एयर एंबुलेंस संजीवनी की शुरुआत भी की। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे फेज का प्रोजेक्ट मॉडल देखा। इसमें पंचकर्म हॉस्पिटल, आयुर्वेदिक फार्मेसी, लाइब्रेरी, आईटी और स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन सेंटर और 500 सीटों वाला ऑडिटोरियम शामिल है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे फेज का प्रोजेक्ट मॉडल देखा। इसमें पंचकर्म हॉस्पिटल, आयुर्वेदिक फार्मेसी, लाइब्रेरी, आईटी और स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन सेंटर और 500 सीटों वाला ऑडिटोरियम शामिल है।

## वायु और ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अद्वितीय नाट्य कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | पटना



राज्य में वायु और ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक शानदार नाट्य प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में कुल 14 जिलों में तीन दिनों तक प्रतिदिन चार विभिन्न स्थलों पर नाट्य प्रस्तुतियां दी जा रही हैं, जिससे जनमानस में प्रदूषण के खतरों के प्रति सजगता लाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रथम चरण की शुरुआत 24 अक्टूबर 2024 से हुई, जिसमें 26 अक्टूबर तक 8 जिलों में कुल 96 नाट्य प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान, कलाकारों ने विभिन्न नुक्कड़-नाटकों के माध्यम से वायु और ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों को दर्शाया। द्वितीय चरण का आरंभ 27 अक्टूबर 2024 से हुआ, जो आज 29 अक्टूबर 2024 तक जारी रहा, जिसमें राज्य के 6 जिलों में नाट्य प्रदर्शन किया गया। आज के अंतिम दिन, कुल 32 स्थानों पर नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया गया। इस दिन का उद्देश्य जनसामान्य को प्रदूषण के खतरों के बारे में जागरूक करना और उन्हें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना था। नाट्य प्रदर्शन के माध्यम से कलाकारों ने यह संदेश दिया कि स्वस्थ वातावरण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। इस नाट्य कार्यक्रम के छायाचित्र संलग्न हैं, जो दर्शाते हैं कि कैसे कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से जन जागरूकता को एक नया आयाम दिया है। इस प्रकार के अभिनव प्रयासों से उम्मीद की जा रही है कि समाज में वायु और ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरूकता में वृद्धि होगी और लोग अधिक जिम्मेदार बनेंगे।

## बड़े निवेशकों के लिए लैंड बैंक बनाने की तैयारी, जल्द शुरू होगा जमीन अधिग्रहण

निज संवाददाता | पटना

बिहार अपने भावी निवेशकों के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए भूमि बैंक बना रहा है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की तैयारी चल रही है। जिला अधिकारियों को औपचारिक रूप से औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़े भूखंडों की पहचान करने को कहा गया है, ताकि सरकारी नियमों और विनियमों के तहत भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई की जा सके।

बिहार में इस समय निवेश योग्य भूमि बैंक में करीब 1500 एकड़ जमीन ही बची है। उद्योग विभाग की मंशा राष्ट्रीय राजमार्गों और यातायात के लिए बेहद सुविधाजनक स्थानों पर 100 एकड़ या उससे अधिक भूमि को प्राथमिकता देने की है। फिलहाल बिहार में 50-100 एकड़ के भूखंड लगभग नहीं हैं। इसलिए विभाग बड़े निवेशकों की मांग को पूरा करने के लिए भविष्य की योजना पर काम कर रहा है। समय रहते भूमि बैंक तैयार करने पर विभाग का पूरा ध्यान है। अगर उद्योग विभाग औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए जमीन अधिग्रहण नहीं कर पाता है तो वह लैंड पूलिंग के जरिए जमीन अधिग्रहण कर सकता है। हालांकि, भविष्य में जमीन अधिग्रहण करने का यह एक विकल्प है। इस विकल्प में किसानों से जमीन ली जाती है। सरकार औद्योगिक जरूरतों के हिसाब से उसका विकास करती है। इसमें किसान स्वेच्छा से जमीन देते हैं। नीति के तहत उन्हें मुआवजा आदि मिलता है। विकसित जमीन का कुछ हिस्सा किसान को वापस भी किया जाता है।

## पटना में टैक्स असिस्टेंट पर तलवार से हमला

**पटना (नि.सं.)।** पटना के आयकर भवन में मंगलवार को टैक्स असिस्टेंट प्रमोद कुमार पर जानलेवा हमला हुआ है। आयकर कार्यालय अधीक्षक के ड्राइवर सुमन ठाकुर ने तलवार से हमला कर उनकी उंगुली काट दी। गर्दन और गर्दन पर भी वार किया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। है जिस तलवार से हमला किया गया था, उसे भी बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि इनकम टैक्स कार्यालय में आज ज्ञान कक्ष का उद्घाटन समारोह था। इस कार्यक्रम में वरीय अधिकारी भी पहुंचे थे। इसी दौरान चालक तलवार लेकर पहुंचा और जय महाकाल बोलते हुए हमला कर दिया।







बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गुरपा से शराब के मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**फतेहपुर।** गुरपा थाना की पुलिस ने सोमवार को शराब तस्करी के मामले में फरार अभियुक्त भोला यादव को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गुरपा थाना क्षेत्र के कोड़या गांव के रहने वाले भोला यादव के खिलाफ 22 मई को बिहार मधनिषेध अधिनियम के तहत गुरपा थाना में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसके बाद से वह पुलिस की पकड़ से फरार चल रहा था। उसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मंगलवार को जेल भेज दिया जाएगा।

### छठ घाटों पर विशेष रूप से साफ-सफाई करने का निर्देश

**बोधगया।** प्रखंड के इटरा पंचायत स्थित राजेंद्र पुस्तकालय चेरकीडीह में सोमवार की शाम को स्वच्छता को लेकर एक बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता इटरा पंचायत के मुखिया महेंद्र यादव ने की। बैठक में उन्होंने बताया कि दीपावली और छठ पर्व को लेकर पंचायत के सभी गांवों में साफ सफाई के साथ-साथ छठ घाटों पर विशेष रूप से साफ सफाई करने का उपस्थित पर्यवेक्षक और सफाई कर्मियों को निर्देश दिया है।

### मनोरमा के पक्ष में लोजपा के नेताओं ने किया दौरा

**गया।** बेलागंज विधानसभा के उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी मनोरमा देवी के पक्ष में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के नेताओं ने गांवों में दौरा किया। लोजपा की टीम बेलागंज के कंचनपुर, शाहबाजपुर कामलपुर खिदरपुरा, तकयापर, बिशुनपुरा, मोरगांव, काजीदौलतपुर, नंदूबिगहा आदि गांव का भ्रमण कर एनडीए प्रत्याशी मनोरमा देवी के पक्ष में वोट मांगे, ताकि बेलागंज का चौमुखी विकास हो सके। मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार सिंह, पूर्व मुखिया रामनरेश सिंह, बेलागंज के प्रभारी पुणदेव शर्मा,अनिकेत विश्वकर्मा, शांतनु कुमार, सौरभ कुमार उर्फ गोलू शर्मा, गौतम आदि मौजूद थे।

### स्कूल अवधि में घूमने पर शिक्षक को शोकॉज

**बिहारशरीफ।** जिला शिक्षा कार्यालय में विद्यालय अवधि में घूमना एक शिक्षक को महंगा पड़ गया। डीपीओ स्थापना आनंद शंकर ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय झरगांवा इसलामपुर के शिक्षक संजय कुमार भारती कार्यालय में प्रायः उपस्थित रहकर कार्यालय कर्मियों के साथ अनावश्यक रूप से मिलते-जुलते पाए गए हैं। यह विभाग के निर्देशों का सख्त उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि शिक्षक से दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। समय पर जवाब प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अनुशासनिक कार्रवाई प्रारम्भ की जाएगी। इस मामले में विभाग ने सख्त कार्रवाई की बात कही है।

### मरसुआ गांव में करंट से युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** बेन थाना क्षेत्र के मरसुआ गांव में रविवार की शाम करंट से युवक की मौत हो गई। मृतक सुरेंद्र वर्मा का 30 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना कैसे हुई इसका पता किसी को नहीं है। चिंताजनक हालत में युवक को सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। नगर थाना पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा, उसे परिवार के हवाले कर दी।

### मानपुर के लाल ने फ्रेंच बॉक्सिंग में सिल्वर मेडल जीत लहराया परचम




**मानपुर।** मुजफ्फरपुर में बीते 25-27अक्टूबर तक डॉ जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज में राज्य स्तरीय पांचवीं ऐसाउट गेम चैंपियनशिप 2024 आयोजित हुई। जिसमें मानपुर स्थित भूसूंडा बालापर निवासी अजय प्रसाद के बेटे दीपक कुमार सिल्वर मेडल जीत के गया जी का नाम रौशन किया। अपने लाल के इस कामयाबी से एक तरफ जहा परिवार में बधाई देने वालों का तांता लगा है वही दूसरी तरफ जगजीवन कॉलेज के एबीबीपी में जश्न है। बताया जाता है कि दीपक एबीवीपी मानपुर नगर इकाई के खेलो भारत का प्रमुख है। इस अवसर पर दीपक के कोच गांधी नगर निवासी बिरज कुमार ने कहा कि दीपक एक मात्र खिलाड़ी है जो वर्ष 2022में मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट रहा है।वर्तमान समय में जगजीवन महाविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए स्लम एरिया के बच्चों को निःशुल्क कराटा और डांस सिखाता है।

### होटल की तीसरी मंजिल से गिरा लाइट मिस्त्री, गंभीर



**बोधगया।** बोधगया थाना क्षेत्र के भागलपुर मोड़ के पास स्थित एक होटल में सोमवारी की दोपहर को एक लाइट मिस्त्री, लाईट लगाने के दौरान होटल के तीसरे मंजिल से गिर गया। जिसके बाद उसे आनन-फानन में राजापुर स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे ललाट से नाक तक आठ टाके लगाए। पीड़ित की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है। चिकित्सक ने उसे जल्द से जल्द पटना या रांची लेकर जाने की सलाह दी। होटल के तीन मंजिले से मुंह के बल गिरने के कारण युवक के ललाट से नाक तक फट गया। कमर की हड्डी टूटने का चिकित्सक अनुमान लगा रहे हैं। गिरने के कारण दाया पैर व एक हाथ टूट गया है। माथे में भी काफी चोटें आईं हैं। पुलिस को इसकी जानकारी नहीं हो, इसको लेकर होटल के सामने फैले खून के धब्बे को जल्द से पानी से धोया गया।

### ज्ञान भारती के छात्रों ने कराटे में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गया।** बोधगया स्थित ज्ञान भारती आवासीय परिसर के छात्रों ने गया में आयोजित प्रथम ओपन डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में 42 गोल्ड और 7 सिल्वर जीतकर जिले में अपना दबदबा कायम किया। इस प्रतियोगिता में गोविंद शर्मा, अभयानंद राज, रामू कुमार, प्रियांशु कुमार, आयुष राज, रविराज, शुभम राज, आदिराज, हर्ष राज और विपिन कुमार ने विभिन्न् आयु वर्ग के कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। वहीं आयुष राज, आयुष कुमार, सुधांशु साव, शिव शक्ति कुमार और आदित्य राज ने सिल्वर पदक पर अपना कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को विद्यालय के निदेशक रोमित कुमार ने बधाई दी है। सफल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार ने कहा कि यह केवल प्रतियोगिता मात्र नहीं है। बल्कि कराटे आत्मरक्षा का साधन है। कराटे बच्चों को आत्मरक्षा में और आत्मविश्वास विकसित करने में बच्चों को मूल्यवान कौशल सिखाता है।

### मुन्नालाल महेशलाल आर्य ज्वेलर्स में लुभा रही गोल्ड परचेज स्कीम

**बिहारशरीफ।** धनतेरस व दीपावली को लेकर शहर के चौक बाजार स्थिति मुन्नालाल महेशलाल आर्य ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्राहकों को विशेष ऑफर दिया जा रहा है। यहां आम हो या खास सभी के लिए ऑफर है। यहां गोल्ड परचेज स्कीम लाया गया है। जिसके तहत सोने का आभूषण बनाने पर मेकिंग चार्ज नहीं लिया जा रहा है। इसके अलावे यदि ग्राहक हर महीने एकमुश्त 5000 या इससे अधिक राशि संस्थान में जमा करते हैं तो एक साल के बाद ग्राहक उस जमा राशि के बराबर सोने का गहना बनवा सकते हैं जिस पर मेकिंग चार्ज नहीं लिया जाएगा। प्रतिष्ठान के निदेशक सुभाष कुमार ने बताया कि मुन्नालाल महेशलाल आर्य ज्वेलर्स सिर्फ एक दुकान ही नहीं बल्कि ग्राहकों के लिए विश्वास का दूसरा नाम भी है।

## दीपावली पर गया के अस्पतालों में खास इंतजाम

# 50 अतिरिक्त बेड और 10 एंबुलेंस तैनात, बर्न यूनिट्स पर खास नजर

निज संवाददाता। गया

गया में दीपावली के मौके पर संभावित दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। सिविल सर्जन प्रभात कुमार ने बताया कि जिले के प्रमुख अस्पतालों में 50 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई है। खासतौर पर बर्न यूनिट्स में ज्यादा अच्छे से व्यवस्था है। गया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल(GMCH) में बर्न इंजरी के मामलों के लिए अलग से 20 बेड रिजर्व किए गए हैं। सिविल सर्जन कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, जिले के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHCs और CHCs) में भी 24 घंटे 30 अतिरिक्त डॉक्टरों और 60 स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही शहर में 10 एम्बुलेंस तैनात की गई है। ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। एंबुलेंस सेवाओं के लिए 5 नए वाहनों को तैयार किया गया है, जो जिले के प्रमुख इलाकों में गश्त करेंगे। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल दीपावली के दौरान 100 से अधिक पटाखों से जुड़ी दुर्घटनाएं सामने आई थीं। इस बार प्रशासन का लक्ष्य इस आंकड़े को




कम करना है, जिसके लिए जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। पटाखों से उत्पन्न वायु और ध्वनि प्रदूषण से निपटने के लिए भी विशेष टीमें बनाई गई हैं। खासकर सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए मेडिकल स्टाफ को तैनात किया गया है। प्रशासन के अनुसार, जिले के सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन सिलिंडर और जीवनरक्षक दवाओं का पर्याप्त भंडारण किया गया है। डीएम डॉ त्यागराजन का कहना है कि इस बार की तैयारी पिछले साल की तुलना में ज्यादा प्रभावी और मजबूत है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को समय रहते संभाला जा सके।

## निगम कार्यालय पर वार्ड पार्षदों ने दिया धरना

निज संवाददाता। नालंदा




बिहारशरीफ नगर निगम के मुख्य द्वार पर मंगलवार को एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला, जहां जल संकट से त्रस्त विभिन्न वार्डों के पार्षदों और उनके जनप्रतिनिधियों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन शहर में बढ़ती जल समस्या को लेकर किया गया। वार्ड-16 के पार्षद प्रतिनिधि आशीष कुमार के अनुसार, अंबर मोहदीनगर, नई सराय, उचकापर, पंच आंगनवा और महारानी गली में जल आपूर्ति की स्थिति बेहद गंभीर है। "जनप्रतिनिधि होने के नाते हमें लोगों का गुस्सा झेलना पड़ रहा है। त्योहारों के मौसम में यह समस्या और भी विकराल रूप ले चुकी है।चिंताजनक यह है कि सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर नल' योजना के क्रियान्वयन में गंभीर खामियां सामने आई हैं। वार्ड पार्षद पप्पू यादव ने इस संबंध में खुलासा किया कि मुख्य संवेदक कभी साइट पर नहीं आएं और सारा काम पेटी कॉन्ट्रैक्टरों के भरोसे छोड़ दिया गया, कार्य में व्यापक अनियमितताएं पाई गई हैं। वर्तमान में वार्ड नंबर-14 के जलमीनार से होने वाली जलापूर्ति भी अपर्याप्त साबित हो रही है। प्रदर्शनकारी पार्षदों का कहना है कि जब तक समस्या के समाधान का लिखित आश्वासन नहीं मिलता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। विडंबना यह है कि संवेदक से संपर्क करने के प्रयास भी विफल रहे हैं, क्योंकि वे फोन कॉल्स का जवाब देने से कतरा रहे हैं। यह स्थिति शहर के लगभग सभी वार्डों में देखी जा सकती है, जिससे आम नागरिकों के दैनिक जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि बुडको और संवेदक को बुलाया गया है। जो भी परेशानी है। वो दूर कर ली जाएगी।

◆ पानी की समस्या को लेकर जताया विरोध, कार्य में अनियमितता का लगाया आरोप

## लोजपा नेता हत्याकांड के आरोपी के रिश्तेदार को मारी गोली

निज संवाददाता। गया



गया में सोमवार की रात लोजपा नेता अनवर खान हत्याकांड के मुख्य आरोपी फोटो खान के भाई के साले भोलू खान पर जानलेवा हमला हुआ। भोलू पर अपराधियों ने 14 गोलियां बरसाईं। 5 हमलावर स्कॉर्पियो से आए थे। गोलीबारी में भोलू को 2 गोलियां लगीं हैं। भोलू अपनी गाड़ी में अकेला था। घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच शुरू हो गई है। मौके से 5 खोखे बरामद हुए हैं। बाकी गोलियां जमीन पर पड़ी मिलीं। घटना चंडौती थाना क्षेत्र की है।

**24 घंटे पहले फोटो खान की जमानत हुई थीः** वारदात के बाद भोलू को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसे एक गोली बाएं पंजरे में लगी और दूसरी दाएं सोल्डर पर लगी है। घायल को पटना रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने उसकी गाड़ी जब्त कर लिया है। दरअसल फोटो खान की जमानत 24 घंटे पहले ही शेरघाटी कोर्ट से हुई थी। वह अनवर खान हत्याकांड में पिछले डेढ़ साल से जेल में बंद था। जमानत मिलने के बाद वो विदेश चला गया। पुलिस ने इस मामले में शहर के अलीगंज इलाके से एक युवक को हिरासत में लिया है। चंडौती थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच हो रही है। अपराधियों की पहचान की कोशिश में है।

# पावापुरी महोत्सव को लेकर कड़े इंतजाम 30-31 अक्टूबर को नालंदा में आयोजन

निज संवाददाता। नालंदा

पावापुरी में 30 और 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पावापुरी महोत्सव 2024 की तैयारियां जोरों पर हैं। नालंदा के उप विकास आयुक्त श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान के पास स्थित मैदान में होने वाले इस दो दिवसीय महोत्सव में विभिन्न सरकारी विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। स्वास्थ्य विभाग से लेकर जीविका, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास अभिकरण, आईसीडीएस, मद्य निषेध, कृषि एवं पंचायती राज विभाग अपने-अपने स्टॉल के माध्यम से जन-जागरूकता का प्रसार करेंगे। श्रीकांत खांडेकर ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। महोत्सव स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता, और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने मैदान की लाइटिंग व्यवस्था और रंग-रोगन कार्यों को समय पर पूरा करने का भी निर्देश दिया। कार्यक्रम के पहले दिन की शाम आस्था जैन भक्ति गायन से शुरू होगी।



## एशियन हॉकी चैंपियनशिप में इंट्री फ्री

निज संवाददाता। बिहारशरीफ

राजगीर में 11-20 नवम्बर तक आयोजित होने वाली एशियन वीमेंस हॉकी चैम्पियनशिप के तहत होने वाले मुकाबले को आम से लेकर खास तक बिल्कुल फ्री में देख सकेंगे। इसके लिए निःशुल्क टिकट की व्यवस्था की गई है। लेकिन शर्त यह है कि टिकट की बुकिंग ऑनलाइन होगी। ऑनलाइन टिकट बुक कर कोई भी व्यक्ति स्टेडियम में बैठकर खेल का आनंद ले सकेगा । इसके लिए हॉकी इंडिया द्वारा एप तैयार किया गया है। इसके अलावा बार कोड भी जारी किया जाएगा। बार कोड को बैनर व होर्डिंग के माध्यम से भी प्रचारित किया जाएगा, ताकि कहीं से कोई भी व्यक्ति स्कैन कर टिकट बुक करा सके। क्षमता को देखते हुए बुकिंग जरूरी : आयोजन के नोडल पदाधिकारी सह नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि स्टेडियम में दर्शकों के बैठने की क्षमता को देखते हुए ऑनलाइन टिकट बुकिंग की व्यवस्था की गई है। स्टेडियम में करीब ढाई हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है। टिकट बुक करने की व्यवस्था से क्षमता से अधिक भीड़ नहीं जुटेगी और प्रशासन के पास भी आने वाले लोगों की संख्या और उनके बारे में पूरी जानकारी होगी। प्रति दिन शाम 3 बजे से 8 बजे रात्रि तक मैच होंगे। सभी टीमों के मैच प्रति दिन होंगे। भारत का मैच तीसरे शिफ्ट में होगा। एप से मिलेगी जानकारी नगर आयुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा भी एक एप तैयार किया जा रहा है जिसपर राजगीर के ऐतिहासिक, धार्मिक स्थलों के साथ-साथ खेल परिसर तक जाने का रास्ता सहित अन्य जरूरी जानकारियां मिलेंगी। कुछ ऐसेलोग भी आएंगे जिन्हें राजगीर व खेल मैदान के बारे में जानकारी नहीं होगी। वे लोग एप की मदद से जानकारी ले सकेंगे। 3 नवम्बर तक एप को लांच कर दिया जाएगा। 4 से 10 नवम्बर तक चलेगी ट्रॉफी प्रदर्शनी नगर आयुक्त ने बताया कि 3 नवम्बर को शाम तक नालंदा में ट्रॉफी पहुंच जाएगी। 4-10 नवम्बर तक जिले के प्रमुख स्थलों पर प्रदर्शनी लगाकर लोगों को ट्रॉफी दिखाई जाएगी।

## हत्याकांड में फरार पिता-बेटा सूरत से गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा पुलिस ने नूरसराय थाने के दो टॉप-10 अपराधियों को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों अपराधी पिछले साल जुलाई में हुई एक हत्या मामले में फरार चल रहे थे। दोनों आपस में पिता-पुत्र हैं। सदर डीएसपी-टू संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सिधेश्वर यादव के पुत्र मैथू गोप और मैथू गोप के पुत्र अशोक कुमार के रूप में हुई है। दोनों अतबलबिगहा, थाना थरथरी, नालंदा के निवासी हैं। दोनों अपराधियों पर 18 जुलाई 2023 को नूरसराय बाज़ार के हिलसा मोड़ पर राजीव कुमार की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। मामले में पहले ही दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका था। जांच में सामने आया है कि इन दोनों अपराधियों के खिलाफ नालंदा जिले के विभिन्न थानों में 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या का प्रयास, शराब तस्करी, महिलाओं के साथ छेड़छाड़, और अवैध हथियारों से संबंधित मामले शामिल हैं। नूरसराय के पुलिस अवर निरीक्षक कृष्ण कन्हैया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर इन अपराधियों को ट्रैक कर सूरत से गिरफ्तार किया।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) के प्रावधान हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एमपीएस-24-2, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण और ई-नीलामी की तिथि और समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1,** एमपीएस-एएसएन-यूकेए-एमपीएस-8-24-1, **उखड़ा** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 1 पर प्लेटफॉर्म शेड के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन। अनारक्षित के लिए निर्दिष्ट (कोई भी), 18.11.2024, 12.30 बजे। **एए/2,** एमपीएस-एएसएन-एसयूआरआई-एमपीएस-10-24-1, **सिउड़ी** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 2-3 पर, प्लेटफॉर्म शेड से सांइथिया सिरे तक 15 मीटर, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन। अनारक्षित के लिए निर्दिष्ट (कोई भी), 18.11.2024, 12.40 बजे। **एए/3,** एमपीएस-एएसएन-जेएसएमई-एमपीएस-13-24-1, **जसीडीह** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 2-3 पर मास्ट नं. 322/23 के पास (24.44 मीटर दूर) 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन। अनारक्षित के लिए निर्दिष्ट , 18.11.2024, 12.50 बजे। **एए/4,** एमपीएस-एएसएन-केजेएमई-एमपीएस-7-24-1, **काजोड़ाग्राम** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 1 पर स्टेशन मास्टर कार्यालय के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन। अनारक्षित के लिए निर्दिष्ट (कोई भी), 18.11.2024, 13.00 बजे। **एए/5,** एमपीएस-एएसएन-एसटीएल-एमपीएस-12-24-1, **सिमुलतला** रेलवे स्टेशन पर पुराने सर्कुलेटिंग एरिया एवं पुराने स्टेशन बिल्डिंग (पूर्वी भाग) के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन। अनारक्षित के लिए निर्दिष्ट (महिला), 18.11.2024, 13.10 बजे। **एए/6,** एमपीएस-एएसएन-केएमएमई-एमपीएस-11-24-1, **कुमारधुबी** रेलवे स्टेशन के उद्यान के पास सर्कुलेटिंग एरिया पर 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन। अनुसूचित जाति के लिए निर्दिष्ट , 18.11.2024, 13.20 बजे। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को ऊपर दी गई सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-206/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/24/62, दिनांकः 28.10.2024,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** : **(1) 15245009बी,** एएमएफ पैनल के साथ डीजल जेनरेटिंग सेट 500 केवीए की आपूर्ति, संस्थापन एवं आरंभ करना आदि, रु. 1,21,000/-. **(2) 20245009;** ईएमयू/एमईएमयू, मोटर टाइप 48-45-6 के लिए पिनियन के साथ 3-फेज ट्रैक्शन मोटर, रु. 7,06,930/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.11.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु] **(3) 08241114;** कार्बन ब्रश का क्रय, रु. 2,78,670/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.11.2024, **समय :** 13.30 बजे **(4) 05241072ए;** आईएसः309/2023 (पाँचवें संशोधन) के अनुसार लिक्विड ऑक्सीजन का क्रय, शुद्धता परिमाण के आधार पर न्यूनतम 99%, रु. 17,31,120/- **(5) 15245078;** कम्प्यूटर आधारित मेजरिंग एवं रिकॉर्डिंग सिस्टम आदि के साथ व्हील प्रेस का क्रय, रु. 4,74,340, **निविदा खुलने की तिथि:** 19.11.2024, **समय** : 13.30 बजे [क्रम सं. 4 एवं 5 हेतु]. **(6) 15245085;** एक्सेसरीज (आई) के साथ ओसीटी एंजियोग्राफी का क्रय, रु.1,90,400/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.11.2024, **समय :** 13.30 बजे **(7) 12245345,** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-8838 के तहत टीडब्ल्यूएसईजे के लिए स्पेशल स्लीपर के क्रय हेतु रनिंग कॉन्ट्रैक्ट, रु. 8,64,860/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 22.11.2024, **समय :** 13.30 बजे **(8) 11241121,** भारतीय रेलवे के तहत डिस्क ब्रेक सिस्टम के साथ सज्जित एलएचबी टाइप कोचों के लिए नॉन-एस्बेस्टस आधारित ऑर्गेनिक ब्रेक पैड, रु. 18,01,800/-, **निविदा खुलने की तिथि :** 26.11.2024, **समय :** 13.30 बजे **(9) 08241103,** 25 केडब्ल्यू ब्रशलेस अल्टरनेटर आदि के लिए एक्सल पुली असेंबली का क्रय, रु. 1,56,750/- **(10) 15245086,** मंडल रेलवे अस्पताल, आसनसोल में मॉड्युलर ओटी, रु. 1,32,860/- **निविदा खुलने की तिथि:** 02.12.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 9 एवं 10 हेतु] **(11) 14241091ए,** आईआरएसः एस-88-2004 (नवीनतम तिथि तक संशोधन, यदि कोई है) के समरूप हार्ड रबर कंटेनर में लीड एसिड सेल, 2 वोल्ट का क्रय आदि, रु. 1,12,190/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 09.12.2024, **समय :** 13.30 बजे **(12) 07241083ए,** आरडीएसओ के स्पेसि. नं. सी-9407, टाइप-।।, (रिव. 03 ऑफ फरवरी 2007) के तहत 4 संशोधन-अंतिम संशोधन स्लिप नं.-4 जुलाई-2019 में जारी एवं जून 2015 की शुद्धिपत्र सं.-1 के साथ साइजः (3350 +/-10 मिमी.)x(770+/-5 मिमी.)x12 मिमी में एक सरफेस पर वुड आधारित इम्प्रेग्नेटेड कम्प्रेस्ड लैमिनेट चेकर्ड डिजाइन का क्रय, रु. 6,00,350/- , **निविदा खुलने की तिथि :** 12.12.2024,**समय :** 13.30 बजे **(13) 15245049,** ईओटी क्रेन, क्षमता 25 टन की आपूर्ति, संस्थापन एवं आरंभ करना आदि, रु.1,39,880/-, **निविदा खुलने की तिथि :** 16.12.2024, **समय :** 13.30 बजे **(14) 07241070,** मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड का क्रय, क्लास-एम5, कोटिंग की किस्मः हेवी, स्पेसिफिकेशन आईआरएसःएम-28/2020 और एसटीआरः आरडीएसओ एमसी एसटीआर डब्ल्यू 01 रिव 03 के अनुसार, कोड आईएसः5206-2013 के अनुसार, साइजः4 मिमी x350 मिमी, रु. 1,00,830/-, **निविदा खुलने की तिथि :** 23.12.2024, **समय :** 13.30 बजे **(15) 05241283ए,** सर्वोप्लेक्स एसएचसी-120 (आईओसीएल) ग्रीस का क्रय, रु. 2,99,390/-, **निविदा खुलने की तिथि :** 22.01.2025, **समय :** 13.30 बजे। **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 15 हेतु]। **टिप्पणीः** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-53/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना
No.: RS-VTL-AMC-WCC-DDU

व०मं०यॉ०अभि० (समाडि)/पू०म०रे०/डी०डी०यू०, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक ऐजेंसी/ठीकेदार से खुली ई-निविदा सं०**RS-VTL-AMC-WCC-DDU** दिनांकः 25/10/2024 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न हैः (1) **कार्य का विवरण:** 03 वर्षो के लिए वीटीएल मशीन मॉडल वीवीआई 16 की व्यापक एएमसी का कार्य। (2) **कार्य का अनुमानित मूल्यः** Rs. 22,58,415.40/- (बाईस लाख अंठावन हजार चार सौ पंद्रह एवं चालीस पैसा मात्र)। (3) **धरोहर राशिः** Rs. 45,200/- (रूपया पैंतालीस हजार दो सौ मात्र)। (4) **निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि :** ई निविदा दिनांकः 04.11.2024 से 18.11.2024 तक समय 13:00 बजे तक। (5) **वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पताः** IREPS Website: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual Offer स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। **नोटः** विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

व० मं० यॉ० अभि० (समाडि)
पूर्व मध्य रेल, डी०डी०यू०

पीआर/01414/डीडीयू/एमईसीएच/टी/24-25/32

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना
No.: RS-ROH-DDU-2023

व०मं०यॉ०अभि० (समाडि)/पू०म०रे०/डी०डी०यू०, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक ऐजेंसी/ठीकेदार से खुली ई-निविदा सं०**RS-ROH-DDU-2023-R** दिनांकः 25/10/2024 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न हैः (1) **कार्य का विवरणः** 4500 वैगनों का आरओएच पीबी आइटम नं 1271/2023-24 का कार्य। (2) **कार्य का अनुमानित मूल्यः** Rs. 6,45,67,602/- (रू. छः करोड़ पैंतालीस लाख सड़सठ हजार छः सौ दो मात्र)। (3) **धरोहर राशिः** Rs. 4,72,900/- (रू. चार लाख बहत्तर हजार नौ सौ मात्र)। (4) **निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि :** ई निविदा दिनांकः 04.11.2024 से 18.11.2024 तक समय 17:00 बजे तक। (5) **वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पताः** IREPS Website: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual Offer स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। **नोटः** विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

व० मं० यॉ० अभि० (समाडि)
पूर्व मध्य रेल, डी०डी०यू०

पीआर/01413/डीडीयू/एमईसीएच/टी/24-25/32

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा संख्याः सीआरडब्ल्यू-एचआरटी-मेक पाइपलाईन-2

उप मुख्य यॉंत्रिक अभियंता-II, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः (1) **कार्य का नाम एवं स्थानः** सीआरडब्ल्यू/एचआरटी में इच्छित स्थान पर डब्ल्यूआरपी से कार्यशाला तक पानी पहुंचाने के लिए जल मीटर का प्रावधान और नई पाइप लाइन का निर्माण। (2) **कार्य के लिए प्रावकलित राशिः** रू. 68,24,373.78 (रू. अडसठ लाख चौबीस हजार तीन सौ तिहत्तर और अठहत्तर पैसे मात्र)। (3) **निविदा प्रपत्र की राशिः** शून्य। (4) **अग्रधन की राशिः** रू. 1,36,500.00 (रू. एक लाख छतीस हजार पाँच सौ मात्र)। (5) **निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** निविदा ऑन लाइन **https://www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 15.11.2024 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी। (6) **बेबसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता हैः** निविदा सूचना, पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट **CRIS website: https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार-803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हो शुद्धि-पत्र वेबसाइट पर अपलोड होगा।

उप मुख्य यॉंत्रिक अभियंता
सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना हरनौत

पीआर/01408/एचआरटी/2/टी/24-25/40

# धनतेरस और दीपावली की जमकर हुई खरीददारी



निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

डेहरी, दिनारा, नासरीगंज, राजपुर, संझौली, काराकाट, दावथ, सूर्यपुरा, नोखा, कोचस, कारहगर, शिवसागर, चेनारी, तिलौथू, नौहट्टा, रोहतास से मिली खबर के मुताबित मंगलवार को धनतेरस के मौके पर जहां लैंडपोर्पटी, वर्तन, आभूषण, चांदी के सिक्के, कपड़ा, लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा, मोमबत्ती, इलेक्ट्रॉनिक जुगुनू, मिट्टी के खिलौना, सहित पटाखों आदि की खरीददारी हेतू बाजारों में लोगो की रेलमपेल की तरह भीड़ उमड़ी रही।वही बुधवार को भी धनतेरस होने के कारण बाजारों में खरीददारी हेतू लोगो की भीड़ रेलम पेलम की तरह रहेगी। जबकि मंगलवार को दुकानों पर भीड़ चरम पर रहा।जहां वर्तन, आभूषण के आलावा लक्ष्मी गणेश, की प्रतिमाए, पटाखा, मोमबत्ती तथा चीनी की मिठाईया, लावा वो मिट्टी के वर्तनो आदि की खरीददारी जमकर की गई। शहर के चप्पे चप्पे पर लावा, चीनी मिठाई, फूल बत्ती, सजावट समेत विभिन्न सामानों से सुसज्जित दुकान सज धजकर तैयार नजर आ रहे थे। जिधर नजर घुमाइये उधर मौजूद खरीददारों की भारी भीड़ नजर आ रही थी। वैसे जिले के सासाराम, बिक्रमगंज और डेहरी आदि प्रमुख शहर बाजार में लक्ष्मी गणेश के दुकानों सहित वर्तन, पटाखे व् मिठाई इत्यादि की दुकानों को काफी आकषर्क तरिके से सजाया गया था। बाजारों में महिलाओं की तदाद अधिक रही। जहां लक्ष्मी गणेश के आलावा कि चांदी के सिक्के, आभूषण वर्तन आदि की खरीददारी जमकर हुई। आकर्षक तरिके से सुसज्जित दुकाने बाजारों के रौनक में चार चाँद लगा रहे थे। विभिन्न देवी देवताओ के प्रतिमाओं पर बदलते परिवेश की छाप भी देखी जा रही थी तथा कई मूर्तियों पर नक्काशी भी की गई थी, जिसे सर्वत्र महंगाई भी बचा नही पाई।इसके वावजूद कुछ श्रदालु पीतल की मुर्तिया व चाँदी के सीके ही खरीददारी करने में अपना फायदेमन्द समझ रहे थे।क्योकि एक बार खरीद ली फिर खरीदने की जरूरत नही है। बाजारों में महंगी मूर्तियों केवल धनाढ्य वर्ग के लोगो को ही आकर्षित कर रही थी। वही सामान्य वर्ग साधारण स्तर के मूर्तियों की खरीददारी कर रहे थे। धनतेरस के मौके पर खास यह रहा कि विभिन्न सामाजिक संगठनों के अलावा सोशल मीडिया पर चीन द्वारा निर्मित इलेक्ट्रॉनिक के सामानों का बहिष्कार से सबंधित इधर से उधर हो रहे मैसेज व प्रदर्शन के वावजूद इसका खास असर पड़ते नही दिखलाई दिया। लोग दीपावली की रात अपने घरों पर रंग बिरंगे रौशनियों से सराबोर करने के लिए चाइनीज सामानों की खरीददारी जमकर किया।सर्वाधिक संख्या में सबसे ज्यादा झाड़ू की खरीददारी लोगो द्वारा किया गया ।अपुष्ट खबरों के मताबित संपूर्ण जिले में करीब लाखो,करोड़ो का कारोबार किया गया।

## तेज हुई पटाखों की बिक्री, गूंजने लगा शोर

चाँदनी रात में टिमटिमाती तारो के भाँति देशी घी से जगमगाने वाले दीपो का त्यौहार दीपावली की रात आने में महज अब कुछ ही घन्टे शेष रह गए है। शहर की सड़को से लेकर गांव व कस्बाई इलाकों के मुहल्ले में पटाखों की शोर अब गूंजने लगा है।पुरे दिन बाजारों में पटाखों की खरीददारी हेतू बच्चों युवक व महिलाओ की भीड़ लगी रही।आकषर्ण तरीके से सुसज्जित पटाखों की दुकान बाजारो में देखते ही बन रहा है।यह भीड़ 30 और 31 को और तेज होने की संभावना जताई जा रही है।मंगलवार को शहर अपने पूरे शबाब पर रहा।भीड़ इस कदर रहा कि सर्वत्र मगंगाई फीका रहा।पटाखा ब्यवसाइयो ने हर्ष ब्यक्त करते हुए बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष धनतेरस के अवसर पर पटाखों की बिक्री जमकर हुई एवं बुधवार तथा गुरुवार को यह बिक्री और होने की संभावना है। क्योंकि दीपावली की रात जहां टिमटिमाती तारो के भांति रौशनियों से सराबोर होगा वही आतिशबाजियों की तड़तड़ाहट से गूंजता रहेगा।

## धनतेरस की खरीददारी को ले बाजारों में रही चहल-पहल

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

मंगलवार को धनतेरस के अवसर पर बाजारों में काफी चहल-पहल देखी गई तो वहीं लोगों ने विभिन्न सामानों की खरीदारी की। बाजारों में झाड़ू कैलेंडर मोर पंख के साथ ही मिट्टी के दिए एवं पटाखे की दुकानें भी देखी गई ।हालांकि बाजारों में मोमबत्तियां तो जरूर दिखाई दी,लेकिन मिट्टी के दिए भी इस बार अपने पूरे आजमाइश पर है। लोग मोमबत्तियों के साथ मिट्टी के दिए खरीदते हुए भी अपने थैली को पकड़े दिखाई दिए। वहीं छोटे-छोटे टेंट को सजाकर मिठाइयों की दुकान भी सजाई गई थी जिन पर चीनी से बने मिठाई एवं लड्डू बहुतायत दिखाई दे रहे थे। फूलमाला एवं लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों से भी बाजार पटा हुआ दिखाई दिया।सौने चांदी के दुकान भी ग्राहकों से भरी दिखाई दिए। विभिन्न गाड़ियों के शोरूम पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी गई। पुरुष और महिला के साथ बच्चे भी अपने हिसाब से खरीदारी करते हुए देखे जा रहे थे तो वहीं दुकानदारों की व्यवस्तता यह बतला रही थी कि इस बार धनतेरस एवं दीपावली पर अच्छी आमदनी होने का संकेत है। हालांकि विदेशी लाइटों का बिक्री जरूर देखा जा रहा था लेकिन लोग महंगे लाइटों को कम और बल्ब आदि खरीदते हुए ज्यादातर दिखे। धनतेरस के संबंध में ऐसी मान्यता रही है कि इस दिन खरीदारी करने से माता लक्ष्मी का आगमन होता है। खासकर महिलाएं जहां झाड़ू खरीदती है तो वहीं मोर पंख का भी खरीदारी करना शुभ माना गया है। इस दिन घर में नए बर्तनों के प्रवेश को काफी शुभ माना जाता है।

# अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को ले पांच पर प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। बिजली चोरी के खिलाफ चलाये जा रहें विशेष अभियान के तहत प्रखंड-संझौली के ग्राम-राजाडीह एवं मिश्रवलिया मे अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर जुर्माना लगाते हुए पांच लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बताते चलें की मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर राजाडीह के उमेश चौधरी पर 12475, ददन चौधरी पर 14540, कामेश्वर चौधरी पर 4550, सुरेंद्र चौधरी पर 6866 रुपये राजस्व की क्षति लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर से पहले तार मे कटिंग करके, एक अतिरिक्त तार खिंचकर मीटर को बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी जिसके कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। ग्राम-मिश्रवलिया के महेंद्र सिंह का विद्युत कनेक्शन बकाया रहने के कारण कटने के उपरांत अवैध रूप से जलाने को लेकर 86083 रुपये जुर्माना लगायी गयी है। कनीय विद्युत अभियंता, संझौली प्रमुदित रक्त पटेल के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जो भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से आवेदन समर्पित कर विद्युत कनेक्शन ले लें तथा जो मीटर बाईपास कर विद्युत का उपभोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर ले अन्यथा जाँच के दौरान पाए जाने पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की विद्युत कनेक्शन लेने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। चालू माह मे कुल 43 व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिसमे जुर्माने की राशि 23.27 लाख अधिरोपित है।

## 40 लीटर देशी महुआ शराब बरामद, दो आरोपी फरार

**नौहट्टा/रोहतास (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के विशुनपुर बधार से पुलिस को 40 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ है। बताया गया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दो व्यक्ति, कैमूर पहाड़ी से शराब लेकर नीचे बेचने के लिए ला रहे है। वही पुलिस सूचना की पुष्टि हेतु बिशुनपुर बधार पहुंची। जहा पुलिस को अपनी ओर आता देख दोनों शराब धान में फेक फरार हो गए। वहीं पुलिस ने धान के खेत से 40 लीटर महुआ शराब बोरी में रखा हुआ बरामद किया। मामले में पुलिस ने शराब फेंक कर भागने वाले दोनों लोगों को सिनक्त किया जिनमें रामस्वरूप राम और जमुना रजवार को अभियुक्त बनाते हुए नौहट्टा थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई है नौहट्टा थाना अध्यक्ष मोहमद कलामुद्दीन ने बताया की बरामद शराब को विधिवत जब्त कर थाना लाया गया।

# महाप्रबंधक ने मुख्यालय में की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

### दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान यात्री सुविधा एवं सुरक्षा तैयारियों की भी की समीक्षा

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में संरक्षित रेल परिचालन, समय-पालन में आने वाली अड़चनों, यात्री सुविधा, चल रहे निर्माण परियोजनाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक में दीपावली एवं छठ महापर्व के दौरान क्राउड मैनेजमेंट, यात्री सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पूर्व मध्य रेल की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों को ट्रेनों



की प्रतीक्षा हेतु 06/07 नवम्बर, 2024 तक होल्डिंग एरिया बना लेने का निर्देश दिया ताकि प्लेटफॉर्म पर एक साथ अत्याधिक भीड़ न हो पाये एवं अपने ट्रेन के समयानुसार ही प्लेटफॉर्म पर प्रवेश करें। साथ ही उन्होंने स्टेशनों पर भीड़ की निगरानी हेतु वार रूम भी बनाने का निर्देश दिया तथा इस वार रूम से स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी को जोड़ने का निर्देश दिया ताकि स्टेशनों पर 24x7 निगरानी की जा सके। स्टेशनों पर अवश्यकतानुसार अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने, पूछताछ कार्यालय के कर्मचारियों को ट्रेनों के आवागमन से संबंधित अद्यतन जानकारी के साथ चौकस रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि नियमित आधार पर ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान की घोषणाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा दीपावली एवं छठ महापर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इस समीक्षा बैठक में मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे तथा पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियों कांफ्रेंसिग के माध्यम से जुड़े थे।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पुलिस जांच में जुटी

**नोखा (रोहतास) (नि. सं.)**। नोखा थाना क्षेत्र के थाना के पीछे प्रेम नगर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने कब्जे में शव को लेकर के पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना के बरे में बताया जा रहा है की नोखा थाना क्षेत्र के नगर परिषद नोखा में प्रेम नगर में वार्ड नंबर 20 में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान नगमा खातून पति अफजल अंसारी वार्ड 19की निवासी बताई जा रही है। पुलिस हर ममले में जांच में लगी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर के पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम भेज दिया।

# सतर्कता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)



**हाजीपुर (वैशाली)**। को धनबाद मंडल में शैलेश वर्मा, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद कमल किशोर सिन्हा के साथ एक सतर्कता कार्यशाला का आयोजन किया गया। सतर्कता कार्यशाला में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और मुख्य सतर्कता अधिकारी शैलेश वर्मा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक केस के बारे में बताया जिसमें नियमों का गलत एवं दुर्भावना से प्रेरित होकर व्याख्या की गयी थी। उन्होंने इस तरह के मामलों से सावधान रहने एवं निष्पक्ष रूप से कार्य करने की सलाह दी।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, धनबाद कमल किशोर सिन्हा ने कर्मचारियों की सुदृढ़ सत्यनिष्ठा पर जोर दिया और रेलवे नियमों और कामकाज की निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने रेलवे के कामकाज में पारदर्शिता लाने की बात भी कही। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कोडरमा और धनबाद रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों और आम लोगों को भ्रष्टाचार और उससे निपटने के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### आपसी विवाद में गोली लगने से एक युवक हुआ घायल

**कोईलवर।** नगर पंचायत कोईलवर के वार्ड नंबर 14 में जुए खेलने से उत्पन्न विवाद में एक 18 वर्षीय युवक ने गोली चला दी जिससे एक युवक जख्मी हो गया। जख्मी कोईलवर वार्ड संख्या चार निवासी मो रहमान का पुत्र छोटू खान बताया जाता है।पुलिस ने बताया कि यह घटना शाम पांच बजे कोईलवर नगर पंचायत इलाके में हुई। जब छोटू की झड़प 18 वर्षीय सुहैल अहमद उर्फ सोले से हो गई। आपसी झड़प में छोटू ने सुहैल को चाटा मारा जिससे बौखलाए सोले ने गोली चला दी जो छोटू के पेट में जा लगी। गोली की आवाज सुन पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। इधर खून से लथपथ जख्मी को लेकर परिवार वाले कोईलवर अस्पताल ले गए जहां प्राथमिक उपचार करा आरा के निजी नर्सिंग होम ले जाया गया। इस बाबत एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि जुए के विवाद में दोनों के बीच झड़प हुई है।उन्होंने बताया कि पुलिस जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लेगी।

### नशा मुक्ति केंद्र में करवाए इलाज : डॉ प्रवीण

**आरा।** तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0, के तहत सदर अस्पताल में तंबाकू व नशा मुक्त जागरूकता सह स्वास्थ्य जांच सिविल लगाया गया। नोडल पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार सिन्हा ने कहा कि पूरे देश में भारत सरकार द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है,जिसका शुभारंभ केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री,जेपी नड्डा ने 24 सितंबर को किया है। 60 दिवसीय यह कार्यक्रम 24 सितंबर से 23 नवम्बर तक चलाया जाना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है नशा के संबंध में जानकारी हमारे देश के युवाओं को देना है।

### विहंगम योग संस्थान ने किया 65 यूनिट रक्तदान

**आरा।** विहंगम योग संस्थान के सदस्यों ने रेडक्रास सोसायटी भवन में, संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के जन्मोत्सव पर रक्त दान किया । इस दौरान 65 रक्त वीरो ने रक्त दान किया। रक्तदान कार्यक्रम में बिहार राज्य समन्वयक सह दक्षिण बिहार महामंत्री भूपेन्द्र राय, पटना पश्चिमी मंत्री उमेश कुमार, आयोजन सचिव विजय पाण्डेय, उप सचिव योगेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, श्रीकृष्णा प्रसाद, रीना गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार धीरज, दिनेश पाल, दीनानाथ विश्वकर्मा ने रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया।

### नैनीजोर से 247 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

**ब्रह्मपुर।** नैनीजोर पुलिस ने महादेव के डेरा के समीप बक्सर कोईलवर तटबांध से 247 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है। बताते चलें कि नैनीजोर थाना के सहायक थानाध्यक्ष वरुण कुमार यादव पुलिस बल के साथ बक्सर कोईलवर तटबांध पर गश्ती कर रहे थे तभी गश्ती के दौरान महादेव डेरा समीप बक्सर कोईलवर पर रात्रि को करीब तीन बजे बाइक सवार प्लास्टिक और जूट की भरी बोरी लादे काफी तेज गति से आ रहा था। पुलिस पर निगाह पड़ते बाइक को विपरीत दिशा में मोड़ भागने लगे। पुलिस को पीछे आते देख बाइक पर लादे हुए बोरी को फेंक अंधेरे का फायदा उठा भागने में कामयाब हो गया। फेंकी गई बोरी को पुलिस कब्जे में जांच पड़ताल की तो बोरी के अंदर रखा अंग्रेजी शराब बरामद की। पुछताछ में नैनीजोर थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज आलम ने बताया कि महादेव डेरा के समीप बक्सर कोईलवर तटबांध से 247 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की है।

### सेंटअप में फेल होने पर नहीं दे सकेंगे मुख्य परीक्षा

**बक्सर।** जिले में अगले वर्ष 2025 की परीक्षा से पहले होने वाली इंटरमीडिएट की सेंटअप परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन 19 से 21 नवंबर तक किया जाएगा। जबकि जिले 179 +2उच्च विद्यालय में वर्ष 2025 की इंटरमीडिएट की मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की सेंटअप परीक्षा 11 नवम्बर से 18 नवम्बर तक चलेगी। बिहार बोर्ड इंटर स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को 30 अक्टूबर से 4 नवंबर के बीच सेंटअप परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका उपलब्ध करा देगा। इसी प्रश्नपत्र व कॉपियों से विद्यालयों में सेंट अप परीक्षा ली जाएगी। सेंटअप परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन इंटरमीडिएट विद्यालयों के शिक्षक करेंगे। प्रायोगिक परीक्षा भी इंटरमीडिएट विद्यालयों में होम सेंटर पर होगी। परीक्षा का कार्यक्रम 11 नवंबर को प्रथम पाली में फिजिक्स, फिलोसोफी, उद्यमिता, फाउंडेशन कोर्स व दूसरी में केमिस्ट्री, एकाउंटेंसी, पॉलिटिकल साइंस/इलेक्टिव सब्जेक्ट ट्रेड पेपर 1 की परीक्षा होगी। 12 नवंबर पहली पाली में गणित, इलेक्टिव सब्जेक्ट ट्रेड पेपर 2 व दूसरी पाली में बायोलॉजी, भूगोल, बिजनेस स्टडीज, 13 नवंबर को पहली पाली में अंग्रेजी व दूसरी पाली में हिंदी, उर्दू, मैथिली, संस्कृत, 14 नवंबर को आईएससी व्यावसायिक विषय, दूसरी पाली में आर्टस का व्यावसायिक विषय, आईकॉम व्यावसायिक विषय, 15 नवंबर को आईएससी कंप्यूटर विज्ञान, मल्टीमीडिया और वेब तकनीक, दूसरी पाली में आर्टस का मनोविज्ञान, 16 को पहली पाली में आर्टस का समाजशास्त्र दूसरी में संगीत, 18 को पहली में इतिहास, दूसरी में गृह विज्ञान की परीक्षा होगी।

### 19 स्थानों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस की प्रतिनियुक्ति

**आरा ।** धनतेरस व दीपावली पर्व के दौरान शांति व विधि- व्यवस्था संधारण को लेकर पुलिस- प्रशासन चौकस व सतर्क है। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार धनतेरस व दीपावली पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिले के 19 मुख्य स्थान पर दंडाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस मौके पर विधि- व्यवस्था व शांति व्यवस्था संधारण के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी व सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को भी आवश्यक निर्देश दिया गया है।

### बच्चों की छिपी प्रतिभा उभर के आई सामने

**आरा।** आगाज 2.0 का आयोजन कार्ल्टन पैलेस, जीरो माइल के समीप हुआ। विज्ञान प्रदर्शनी, बहस, तत्कालिक भाषण, शतरंज, कैरम, लोक नृत्य, कविता, क्विज प्रतियोगिता विभिन्न राउंड में की गई। आयोजन आचार्य क्लासेस ने किया। उदघाटन सिविल सर्जन शिवेंद्र कुमार सिन्हा व एसके सिन्हा ने किया। सिविल सर्जन कहा कि छात्रों के लिए यह प्रतिस्पर्धात्मक प्लेटफॉर्म और उनके छिपे हुए कौशल को प्रकट करने का एक अवसर है। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र के कई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की।आचार्य क्लासेस के निदेशक कुमार सौरभ ने कहा कि यह मंच निश्चित रूप से आरा के छात्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करेगा।

### पुलिस ने नो इंट्री में खड़े वाहनों से लगभग दो लाख रुपए का चालान काटा

**कोईलवर।** स्थानीय पुलिस ने नो इंट्री में बालू लदे ट्रकों के प्रवेश पर बड़ी कार्रवाई किया है। पुलिस ने बालू लदे 40 ट्रकों से लगभग दो लाख रुपया का चालान काटा है। इस दौरान नो इंट्री में प्रवेश किये वाहनों में अफरा-तफरी मचा रहा। बता दूं की आप का प्रिय अख़बार दैनिक भास्कर ने सोमवार को नो इंट्री के बावजूद हो रहा है बड़े वाहनों का प्रवेश से संबंधित खबर को प्रमुखता से छापी थी। छपी खबर को लेकर पुलिस आज ऐक्शन मुड़ में दिखी। सकड्डी मोड़ पर व कोईलवर चौक के समीप नो इंट्री में घुंसे वाहनों से पुलिस ने सख्ती दिखाते हुये 40 बड़े वाहनों से लगभग दो लाख रुपया जुर्माना के रूप में चालान काटी है। इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र ने दिया।

### बक्सर में 8 अस्पतालों का निरीक्षण, 3 सील:अवैध तरीके से हो रहा था नर्सिंग होम का संचालन, डीएम के निर्देश पर कार्रवाई

**बक्सर।** बक्सर जिला अधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर एसडीएम ने सोमावर को डुमरांव नगर और ग्रामीण इलाकों में संचालित अवैध अस्पताल संचालक के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान कुल 8 अस्पतालों का जांच किया गया। वहीं, तीन हॉस्पिटल को शील किया गया है। छापेमारी की सूचना मिलने पर कई अस्पताल संचालक नर्सिंग होम का शटर बंद कर मौके से फरार हो गए। इसकी जानकारी एसडीएम राकेश कुमार द्वारा दी गई। इसको लेकर जिला अधिकारी के पास प्रतिवेदन सौंपा गया है। उसके आधार पर आगे अस्पतालों पर करवाई की जाएगी।

# बक्सर जिले में पहले चरण के पैक्स चुनाव पर रोक

निज संवाददाता। बक्सर




♦ पवनी पंचायत और चौसा नगर पंचायत के अलावा बाकी जगहों पर होगा मतदान

चौसा नगर पंचायत और पवनी प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) का चुनाव पहले चरण में 26 नवम्बर को होने वाला था। जो राज्य निर्वाचन प्राधिकार के आदेश पर अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया। इसकी सूचना चुनाव से सम्बंधित राज्य के सभी विभाग के अलावा जिले और सहकारिता विभाग को पत्र निर्गत कर दे दी गई है। हालांकि चौसा प्रखंड के ब 8 पंचायतों में चुनाव अपने निर्धारित समय पर किया जायेगा। इसको लेकर बताया गया है कि चौसा नवगठित नगर पंचायत पैक्स के मतदाता सूची में भारी अनियमितता बरतते हुए अन्य पैक्स पवनी पैक्स के सदस्यों का नाम जोड़ा गया था।

**आदेश तक पैक्स चुनाव स्थगित:** बताया गया कि नियम के विरुद्ध एक ही परिवार के कई सदस्यों का नाम मतदाता सूची में दर्ज किया गया था। जो नियमानुकूल भारी गलती की गई थी। जिसको लेकर चौसा नगर पंचायत के सुनील कुमार सिंह द्वारा वर्तमान पैक्स व बीसीओ की मिलीभगत कर मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर प्रखंड से जिले व प्राधिकार में शिकायत की थी। जहां राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मतदाता सूची की जांच के बाद पवनी व नवगठित चौसा नगर पंचायत पैक्स के चुनाव पर रोक लगाते हुए अगले आदेश तक स्थगित कर दी है। इस सम्बंध में प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि राज्य निवार्चन प्रधिकार से मिले पत्र के निर्देश के आलोक में चौसा के नवगठित नगर पंचायत पैक्स और पवनी पैक्स के पहले चरण में होने वाले चुनाव पर राज्य प्रधिकार द्वारा रोक लगाते हुए अगले आदेश स्थगित कर दिया गया है। बाकी के आठ पैक्स चुनाव उसी तिथियों पर कराए जाएंगे।

## धनतेरस पर मार्केट में कई तरह के झाड़ू उपलब्ध



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले में धनतेरस को लेकर झाड़ू की बम्पर बिक्री का अनुमान लगाया जा रहा है। हर तरफ दुकान दुकानें सज गई है। कुछ लोगों का झाड़ू का पुश्तैनी व्यवसाय है। जो इस बिजनेस से अच्छी कमाई करते आ रहे हैं। इस साल झाड़ू बिक्री को लेकर अच्छी कमाई का अनुमान लगाया जा रहा है। जिसको लेकर दुकानदारों ने पूरी जानकारी दी है। बताया कि इस साल धनतेरस पर बक्सर में शहर में 15 रुपए से लेकर 100 रुपए तक के झाड़ू उपलब्ध है।

**मार्केट में 30 प्रकार का झाड़ू उपलब्धः** धनतेरस पर इस साल दुकानदार गणेश जयसवाल ने बताया कि लोगों के लिए लगभग 30 प्रकार के झाड़ू उपलब्ध हैं। उम्मीद लगाई जा रही है कि इस बार 15 से 20 ट्रक झाड़ू धनतेरस पर बिक्री होगी। क्योंकि धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदने का पुराना विधान है। बताया जाता है कि ऐसा करने से घर में माता लक्ष्मी का निवास होता है। जिसको लेकर हर चौक चौराहे पर झाड़ू की दूकान देखने को मिल रही है। इस साल झाड़ू की कीमत 30 रुपए से लेकर 80रुपए तक रखी गई है।

## महादलित टोले के बच्चे के स्कूल छोड़ने पर डीएम ने जताई नाराजगी



निज संवाददाता। बक्सर

सोमवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने बक्सर अनुमंडल के सभी विकास मित्रों के साथ बैठक कर उनके कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि बक्सर जिला में कुल 161 विकास मित्र नियोजित हैं तथा बक्सर अनुमंडल में 72 विकास मित्र नियोजित हैं। डीएम ने सभी विकास मित्रों को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्रांतर्गत टोलें का चयन करते हुए मॉडल महादलित टोला बनाने एवं उसमें सभी सुविधाएं जैसे सरकारी विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, संपर्क पथ, महादलित सामुदायिक भवन पूर्ण कराने हेतु कार्रवाई करें। डीएम ने महादलित टोलों के बच्चे का नामांकन नहीं रहने या नामांकन के बाद विद्यालय में नहीं जाने या दोपहर बाद विद्यालय छोड़ने पर कड़ी नाराजगी जताई। सभी विकास मित्रों जो वहां स्थानीय हैं, को इस पर विशेष ध्यान देने एवं सभी बच्चों को विद्यालय में लाने हेतु अभिभावकों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जो विकास मित्र अपने क्षेत्रांतर्गत टोला में नियमित रूप से भ्रमण नहीं करते, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में रुचि नहीं लेते हैं, उन पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए चयन मुक्त करें।

# भोजपुर में दिवाली की सफाई में लगा करंट, मौत





♦ मोबाइल रिपेयरिंग का करता था काम, अस्पताल जाने के दौरान तोड़ा दम

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवना बाजार स्थित मोबाइल दुकान में करंट लगने मोबाइल रिपेयरिंग करने वाले की मौत हो गई। आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी रामईश्वर सिंह का 22 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार है। वह पवना बाजार स्थित मोबाइल दुकान पर काम करता था। मृतक के भाई आशीष कुमार ने बताया कि दीपावली को लेकर मंगलवार की सुबह पवना बाजार स्थित वह मोबाइल दुकान में साफ-सफाई का काम कर रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन ने उसे इलाज के लिए अगिआंव पीएचसी पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पवना थानाध्यक्ष सुरेश सिंह और परिजन ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने देख उसे अमृत घोषित कर दिया।

**दिवाली की तैयारियां मातम में बदलीः** पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। मृतक अपने दो भाई में छोटा था। उसकी शादी 2021 में हुई थी। परिवार में पत्नी रूबी देवी और एक बड़ा भाई आशीष कुमार है। मृतक की मां किशुन देवी की कई वर्ष पूर्व मौत हुई थी। घटना के बाद मृतक के घर में दीपावली के खुशी का त्योहार मातम में तब्दील हो गया। जहां लोग दीपावली को लेकर घर में दीए जलाकर रोशनी फ़ैलाने की तैयारी में थे। वही आकाश की मौत के बाद उनके घर का चिराग ही बुझ गया।

# आरा में ट्रैक्टर से गिरकर चालक की मौत





♦ पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने रौंदा, लकड़ी लोड कर लौटने के दौरान हादसा

निज संवाददाता। आरा

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के प्राइवेट बस स्टैंड ओवर ब्रिज स्थित छठीया घाट के पास सोमवार रात अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर चालक को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के दोघरा टोला वार्ड नंबर-10 निवासी रामजी यादव का 33 वर्षीय बेटा लगन यादव है। जो ट्रैक्टर चालक था।

**परिजन अस्पताल ले गए, पर नहीं बची जानः** मृतक के भाई शिवम कुमार ने बताया कि सोमवार दोपहर अपने गांव से ट्रैक्टर लेकर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खिरीटाड़ गांव स्थित बधार में लकड़ी ले जाने के लिए आया था। सोमवार की रात ट्रैक्टर लेकर वापस गांव लौट रहा था। इसी दौरान प्राइवेट बस स्टैंड ओवर ब्रिज स्थित छठिया घाट के समीप वह असंतुलित होकर ट्रैक्टर से गिर पड़ा। पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। भतीजे ने फोन कर सूचना दी कि वे ट्रैक्टर के नीचे दब गए। परिजन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने 5 भाई व एक बहन में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में मां धनती देवी, पत्नी भगरती देवी, 2 बेटे कुंदन व नंदन है।

## बलिहार में सबमर्सिबल से तैलीय पानी निकला, देखने उमड़ी भीड़

निज संवाददाता। बक्सर



जिला के बलिहार पंचायत के बड़कागांव सबल पट्टी गांव में सबमर्सिबल से तेल जैसा कुछ तरल पदार्थ निकलने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी पुरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। लोग सबमर्सिबल से निकलने वाले तैलिय पानी को देखने के लिए उमड़ रहें है। हालांकि तेल निकलने की पुरी सूचना कोरी अफवाह निकली। जानकारी के मुताबिक बलिहार पंचायत के बड़का गांव सबल पट्टी के बुला चौरसिया नाश्ते की दुकान चलाते है। रविवार की दोपहर उनके सबमर्सिबल से निकलने वाला पानी तैलीय निकला। तैलीय पानी निकलने की सूचना आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। सूचना फैलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंच सबमर्सिबल से निकलने वाले पानी को देखने लगे। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के उपमुखिया गोलू सिंह पहुंच गए। उन्होंने अपने स्तर से पानी को कई बार सबमर्सिबल से निकलवाया। हालांकि कुछ देर के बाद सबमर्सिबल से साफ पानी निकलने लगा। उन्होंने कहा सबमर्सिबल से तेल निकलने की सूचना पूरी तरह से अफवाह निकली।

## 30 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार VIDEO

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में डिलीवरी करने जा रहा था युवक, पुलिस ने बीच रास्ते में पकड़ा

बक्सर जिले में चौगाई पेट्रोल पंप के पास मुरार थाना पुलिस ने 30 लीटर शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर शराब को झोला में लेकर बाइक से जा रहा है। इसी बीच पुलिस ने रुकने के इशारा किया लेकिन बाइक सवार ने स्पीड स्लो करके फिर से तेज कर दिया। पूरी घटना पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसका वीडियो सामने आया है। जिसमें देखा जा रहा है कि भागते हुए तस्कर को आगे अचानक कार आने के बाद पुलिस ने पकड़ा। तलाशी के दौरान प्लास्टिक झोला में शराब बरामद हुई।

**गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाईः** इसको संबंध में मुरार थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने बताया कि तस्कर की पहचान हरिशंकर सिंह, पिता सुरेंद्र सिंह है। जो गोपाल के बथान गांव का निवासी है। जिसके पास से निर्मित 30 लीटर दारू बरामद किया गया है। तस्कर अपाची बाइक से होम डिलेवरी देने जा रहा था। लेकिन गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा गया। आगे बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। जानकारी मिलते ही गस्ती टीम को सूचना दी गई। जिसमें गश्ती में शामिल दरोगा अमरेश कुमार और दो सिपाही पेट्रोल पंप के पास पहुंचकर सूचना देने वाले से लोकेशन लिया। जिसके आधार पर बाइक सवार तस्कर की पहचान की गई।

# बक्सर में नो पार्किंग में वाहन लगाने पर कटेगा जुर्माना




♦ जाम की समस्या खत्म करने के लिए बना पार्किंग प्लेस, घंटे के हिसाब से देने होंगे पैसे

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर शहर में पहुंचने वाले लोगों को जाम से निजात दिलाने का प्रयास जिला प्रशासन कर रहा है। हालांकि त्योहार में यह समस्या और बढ़ जाती है। जिससे शहर में वाहनों को रेंगना पड़ता है। लोग समय से अपना काम नहीं कर पाते हैं। इसको देखते हुए नगर परिषद ने शहर के विभिन्न जगहों पर पार्किंग स्थल बनाया है। जहां लोग अपने दो, तीन या चार पहिया वाहनों को खड़ा कर शहर में खरीदारी कर सकते हैं। जिसके लिए नगर परिषद के कर्मी को मामूली शुल्क देना होगा। नो पार्किंग में वाहन पार्क करने पर जुर्माना लगेगा। तीन या चार पहिया वाहन दो घंटे पार्क करने के लिए 10 रुपए, 2 से 5 घंटे के लिए 20 रुपए और 5 घंटे से अधिक समय पार्क करने पर 50 रुपए शुल्क नगर परिषद को देना होगा। वहीं, अगर दो पहिया वाहन पार्क करते हैं तो 2 घंटे के लिए 5 रुपए, 2 से 5 घंटे के लिए 10 रुपए और पांच घंटे से ऊपर के लिए 20 रुपए शुल्क देना होगा।

**अंबेडकर चौक और किला मैदान के पश्चिम में पार्किंग स्थलः** नगर परिषद ने बताया कि बोर्ड की बैठक में काफी देर तक शहर में जाम की समस्या पर चर्चा हुई। उसके बाद बोर्ड के सदस्यों ने नगर क्षेत्र को यातायात संबंधी जाम की समस्याओं को दूर करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिसमें नगर भवन के सामने से अंबेडकर चौक और किला मैदान पश्चिमी बाउंड्रीवॉल के पास वाहन पार्किंग स्थल का चयन किया गया। जहां सभी वाहनों का पार्किंग होगा। इस स्थान पर वाहनों की पार्किंग के लिए जो राशि ली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों के इंटरनल अंक में अब नहीं होगी कोई गड़बड़ी

**भागलपुर।** सीबीएसई बोर्ड के छात्रों के लिए प्रैक्टिकल, इंटरनल सहित प्रोजेक्ट असेसमेंट में निजी स्कूल अब गड़बड़ी नहीं कर सकेंगे। स्कूलों में अंक अपलोड करने में यह गड़बड़ी सामने आने के बाद सीबीएसई ने 200 से अधिक विषयों की थ्योरी के साथ ही इंटरनल असेसमेंट, प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट असेसमेंट को लेकर अंकों का पूरा फॉर्मेट स्कूलों को भेजा है। सीबीएसई के निर्देश के अनुसार इन स्कूल के इन सभी विषयों में असेसमेंट, प्रैक्टिकल के अंक देने में गड़बड़ी कर रहे हैं। गड़बड़ी रोकने के लिए बोर्ड ने स्कूलों को नया फॉर्मेट भेजा है। अब थ्योरी के साथ स्कूल विषयवार अलग-अलग इन तीन चीजों का अंक अपलोड करेंगे। सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड के सभी विषय के लिए निर्धारित अलग-अलग अंक जारी किया है। स्कूल को निर्देश मिला है कि इसी के तहत अंक जारी करेंगे। सभी विषयों के प्रैक्टिकल व असेसमेंट के अंक अलग-अलग निर्धारित हैं। निजी स्कूल इंटरनल व प्रोजेक्ट अंक एक में ही डाल देते हैं। इससे रिजल्ट में गड़बड़ी होती है। जिन स्कूलों से अलग-अलग तीनों के अंक सभी छात्रों के अपलोड नहीं किए जाएंगे, उन स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी। सीबीएसई ने जारी किया है नया निर्देश सीबीएसई ने निर्देश दिया है कि इंग्लिश इलेक्टिव, हिन्दी इलेक्टिव जैसे विषय ऐसे हैं जिनमें 80 अंक की थ्योरी और 20 अंक का इंटरनल असेस्मेंट है। इनमें प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट के लिए कोई अंक नहीं है। इसी तरह म्यूजिक में 30 अंक की थ्योरी, 50 अंक का प्रैक्टिकल, 20 अंक का इंटरनल असेस्मेंट भी है। कुछ विषय इंश्योरेंस, हॉटीकल्चर आदि में 60 अंक की थ्योरी और 40 अंक का प्रैक्टिकल है।

### आज एकेडमिक काउंसिल में ऑनलाइन बैठक होगी

**भागलपुर।** टीएमबीयू में मंगलवार को एकेडमिक काउंसिल की ऑनलाइन बैठक होगी। इसकी अधिसूचना प्रभारी रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार झा ने जारी की है। बैठक के लिए तीन एजेंडे तय किए गए हैं। इसमें शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए शिक्षकों के पैनल में जो विभागाध्यक्ष खुद प्रोन्नति के आवेदक भी हैं, उनके पैनल पर विचार किया जाएगा। यह पैनल एकेडमिक काउंसिल ने सात फरवरी को हुई अपनी पूर्व की बैठक में पास किया था। बैठक का दूसरा एजेंडा खेलो इंडिया स्कीम से बने मल्टीपर्पज हॉल का नाम तिलकामांझी स्टेडियम रखने पर विचार करने का है। इसको लेकर खुद कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने पिछले दिनों सुझाव दिया था। तीसरा एजेंडा एक महिला कर्मी की बीएड की डिग्री रद्द करने से जुड़ा है। इसको लेकर आरटीआई कार्यकर्ता निखिल कुमार सिंह ने आवेदन दिया है। काउंसिल आवेदन के आधार पर बीएड की डिग्री पर विचार करेगी।

### सात दिन में एचएम करेंगे वर्ग शिक्षक के साथ बैठक

**भागलपुर।** सरकारी स्कूलों में एचएम को वर्ग शिक्षकों के साथ प्रत्येक सात दिनों में एक दिन बैठक करनी होगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशक के निर्देशानुसार एचएम अपने स्कूल के सभी सहायक शिक्षकों के साथ कक्षा में हो रही पढ़ाई की प्रगति की समीक्षा करेंगे। एचएम सुनिश्चित करेंगे कि शिक्षक पठन-पाठन में अकादमिक कैलेंडर का अनुपालन कर रहे हैं या नहीं। कक्षा संचालन में होने वाली समस्याओं के निराकरण का भी अध्ययन करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर एक कोषांग गठन किए जाने की प्रक्रिया पर पहल किया जाएगा। इस कोषांग के सदस्य जिला के सभी विद्यालयों में घूम-घूम कर फ्लैन किट के उपयोग का अध्ययन करेगी और जहां-जहां इसमें कमी देखी जाएगी, उस विद्यालय पर कार्रवाई की प्रक्रिया आरंभ होगी।

### नामजद का कोर्ट में सरेंडर युवक का नहीं मिला सुराग

**टेटिया बंबर।** 21 अक्टूबर को तारापुर के लिए निकले टेटिया निवासी 25 वर्षीय रोहित कुमार का एक सप्ताह बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। हालांकि युवक के पिता द्वारा टेटिया थाना में दिए आवेदन के नामजद धरमपुर थाना शंभूगंज निवासी निशा कुमारी पति राहुल कुमार ने लगातार पुलिस दबिश के बाद आखि कार सोमवार को कोर्ट में आत्मस मर्पण कर दिया है। टेटिया निवासी रोहित कुमार 21 अक्टूबर को घर से अपने एक दोस्त के यहां तारापुर जाने की बात कह निकला था। लेकिन जब वह दूसरे दिन भी वापस नहीं लौटा तो पिता अरविंद सिंह ने मामले को लेकर टेटिया थाना में केस दर्ज हुआ था। । इस बीच रोहित का मित्र नवादा तारापुर निवासी द्वारा रोहित के पिता को फोन कर मोटरस इकिल अपने घर पर लगे होने की सूचना दी और बताया कि रोहित मोटरस इकिल लगा कर गया। कहा कि सुबह ले जाएंगे, लेकिन दो दिन होने के बाद भी वह नहीं आया है। जानकारी पाकर रोहित के पिता अरविंद सिंह वहां पहुंच उस मित्र से बातचीत की एवं मोटरस इकिल को अपने घर टेटिया ले आया। इधर पुलिस नामजद महिला के घर पर शंभूगंज पुलिस के सहयोग से दबिश दे रही थी। लेकिन महिला समेत पूरा परिवार घर से फरार मिले। बीते कई दिनों से महिला की तलाश एवं लापता युवक की खोज में शंभूगंज तारापुर एवं टेटिया पुलिस ने कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की।

### ई-रिक्शा चालक हत्याकांड का हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेर।** 22 अक्टूबर को गंगटा थाना क्षेत्र में हुए ई-रिक्शा चालक हत्याकांड का खुलासा एसपी सैयद इमरान मसूद के द्वारा किया गया। घटना में शामिल दो अपराधी सहित एक किशोर को पुलिस अपने गिरफ्त में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। जबकि पुलिस ने घटना में शामिल गमछा व आरोपी के कपड़ा को बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि 22 अक्टूबर को गंगटा थानाध्यक्ष राहुल कुमार को सूचना मिली की परमानंदपुरा गांव स्थित एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु गंगटा थानाध्यक्ष सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पूछताछ के क्रम में स्थानीय लोगों ने बताया कि तीन अज्ञात लोगों के द्वारा मृतक के साथ मारपीट करते हुए गला दबाकर हत्या कर दी गई है। सत्यापन के क्रम में युवक की पहचान खड़गपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी नमो दास के पुत्र कपिल कुमार के रूप में हुई। बेटे की हत्या को लेकर पिता ने गंगटा थाना में छह लोगों को हत्या का नामजद अभियुक्त बनाया और प्राथमिकी दर्ज कराई।

### नियोजनालय के जॉब कैंप में 11 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

**मुंगेर।** नियोजनालय ने 24, 25 व 26 अक्टूबर को जॉब कैंप का आयोजन मुंगेर सदर, धरहरा और असरगंज प्रखंड में किया। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष ने बताया कि कैंप में निजी सुरक्षा कंपनी गार्जियन सिक्यूरिटी फेसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि विनीत कुमार की मौजूदगी में अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बन्धित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 20 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 11 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर चयनित किया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने बेरोजगार युवकों को कैरियर व रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि नियोजन कार्यालय में रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थनाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में हर माह जॉब कैंप अयोजित करता है। इसके अलावा नियोजनालय कार्यालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का लाभ अभ्यर्थी निःशुल्क ले सकते हैं। जेएसए अजय वर्मा व वाईपी उज्जवल सिंह ने एनसीएस पोर्टल के द्वारा निशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर प्रधान लिपिक विनोद कुमार, डीएसएम कृष्णा पांडेय, डीएसई राजू कुमार मौजूद रहे।

### परिवार नियोजन कार्यक्रम की हुई समीक्षा

**मुंगेर।** परिवार नियोजन की समीक्षा बैठक का आयोजन सदर अस्पताल स्थित अस्पताल प्रबंधक कक्ष में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता अस्पताल प्रबंधक मो. तौसिफ हसनैन की। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य समिति के कौशल सिंह ने सदर अस्पताल में परिवार नियोजन की धीमी रफ्तार पर चिंता जताई। उन्होंने अस्पताल पहुंचने वाले सभी महिला-पुरूषों को परिवार नियोजन की सभी विधि की जानकारी देने की बात कही। अस्पताल पहुंचने वाली महिलाओं को काउंसिलिंग के दौरान माला-डी, छाया, कॉपर-टी सहित अन्य अस्थायी विधि सहित बास्केट आफ च्वाइस आदि परिवार नियोजन के स्थायी विधि पुरूष नसबंदी व बंध्याकरण की जानकारी देने की बात कही।

# PG का ऑन स्पॉट नामांकन 30 अक्टूबर को होगा

## गड़बड़ी की शिकायत पर विभागाध्यक्ष और कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य जिम्मेदार

निज संवाददाता। भागलपुर



तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर विजेंदर कुमार ने अधिसूचना जारी कर बताया है कि पीजी सत्र 2024- 26 सेमेस्टर वन में बची सीटों के लिए ऑन स्पॉट नामांकन 30 अक्टूबर को किया जाएगा। नामांकन में आरक्षण रोस्टर का अनिवार्य रूप से पालन करने की बात कही गई है। नामांकन में किसी भी तरह की अनियमित की शिकायत के लिए विभागाध्यक्ष और कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य जवाबदेह होंगे। टीएमबीयू में एकेडमिक काउंसिल की ऑनलाइन बैठक मंगलवार (आज) होगी। इसके लिए प्रभारी रजिस्ट्रार प्रो. संजय झा ने अधिसूचना जारी की है। बताया कि बैठक में तीन एजेंडों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

**स्टेडियम का नाम तिलकामांझी स्टेडियम रखने पर विचार होगा:** तीन एजेंडों में पहला शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए शिक्षकों के पैनल में जो विभागाध्यक्ष खुद प्रोन्नति के आवेदक हैं। उनके पैनल पर विचार किया जाएगा। पैनल को एकेडमिक काउंसिल ने 7 फरवरी को हुई पूर्व की बैठक में पास किया था। दूसरा खेलो इंडिया स्कीम के तहत बने मल्टीपर्पस इंडोर स्टेडियम का नाम तिलकामांझी स्टेडियम रखने पर विचार किया जाएगा। तीसरा महिलाकर्मी की बीएड की डिग्री रद्द करने से जुड़ा है। इसे लेकर आरटीआई कार्यकर्ता निखिल कुमार सिंह ने आवेदन दिया है। बैठक में इस पर भी विचार किया जाएगा।

**पैट परीक्षा के लिए 29 से ऑनलाइन भरा जाएगा फॉर्म:** टीएमबीयू में पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पैट) के लिए मंगलवार (29 अक्टूबर) से ऑनलाइन फॉर्म भरा जाएगा। प्रक्रिया 20 नवंबर तक चलेगी। सामान्य कोटे के छात्रों से 1500 रुपए और आरक्षण कोटे के छात्रों से 1000 रुपए फॉर्म शुल्क लिया जाएगा। साथ ही पीजी सत्र 2022-24 सेमेस्टर चार के छात्र भी फॉर्म भर सकेंगे. परीक्षा बोर्ड ने इसकी मंजूरी दे दी है। परीक्षा के लिए विभिन्न विषयों को मिलाकर कुल 521 सीटें हैं. जबकि 50 फीसदी सीटें नेट और जेआरएफ छात्रों के लिए आरक्षित हैं.

# भागलपुर में कोर्ट ने थानाध्यक्ष से मांगा स्पष्टीकरण



**24 की जगह 48 घंटे में अपराधियों को किया पेश, ठगों की हुई थी गिरफ्तारी**

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के बरारी थाना क्षेत्र के घूरन पीर बाबा चौक के समीप 22 अक्टूबर को साइबर थाना की पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले फिशिंग गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी की थी। मामले में कोर्ट ने थानेदार को शोकॉज किया है। एएसएचओ इंस्पेक्टर अकील अहमद के लिखित आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। जिसमें 10 अभियुक्तों को 22 अक्टूबर को ही गिरफ्तार करने का उल्लेख था।

गिरफ्तारी के 24 घंटे के अंदर आरोपियों को कोर्ट के समक्ष उपस्थित कराया जाना था, पर साइबर थाना की पुलिस ने ऐसा न करके 48 घंटे के बाद कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया। अब इस मामले में कोर्ट ने कानून का उल्लंघन मानते हुए साइबर थाना अध्यक्ष सहित जिम्मेदार अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर संबंधित अधिकारी और पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है।

**कॉल सेंटर का खुलासा किया था:** मालूम हो कि 22 अक्टूबर को साइबर थाना की पुलिस को प्रतिबिंब पोर्टल पर जानकारी मिली कि भागलपुर से साइबर ठग दूसरे राज्यों के लोगों से लाखों की ठगी कर रहे। सूचना पर पुलिस एक्शन में आई थी। इसके बाद पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी आधार पर घूरन पीर बाबा चौक के समीप अभिलाषा झा के मकान में किराए पर चल रहे फिशिंग कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर दर्जनों लड़कियों और साइबर गिरोह के संचालकों को हिरासत में लिया था, मामले में कुल 10 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई थी। जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

# अपूर्ण अपशिष्ट प्रबंधन इकाई को नियमानुसार शीघ्र करें पूर्णः डीएम



निज संवाददाता। भागलपुर

जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार में समन्वय-सह-समीक्षात्म क बैठक की गई। बैठक में विधि शाखा के समीक्षा के क्रम जिला अंतर्गत लंबित सीडब्ल्यूजेसी, एमजेसी एवं एलपीए से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए निर्देश दिया गया। साथ ही अंचल एवं प्रखंड स्तर पर लंबित सीडब्ल्यूजेसी संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए क्रमशः अपर समाहर्ता, राजस्व एवं निदेशक, डीआरडीए को समीक्षा व निगरानी करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित बीईओ को संबंधित सीओ से समन्वय स्थापित कर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया गया। आईसीडीएस की समीक्षा के क्रम में डीपीओ, आईसीडीएस को जिला अंतर्गत निजी भूमि पर संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों को चिन्हित करने तथा उक्त आंगनबाड़ी निर्माण के लिए सरकारी भूमि खोजने के लिए निर्देश दिया गया। वहीं, पीएचईडी की ओर से 171 आंगनबाड़ी केन्द्रों में नल का जल दिया गया है, शेष बचे आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नल का जल से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सीएससी समन्वयक से समन्वय स्थापित कर आयुष्मान कार्ड बनाने में तीव्रता लाने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। साथ ही जिला स्वास्थ्य केन्द्र में लगे हाई मास्क लाइट को मरम्मति के लिए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के क्रम में अपूर्ण अपशिष्ट प्रबंधन ईकाई को नियमानुसार शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अपशिष्ट प्रबंधन ईकाई निर्माण के संदर्भ में जिले की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए निर्देश दिया गया। पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए शेष बचे पंचायत में भूमि चिन्हित करने के लिए डीआरडीए निदेशक को निर्देश दिया गया। वहीं स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल द्वारा कुमारखंड प्रखंड के इसराइन कला पंचायत अंतर्गत निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन में खराब गुणवत्ता होने के कारण प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया।

# चौकीदार का 3.50 लाख रुपए लेकर बदमाश फरार

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में कोढ़ा गैंग के सदस्य थाना परिसर से चौकीदार का लगभग साढ़े तीन लाख रुपया लेकर फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कटिहार से साढ़े तीन लाख रुपया बरामद कर लिया है। जबकि आरोपी फरार है। इसकी पुष्टि एसपी सैयद इमरान मसूद ने की। एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि साफियाबाद थाना में पदस्थापित चौकीदार शिवकुंड निवासी प्रयाग पासवान के परिवार में किसी की शादी होनी थी। इसको लेकर चौकीदार ने 24 अक्टूबर को बैंक से लगभग साढ़े चार लाख रुपया निकाला था। वह पहले एक बाइक शो रूम गए थे। जहां एक बाइक के लिए एक लाख रुपया जमा भी किया था। इसके बाद थाना के बाहर झोला को रख दिया। तभी कोढ़ा गैंग के सदस्य जो बैंक से निगरानी करते हुए आ रहे थे। वे स्थल से पैसा भरा झोला लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित चौकीदार ने साफियाबाद थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कराया।पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी चोर की पहचान सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से किया। इसके बाद मुंगेर पुलिस ने कटिहार जिला के कोढ़ा गांव जाकर छापेमारी करते हुए आरोपी के घर से रुपया बरामद कर लिया है। जबकि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न जगहों पर छापेमारी की जा रही है। बता दे कि साफियाबाद चौक काफी बिजी चौक रहने के कारण यहां ट्रैफिक पुलिस के अलावा साफियाबाद थाने की पुलिस मौजूद रहती है।


**बिहार सरकार**

**कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, औरंगाबाद**
(बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद, पिन कोड–824101)
(ssa.aurangabad@gmail.com)
(www.bepssaaurangabad.org)

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना-11/Aurangabad/2024-25

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए बिहार शिक्षा परियोजना औरंगाबाद अंतर्गत जिले में कुल 19 विद्यालयों हेतु **नये भवन निर्माण** हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की **अंतिम तिथि 05.11.2024 तक** है। निविदा से सबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाईट https://eproc2.bihar.gov.in/EPSV2Web/ पर उपलब्ध है। उक्त सूचना जिला के NIC वेबसाइट (aurangabad.bih.nic.in) एवं बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद के वेबसाइट (www.bepssaaurangabad.org) पर देखा जा सकता है।
उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा
औरंगाबाद

जिला शिक्षा पदाधिकारी
औरंगाबाद

PR. No. 11597 (B & C) 2024-25

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहतर सहभागिता"

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।**
(कार्मिक कोषांग)
Tel. No. (Election Office)- 06562- 224033    E-mail - electionpalamu1@gmail.com

**आदेश**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू के निदेशानुसार सरकारी कर्मी जो द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में दिनांक 25.10.2024 से 29.10.2024 तक अनुपस्थित रहे हैं, वे कार्मिक कोषांग, नोडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में (पलामू समाहरणालय ब्लॉक–ए द्वितीय तल स्थित) दिनांक 01.10.2024 को अपना पक्ष रखें, कि किस परिस्थिति में उनके द्वारा प्रशिक्षण में भाग नहीं लिया गया, अन्यथा पक्ष न रखे जाने अथवा जवाब असंतोषजनक पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से उनका वेतन स्थगित करते हुए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा सरकारी आचार संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत अनुशासनिक एवं दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

नोडल पदाधिकारी,
कार्मिक कोषांग।

PR 339694 (District) 24-25 (D)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**
**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/12/2024-25**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 09.11.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 11.11.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 11.11.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Strong Room and Counting Hall at G.L.A College Campus, Medininagar, Palamu for Jharkhand General Assembly Election 2024. | 1439550.00 | 29000.00 | 2500.00 | 7 Day |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–
- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
- निविदा में चुनाव कार्य से संबंधित अनुभव प्रमाण–पत्र को प्राथमिकता दी जायेगी।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 339708 Building(24-25)D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, पलामू।**
(उत्पाद शाखा)

**आदेश**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखण्ड, रांची के पत्रांक–01/नि0वि0–22–23 (पार्ट–1)–2023/5578 दिनांक–17.10.2024 एवं संयुक्त आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, रांची के पत्रांक–01/नीति –05–10/2022–2207/रांची दिनांक–18.10.224 के आलोक में पलामू जिला के विधानसभा क्षेत्र में होने वाले विधानसभा आम निवार्चन, 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न निष्पादन हेतु मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुर्नमतदान के दिन शुष्क दिवस (**Dry Day**) घोषित किये जाने का निदेश है।

पलामू जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र यथा पांकी विधान सभा क्षेत्र–75, डालटनगंज विधान सभा क्षेत्र–76, विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र–77, छत्तरपुर विधान सभा क्षेत्र–78 एवं हुसैनाबाद विधान सभा क्षेत्र–79 में प्रथम चरण में चुनाव निर्धारित है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135(ग) में निहित निदेश के आलोक में मैं शशी रंजन, (भा0प्र0से0) जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू आदेश देता हूँ कि विधानसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर पलामू जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में निम्न प्रकार शुष्क दिवस (**Dry Day**) घोषित किया जाता है।

| क0सं0 | विधानसभा संख्या एवं क्षेत्र का नाम | मतदान की तिथि | पलामू जिला में घोषित शुष्क दिवस तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 75–पांकी | 13.11.2024 | दिनांक–11.11.2024 के अपराह्न 04:00 बजे से दिनांक–13.11.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक |
| 2 | 76–डालटनगंज | | |
| 3 | 77–विश्रामपुर | | |
| 4 | 78–छत्तरपुर | | |
| 5 | 79–हुसैनाबाद | | |
| 6 | मतगणना की तिथि | 23.11.2024 | सम्पूर्ण दिवस |

शुष्क दिवस की उक्त अवधि में पलामू जिला की सभी प्रकार की खुदरा उत्पाद दुकानें, बार एवं रेस्तरां, देशी/मसालेदार/Flavoured विनिर्माणशाला–सह–बॉटलिंग–सह–मद्यभण्डागार, देशी/विदेशी शराब थोक अनुज्ञप्ति परिसर पूर्णतः बन्द रहेगी तथा किसी प्रकार के होटल, क्लब, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्पिरिटयुक्त, किण्वित या मादक पदार्थों की बिक्री, लेन–देन और वितरण प्रतिबंधित रहेगी।

PR 339664 Palamu(24-25)D    ह0/– जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– उपायुक्त, पलामू



# जेसीबी का रंग पीला क्यों होता है

आपने आए दिन कंस्ट्रक्शन साइट्स के आस पास खुदाई या तोड़फोड़ करने के लिए एक पीले रंग की मशीन को काम करते हुए देखा होगा। इस मशीन का इस्तेमाल अब काफी ज्यादा किया जाता है। इस मशीन को हम जेसीबी कहते हैं। यह आम तौर पर पीले रंग का ही होता है। पर इसके पीछे क्या कारण है? आखिर क्यों यह सिर्फ पीले रंग का ही होता है? अगर नहीं जानते हैं तो आज हम आपको इस दिलचस्प सवाल के जवाब। तो चलिए इसकी खास वजह के बारे में विस्तार से जानते हैं।

## क्यों जेसीबी का रंग होता है पीला

जेसीबी को शुरुआत 1953 में हुई थी। शुरुआत में इसे लाल और नीले रंग का बनाया गया था। हालांकि साल 1964 में इसे अपग्रेड कर इसे पीला रंग दिया गया। पीला रंग आंखों पर जल्दी चढ़ता है। ऐसे में कंस्ट्रक्शन साइट पर जब जेसीबी का इस्तेमाल किया जाता था तो यह दूर से नजर आ जाती थी। इसे देखते हुए ही कंपनी ने डिसाइड किया कि इसका रंग पीला ही रखना चाहिए। आज भी जेसीबी जहां कहीं भी इस्तेमाल किया जाता है वहां यह अपने रंग के कारण दूर से नजर आ जाती है।

## जेसीबी का पूरा नाम क्या है

जेसीबी एक मशीन नहीं बल्कि कंपनी का नाम है। इस कंपनी के मालिक और फाउंडर ब्रिटेन के बड़े व्यापारी जोसेफ सिरिल बैमफॉर्ड थे। जोसेफ ने 80 साल पहले इस कंपनी को बनाया था। जिसे जेसीबी के नाम से आज पूरी दुनिया में जाना जाता है। यह कंपनी कंस्ट्रक्शन साइट पर इस्तेमाल होने वाली मशीनों का निर्माण करती है। खुदाई करने वाली जिस मशीन का आम तौर पर इस्तेमाल होता है उसे बैकहो लोडर कहा जाता है।

### कैसे काम करता है जेसीबी

जेसीबी बैकहो लोडर मशीन दोनों तरफ से काम करती है। इसे चलाने के लिए स्टीयरिंग की जगह लीवर हैंडल्स दिए जाते हैं। जेसीबी मशीन चलाने वाला ड्राइवर इन्हीं लीवर्ड का उपयोग कर इसे आगे पीछे और खुदाई करने का काम करते हैं। जेसीबी के पीले रंग की लोकप्रियता को देखते हुए दूसरी कंपनियां भी पीले रंग की मशीन ही बनाती हैं।







# दुनिया को चकित कर रहे हैं भारत के अनजाने रहस्य

भारत को ऋषि-मुनियों और अवतारों की भूमि कहा जाता है। इसके साथ ही देश में कई रहस्यमयी जगहें हैं जिससे आज तक कोई भी पर्दा नहीं उठा पाया है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं ऐसे ही कुछ रहस्यमयी जगहों के बारे में जो दुनिया के लोगों को अपने रहस्यों से चकित कर चुके हैं।

## वृंदावन का मंदिर



उत्तर प्रदेश के मथुरा ज़िले में स्थित वृन्दावन एक महत्वपूर्ण धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल है। वृन्दावन भगवान श्रीकृष्ण की लीला से जुड़ा है। वृंदावन में एक ऐसा मंदिर है जो अपने आप ही खुलता है और बंद होता है। इस मंदिर को रंगमहल के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि निधिवन परिसर में स्थित रंगमहल में भगवान श्रीकृष्ण रात्रि में शयन करते हैं। मंदिर में हर रोज प्रसाद के तौर पर माखन-मिश्री रखी जाती है। इसके अलावा भगवान कृष्ण के सोने के लिए पलंग भी रखी जाती है। सुबह जब मंदिर खोला जाता है, तो ऐसा लगता है कि इस बिस्तर पर कोई सोया था और प्रसाद भी ग्रहण किया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि अंधेरा होते ही इस मंदिर के दरवाजे अपने आप ही बंद हो जाते हैं।

## अलेया भूत लाइट



पश्चिम बंगाल का दलदली इलाका भी रहस्यों को अपने आप में समेटे हुए है। कहा जाता है कि यहां पर कई बार रहस्यमयी रोशनी देखने को मिलती हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि यह रोशनी मछुआरों की आत्माएं हैं जिन्होंने मछली पकड़ते समय किसी वजह से अपनी जान गंवा दी थी। यह भी कहा जाता है कि जो मछुआरा इस रोशनी को देखता है, या तो वह रास्ता भटक जाता है या उसकी जल्द ही मौत हो जाती है। दलदली क्षेत्रों से कई बार मछुआरों के शव बरामद किए गए हैं। लेकिन स्थानीय प्रशासन यह नहीं मानता है कि ऐसा भूतों की वजह से हुआ है। वैज्ञानिकों ने आशंका जताई है कि दलदली क्षेत्रों में अक्सर मीथेन गैस बनती है। उससे किसी तत्व के संपर्क में आने के रोशनी पैदा होती है।

## रूपकुंड झील



भारत में ऐसी कई झीलें है जो रहस्यमयी हैं। हिमालय की रूपकुंड झील की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। साल 1942 में यहां पर ब्रिटिश के फॉरेस्ट गार्ड को सैकड़ों नर कंकाल मिले थे। आज भी झील में मानवों के कंकाल और हड्डियां पड़ी हुई हैं। यह झील समुद्रतल से करीब 5,029 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह झील हिमालय की तीन चोटियों के बीच स्थित है जिसे त्रिशूल जैसा दिखने की वजह से त्रिशूल का नाम दिया गया है। उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में स्थित त्रिशूल भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटियों में शामिल है। रूपकुंड झील को कंकालों की झील भी कहा जाता है। मानवविज्ञानी और वैज्ञानिक इस रहस्य को जानने के लिए अध्ययन में लगे हुए हैं।

## जतिंगा गांव



असम के दिमा हासो जिले की पहाड़ी में स्थित जतिंगा घाटी पक्षियों का सुसाइड प्वाइंट के तौर पर काफी मशहूर है। जतिंगा गांव में मानसून बीत जाने के बाद एक ऐसा आवरण बनता है की स्थिति धुंध पड़ने के समान हो जाती है और इसी समय गांव में एक अजीब घटना होती है। दरअसल, यहां के स्थानीय और प्रवासी पक्षियों में एक अजीब व्यवहार परिवर्तन देखने को मिलता है। हर साल सितंबर महीने में जतिंगा गांव पक्षियों की आत्महत्या के कारण सुर्खियों में आ जाता है। इस जगह पर ना केवल स्थानीय पक्षी बल्कि प्रवासी पक्षी भी पहुंच कर सुसाइड कर लेते हैं। इस वजह से जतिंगा गांव काफी रहस्यमय माना जाता है। आत्महत्या करने की प्रवृत्ति, तो इंसानों में आम है, लेकिन पक्षियों के मामले में ये बात एकदम अलग हो जाती है। जतिंगा गांव में पक्षी तेजी से उड़ते हुए किसी इमारत या पेड़ से टकरा जाते हैं, जिससे उनकी मौत हो जाती है। ऐसा इक्का-दुक्का नहीं, बल्कि हजारों पक्षियों के साथ होता है। सबसे अजीब बात, तो ये है कि ये पक्षी शाम 7 से रात 10 बजे के बीच ही ऐसा करते हैं, जबकि आम मौसम में इन पक्षियों की प्रवृति दिन में ही बाहर निकलने की होती है और रात में वे घोंसले में लौट जाते हैं। यह आज भी रहस्य है।

## लटकते खम्भे का रहस्य



आंध्र प्रदेश का वीरभद्र मंदिर विजयनगर साम्राज्य के वास्तुशिल्प शैली का एक शानदार नमुना है और इसमें स्थित विशाल नंदी मूर्ति, फेस्को पेंटिंग्स और नक्काशी जैसे आकर्षक फीचर्स के अलावा, इसके लटकते खंभे जिज्ञासा उत्पन्न करते हैं। कुल मिलाकर, मंदिर में 70 खंभे हैं। हालांकि, दूसरों के विपरीत, उनमें से एक जमीन के संपर्क में नहीं आता है। ऐसा माना जाता है कि खंभे के आशीर्वाद के लिए नीचे कुछ स्लाइड करके आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है।



# वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में घूमते एस्टेरॉयड पर मिला पानी

ब्रह्मांड रहस्यों से भरा हुआ है। इनके बारे में वैज्ञानिकों को भी बहुत कम जानकारी है। रहस्यों को जानने के लिए वैज्ञानिकों सालों से अध्ययन कर रहे हैं। इस शोध के दौरान वैज्ञानिक आए दिन हैरतअंगेज खुलासा करते हैं। अब वैज्ञानिकों ने एक बड़ी खोज की है। इन खोज से वैज्ञानिकों को ब्रह्मांड के रहस्य को जानने में मदद मिलेगी। पहली बार वैज्ञानिकों ने किसी एस्टेरॉयड या क्षुद्रग्रह पर पानी खोजा है। नासा के स्ट्रैटोस्फेयरिक ऑब्जरवेटरी फॉर इंफ्रारेड एस्ट्रोनॉमी ने यह बड़ी खोज की है। दरअसल, यह एक प्रयोगशाला है, जो उड़ने वाली है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने नासा ने इस प्रयोगशाला को एयरक्राफ्ट में बनवाया था। आइरिस और मस्सालिया नाम के एस्टेरॉयड पर पानी मिला है। दोनों एस्टेरॉयड पर सिलिकेट भरा हुआ है। नासा ने विमान के डेटा को जमा करके इस खोज किया है। अब नासा का यह विमान रिटायर हो चुका है। इस विमान में एक टेलिस्कोप लगाया है, जिसने चार एस्टेरॉयड पर नजर रखी थी। चारों एस्टेरॉयड पर सिलिकेट भरा हुआ है, लेकिन पानी सिर्फ दो पर है। नासा और जर्मन एयरोस्पेस सेंटर मिलकर इस विमान का संचालन करते थे। स्ट्रैटोस्फेयरिक ऑब्जरवेटरी फॉर इंफ्रारेड एस्ट्रोनॉमी में एक फेंट ऑब्जेक्ट इंफ्रारेड कैमरा लगाया गया है। इस कैमरे से आइरिस और मस्सालिया एस्टेरॉयड्स पर पानी को खोजा गया है। अतरिक्ष में ग्रहों, उल्कापिंडों और क्षुद्रग्रहों की सतह पर पानी की खोज करने का तरीका बेहद खास है। इनकी सतह पर रोशनी के अलग-अलग वेवलेंथ के माध्यम से पानी की खोज की जाती है। सैन एंटोनियो में स्थित साउथवेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के साइंटिस्ट एनिसिया अरेडोंडो ने बताया कि ग्रहों के निर्माण के समय एस्टेरॉयड बनते हैं। उन्होंने बताया कि इन एस्टेरॉयड में कई ग्रहों का मिश्रण भी हो सकता है। ऐसा भी हो सकता है कि एक ही ग्रह की मिट्टी से इनका निर्माण हुआ हो। जब इनकी सतह पर रोशनी की अलग-अलग वेवलेंथ को डाला जाता है, तो अलग-अलग पदार्थों के बारे में जानकारी मिलती है। एनिसिया ने जानकारी दी कि धरती पर मंगाए गए पहले एस्टेरॉयड सैंपल में पानी के बारे में पता चला है। हालांकि अंतिरक्ष में घूम रहे किसी एस्टेरॉयड पर पहली बार पानी की खोज की गई है। इस प्रयोगशाल ने ही चांद की सतह पर दक्षिणी हिस्से में स्थित क्रेटर्स में भी पानी को खोजा था। बता दें कि आइरिस एस्टेरॉयड 199 किलोमीटर और मस्सालिया एस्टेरॉयड 135 किलोमीटर चौड़े हैं।





# फ्लाइट में ऑक्सीजन सिलेंडर कैसे काम करते हैं

फ्लाइट से ट्रैवल करना किसे पसंद नहीं होगा। क्या आप जानते हैं कि फ्लाइट में ऑक्सीजन सिलेंडर की जरूरत किस वजह से होती है। फ्लाइट में ऑक्सीजन की सुविधा किस हालत में दी जाती है। अगर आपको फ्लाइट से ट्रैवल करते वक्त सांस लेने में दिक्कत होती है, तो आपको इस हालत में क्या करना चाहिए, आइए जानते हैं फ्लाइट से ट्रैवल करने के दौरान ऑक्सीजन की जरूरत क्यों पड़ती है और इसकी सुविधा किन हालातों में मिल सकती है।

## कम वायुमंडलीय दबाव

फ्लाइट में ऑक्सीजन की जरूरत इसलिए पड़ती है, क्योंकि ज्यादा ऊंचाई पर हवा में ऑक्सीजन की मात्रा कम होती है। जैसे-जैसे फ्लाइट ऊंचाई पर जाता है, वायुमंडलीय दबाव कम होता जाता है। कम दबाव के कारण, हवा में ऑक्सीजन का स्तर भी कम होता जाता है। यह यात्रियों को सांस लेने में मुश्किल पैदा कर सकता है, खासकर उन लोगों को जिन्हें सांस लेने में पहले से ही परेशानी होती है। फ्लाइट में एक सिस्टम होता है, जो बाहर की ऑक्सीजन को कैप्चर करके एक टैंक में भरता है।

## इमरजेंसी की स्थिति में

अगर फ्लाइट के केबिन में दबाव कम होने जैसी स्थिति आती है, तो यात्री सांस लेने के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे फ्लाइट जो 25,000 फुट से ऊपर उड़ान भरने के लिए सर्टिफाइड हैं उनमें आपातकालीन ऑक्सीजन इक्विपमेंट होना जरूरी है। कुछ फ्लाइट में दबाव वाले ऑक्सीजन के सिलेंडर होते हैं, लेकिन ज्यादातर में केमिकल रिएक्शन से ऑक्सीजन तैयार होता है। जब फ्लाइट ज्यादा ऊंचाई से नीचे आता है, तो ऑक्सीजन का दबाव कम हो जाता है। ऐसे में ओवरहेड मास्क, यात्रियों को बेहोश होने से बचाते हैं। ऑक्सीजन का स्तर कम होने से यात्री हाइपोक्सिया की स्थिति में जा सकते हैं। हाइपोक्सिया की स्थिति में ऑक्सीजन की कमी सबसे पहले सिर को प्रभावित करती है। इससे फैसला लेने की क्षमता कम हो जाती है, जिससे आपको पता नहीं चलता कि आप मुसीबत में हैं।

ऑक्सीजन सिलेंडर में हाई प्रेशर में ऑक्सीजन गैस होती है। जब यात्री को ऑक्सीजन की जरूरत होती है, तो गैस को एक रेगुलेटर के माध्यम से कंट्रोल किया जाता है और मास्क के जरिए यात्री को ऑक्सीजन दिया जाता है। यात्रियों को फ्लाइट में अपने ऑक्सीजन टैंक या लिक्विड ऑक्सीजन ले जाने की जरूरत नहीं है। हर फ्लाइट में यह सुविधा मौजूद होती है। ऑक्सीजन लेने के लिए यात्री 15 से 20 मिनट तक लगाए रहते हैं। जिससे ऑक्सीजन का लेवल भी नॉर्मल बना रहता है।

## इलाज की जरूरत पड़ने पर

कुछ यात्रियों को थेरप्यूटिक की वजहों से उड़ान के दौरान अलग से ऑक्सीजन की जरूरत हो सकती है। ऑक्सीजन सिलेंडर इन यात्रियों को उनकी जरूरत के हिसाब से ऑक्सीजन की जरूरत को पूरा कर सकते हैं।

ऑक्सीजन सिलेंडर फ्लाइट के केबिन में अलग- अलग जगहों पर लगे होते हैं। फ्लाइट अटेंडेंट इमरजेंसी सिचुएशन में ऑक्सीजन सिलेंडर का इस्तेमाल करने के लिए ट्रेंड होते हैं। अगर आपको उड़ान भरने के दौरान ऑक्सीजन की जरूरत है, तो आपको अपनी एयरलाइन को पहले से बता देना चाहिए। फ्लाइट में पोर्टेबल ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की जरूरत को वेरीफाई करने के लिए एयरलाइन को डॉक्टर का रिपोर्ट दिखाना पड़ सकता है।

# पटना में मेट्रो टनल निर्माण के दौरान हादसा, 2 की मौत

## सुरंग में मिट्टी उठाने वाली मशीन का ब्रेक फेल हुआ



**पटना, एजेंसी।** पटना में मेट्रो टनल के निर्माण के दौरान मिट्टी उठाने वाली मशीन का ब्रेक फेल हो गया, जिसमें 2 मजदूरों की मौत हो गई। गाड़ी की चपेट में आए मजदूरों के शव कई टुकड़ों में बंट गए। पटना यूनिवर्सिटी के पास जमीन से 60 फीट नीचे टनल का काम चल रहा है, इसी दौरान सोमवार (28 अक्टूबर) देर रात ये हादसा हो गया।

मजदूरों ने बताया कि हादसे के वक्त टनल में 25 से ज्यादा लोग काम कर रहे थे। अचानक मशीन का ब्रेक फेल हो गया और वह काम कर रहे मजदूरों पर गिर गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि घटना के बाद अफरातफरी मच गई। मजदूर जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। टनल में काम कर रहे इंजीनियर और दूसरे कर्मचारी भी बाहर निकल गए। फिलहाल काम बंद कर दिया गया है। घटना के बाद मेट्रो के कई पदाधिकारी मौके से फरार हो गए। मजदूरों ने हंगामा भी किया।

### ट्रैक पर दौड़ पड़ी मिट्टी हटाने वाली मशीन, मजदूरों को कुचला

निर्माणाधीन पटना यूनिवर्सिटी मेट्रो स्टेशन के करीब 60 फीट नीचे टनल मैं मिट्टी हटाकर ट्रैक बिछाने का काम चल रहा था। ट्रैक पर मिट्टी हटाने की मशीन चल रही थी। करीब 24 से 25 लोग इस दौरान ट्रैक पर काम कर रहे थे। तभी मिट्टी हटाने वाली मशीन का ब्रेक फेल हो गया और वो सभी लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ी। इसमें एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 5 से ज्यादा घायल हैं।

### पटना यूनिवर्सिटी से गांधी मैदान तक बन रही है टनल

मोइनउल हक स्टेडियम से पटना यूनिवर्सिटी तक करीब डेढ़ किलोमीटर टनल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इसके पूरा हो जाने के बाद 11 जून से पटना यूनिवर्सिटी से गांधी मैदान टनल का निर्माण शुरू हुआ। इसी निर्माण कार्य के दौरान यह हादसा हुआ। पटना मेट्रो की पीआरओ मोनिषा दुबे ने कहा कि मिट्टी उठाने वाली मशीन (लोको) का ब्रेक फेल होने के कारण हादसा हुआ है। घायलों का इलाज जारी है।

### पटना मेट्रो में दूसरा हादसा, पहले भी एक की हो चुकी है मौत

पटना मेट्रो के आधिकारिक सूत्रों की मानें तो यह दूसरा हादसा है। कुछ दिन पहले पटना डिपो में निर्माण के दौरान हाईवा पर खलासी नहीं था। इस कारण हाईवा को पीछे करने के दौरान चालक को पता नहीं चला और एक मजदूर की दबकर मौत हो गई थी।



## हाईवा ने बाइक सवार दो लोगों को रौंदा, मौत पुलिस ने चालक को किया गिरफ्तार

**जहानाबाद, एजेंसी।** जहानाबाद में मंगलवार की सुबह गया-पटना एनएच-83 पर एक तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक पर सवार दो लोगों को टक्कर मार दी, इस हादसे में दोनों लोगों की मौत हो गई। घटना भंवरिया पुल के पास की है। मृतक की पहचान अशोक शर्मा और देवेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अशोक शर्मा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि देवेंद्र शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई पुलिस को इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि हादसा ट्रक ड्राइवर की तेज रफ्तार के कारण हुआ है। स्थानीय लोगों ने लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर चिंतित हैं और मांग कर रहे हैं कि तेज रफ्तार पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं।

### सड़क हादसे में दो लोगों की हुई मौत

नगर थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया हाईवा ने बाइक पर सवार दो लोगों को कुचल दिया। जिसमें दोनों की मौत हो गई। पुलिस ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजद ने चलाया सदस्यता अभियान

**दरभंगा, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल के सदस्य बनाने को लेकर सोमवार को निमैठी पंचायत के भवानीपुर में सदस्यता अभियान चलाया गया। राजद प्रखंड अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण यादव, प्रखंड महासचिव सुरेन्द्र यादव, पंचायत अध्यक्ष संजय यादव, संतोष यादव, निमैठी के पूर्व मुखिया मो नोमान अंसारी ने संयुक्त रूप से सदस्यता अभियान चलाया।इस अवसर पर मोहम्मद कादिर, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद उमर ,रमेश शर्मा, संजय यादव, विजय मंडल ,जिन देवी ,संतोष दास, वकील ठाकुर, कुनु दास आदि ने राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की।

### गरीबों के बीच मिट्टी के दीए बांट चाइनीज का किया विरोध

**छपरा, एजेंसी।** प्रखंड के अकिलपुर में दर्जनों गरीब परिवार के लोगों के बीच मिट्टी के दीए,बाती व सरसों तेल बांटे गए।साथ ही चाइनीज दीए का विरोध किया गया।समाजसेवी सत्यम गौतम ने बताया कि विगत तीन साल से यह कार्य कर रहा हूं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'वोकल फॉर लोकल के संदेश से मुझे इसकी प्रेरणा मिली।सत्यम ने बताया कि यह मुहिम स्थानीय लोगों द्वारा निर्मित सामग्री को खरीदने की भी प्रेरणा देगा।साथ ही चाइनीज सामानों के बहिष्कार के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि इसकी प्रेरणा उसे अपने दादा दिनेश्वर सिंह से मिली। इस अवसर पर चंद्रमा सिंह, अनिल सिंह, नवल किशोर सिंह , प्रियंका कुमारी , अजीत सिंह , स्नेहा, शुभम सिंह , श्रेया ,अदिति आदि मौजूद थे।

### चित्रगुप्त पूजा की तैयारी जोरों पर

**सहरसा, एजेंसी।** शहर के नया बाजार स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त पूजा की तैयारी जोरों पर है। पूजा को लेकर सोमवार को चित्रगुप्त कल्याण समिति की बैठक हुई। जिसमें पूजा से संबंधी कई निर्णय लिए गए। अध्यक्ष रमण कुमार की अध्यक्षता में सचिव ए के गुड्डू ने कहा कि आगामी तीन नवंबर को धूमधाम से चित्रगुप्त पूजा मनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर का रंगरोगन सहित प्रतिमा को भव्य रूप दिया जा रहा है। पूजा पंडाल का भी निर्माणकिया जा रहा है। रविवार को पूजा के मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। मौके पर लोकेश कुमार, रूपेश रौशन, प्रतीक कर्ण, प्रिंस वर्मा, अवनीश कुमार, अनिमेष कुमार, नीलेश श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार, प्रभात सोनू व अन्य थे।

### बनमा थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**सहरसा, एजेंसी।** बनाम ईटहरी थाना परिसर में सोमवार को दीपावली और छठ पूजा में शांति व विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर थानाध्यक्ष ज्ञानानंद अमरेंद्र की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। थानाध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व प्रबुद्ध लोगों से एकता, प्रेम व भाईचारे के साथ शांति पूर्ण माहौल में त्योहार मनाने में पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। जिला प्रशासन के गाइडलाइन के अनुसार ही पर्व को मनाने की बात कही गई। मौके पर पूर्व प्रमुख रमेश चंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि जमील अपताब, मुखिया मुकेश शर्मा, अनिल यादव, मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार पासवान, डा बालकिशोर सिंह, संतोष यादव, मो. फारूक, बिंदो चौधरी, पूर्व मुखिया मो. अब्दुल सलाम समेत अन्य मौजूद थे।

### रिटायर्ड मैनेजर के पुत्र की संदिग्ध स्थिति में मौत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** शहर के दीवानरोड स्थित मोहल्ले में उत्तर बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के रिटायर्ड सहायक मैनेजर जगदीश चौधरी के पुत्र मुकेश चौधरी (35) की संदिग्ध स्थिति में सोमवार की सुबह अपने ही घर में जिंदा जलने से मौत हो गई। वह गोवा के एक होटल में हाउस कीपिंग मैनेजर था। बीते छह माह से घर पर ही रह रहा था। आग से उसका 90 प्रतिशत शरीर जल गया और जला हुआ शरीर बेड पर मिला। मुकेश की पत्नी प्रिया चौधरी ने अपने ही ससुर रिटायर्ड बैंक मैनेजर जगदीश चौधरी, देवर दीपक कुमार व देवरानी पर संपत्ति विवाद में पति को जिंदा जलाकर मारने का आरोप लगाया है।

## मोतिहारी में आरपीएफ इंस्पेक्टर के आवास पर छापेमारी 22 बोतल शराब के साथ 1 लाख कैश बरामद

### पुलिस को देख हुआ फरार

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के एसपी स्वर्ण प्रभात ने गुप्त सूचना के आधार पर बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन के आरपीएफ इंस्पेक्टर के आवास पर छापेमारी करने का आदेश दिया। जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के इंस्पेक्टर पंकज कुमार गुप्ता के घर से 22 बोतल विदेशी शराब, आठ फूटी हुई शराब की बोतलें और लगभग एक लाख रुपए कैश बरामद किया गया। हालांकि, पुलिस के आने की भनक लगते ही इंस्पेक्टर मौके से फरार हो गया।

### इंस्पेक्टर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि सोशल मीडिया पर आम जनता से तस्करी की सूचना साझा करने की अपील की थी, जिसके चलते यह छापेमारी संभव हो पाई। सोमवार को गुप्त सूचना मिलने के बाद प्रशिक्षु डीएसपी वसीम फिरोज के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई और नगर थाना पुलिस के सहयोग से छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान, इंस्पेक्टर पंकज कुमार गुप्ता के आवास से बरामद शराब और नकद राशि ने इस मामले को गंभीर बना दिया है। सूत्रों के अनुसार, आरपीएफ इंस्पेक्टर का आचरण संदिग्ध रहा है, और वह अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ भी अच्छे संबंध नहीं रखता था। पंकज कुमार के ऊपर की मंजिल पर स्थित आवास से अवैध शराब का कारोबार चल रहा था, जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल इंस्पेक्टर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है और पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।



## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार आरोपियों से ईडी की पूछताछ

### 5 टीमों ने 6 घंटे तक सभी से अलग-अलग पूछा सवाल

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार आरोपियों से ईडी पूछताछ कर रही है। आईएएस अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव का साथ देने के आरोप में गिरफ्तार ऊर्जा विभाग के ठेकेदार प्रवीण चौधरी, दिल्ली का बिचौलिए शादाब खान और कोलकाता का कारोबारी पुष्पराज बजाज से 6 घंटे तक पूछताछ की गई। बेऊर जेल से इन तीनों का मेडिकल कराने के बाद ईडी अपने कार्यालय ले जाकर पूछताछ की।

संजीव समेत 5 आरोपियों से 5 टीमों ने करीब 6 घंटे तक पूछताछ की गई। वहीं अब पांचों आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ होगी। पांचों आरोपियों से हुई पूछताछ की रिकॉर्डिंग कराई गई है, साथ ही इनके द्वारा दिए गए जवाब को लिखा भी गया है। ताकि इसे कोर्ट में साक्ष्य के तौर पर पेश किया जा सके। इन पांचों पर बिहार पुलिस की एजेंसी एसवीयू ने भी अपने यहां आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है।

### ठेकादार प्रवीण चौधरी से पूछे गए सवाल

दिल्ली में संजीव के परिवार को मकान क्यों दिया था

इसके बदले संजीव ने कहां-कहां और क्या-क्या लाभ पहुंचाया

तुम्हारी जानकारी में संजीव के नाम से कहां-कहां बेनामी संपत्ति की खरीदारी हुई है

संजीव को कब से जानते हो

संजीव ने कितनी बार और कौन-कौन सी ठेकेदारी दिलाया है

दिल्ली के फ्लैट को खरीदने में 9.60 करोड़ किसने दिया पैसे कहां से आया था किसने आपको संजीव से संपर्क कराया

### संजीव से भी हुई पूछताछ

पिता लक्ष्मण दास हंस और साले गुर सरताज सिंह के नाम से हिमाचल प्रदेश के कसौली में ग्लेनव्यू रिसॉर्ट में एक-एक विल्ला क्यों खरीदा

आप अपने नाम या पत्नी के नाम से क्यों नहीं लिया

इसके पीछे क्या वजह थी

इसके लिए करोड़ों रुपए कहां से आए

ये पैसा किसने और किस तरह दिया

आपके पिता और साले के आय का स्रोत क्या है



### पुष्पराज से पूछे गए सवाल

संजीव-गुलाब को कब से जानते हैं

कहां-कहां इन दोनों के साथ करोबार करते थे

संजीव-हंस का किस-किस कारोबार में रकम निवेश किया है

कोलकाता में आपके कारोबार में संजीव-गुलाब कैसे जुड़े

कैसे इनके करीब आए

दोनों को मिलाने में आपका क्या रोल है

दोनों से कैसे-कैसे और कब-कब पैसे का लेन देन किया है

इन दोनों के बीच कौन-कौन बिचौलिया हैं, जिसको आप जानते हैं

## बिहार में फिल्मी स्टाइल में अपहरण, स्कूल बस रोक छात्र को उठा ले गए



**मधुबनी, एजेंसी।** बिहार में फिल्मी स्टाइल में एक छात्र के अपहरण का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि स्कूली बस को बीच सड़क पर रोक कर छात्र को अगवा कर लिया गया है। मामला मधुबनी जिले का है। जिले के पुरैनी थाना क्षेत्र के कडामा चौक के नजदीक हथियारबंद बदमाशों ने मंगलवार की सुबह स्कूली बस को रोक कर एक छात्र का अपहरण कर लिया। अपहरण की खबर फैलते ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बताया जा रहा है कि किडनैपिंग की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ वहां जमा हो गई। पहृत छात्र फ़ुलौत निवासी राकेश कुमार साह का पुत्र प्रियांशु उर्फ मयंक (7) एक निजी स्कूल में यूकेजी का छात्र बताया गया है। अपहृत छात्र के पिता राकेश साह का फुलौत में कराना का थोक और खुदरा व्यवसाय है। छात्र के पिता आर्थिक रूप से संपन्न बताए जा रहे हैं। छात्र के पिता ने किसी के साथ रंजिश होने से इनकार किया है। फिलहाल किसी के द्वारा किसी प्रकार का कोई डिमांड करने बात से भी उन्होंने इनकार किया है। कई थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आपको बता दें कि इसी महीने मधुबनी के ही बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 वीं की छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया था। बताया जा रहा है कि शौच जाने के क्रम में छात्रा का अपहरण किए जाने की बात सामने आई थी। इस मामले में लड़की के पिता ने रजघट्टा गांव के सन्नी कुमार चौधरी और उसके एक दोस्त पर किडनैपिंग का आरोप लगाया था। इस मामले में पिता का आरोप था कि अपहरणकर्ता जबरन बाइक पर बैठा कर उनकी बेटी को ले गए।



### हत्याकांड में फरार पिता-बेटा सूरत से गिरफ्तार, पिछले साल वारदात को दिया था अंजाम

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा पुलिस ने नूरसराय थाने के दो टॉप-10 अपराधियों को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों अपराधी पिछले साल जुलाई में हुई एक हत्या मामले में फरार चल रहे थे। दोनों आपस में पिता-पुत्र हैं। सदर डीएसपी-टू संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सिधेश्वर यादव के पुत्र मैथू गोप और मैथू गोप के पुत्र अशोक कुमार के रूप में हुई है। दोनों अतबलबिगहा, थाना थरथरी, नालंदा के निवासी हैं। दोनों अपराधियों पर 18 जुलाई 2023 को नूरसराय बाज़ार के हिलसा मोड़ पर राजीव कुमार की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। दोनों पर 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। जांच में सामने आया है कि इन दोनों अपराधियों के खिलाफ नालंदा जिले के विभिन्न थानों में 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## गया उपचुनाव, तीन प्रत्याशियों का नामांकन रद्द:बेलागंज में 15 और इमामगंज में 9 उम्मीदवारों की दावेदारी

### 13 नवंबर को मतदान



**गया, एजेंसी।** गया जिले की बेलागंज और इमामगंज विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में हलचल तेज हो गई है। नामांकन-स्क्रूटनी के बाद तीन प्रत्याशियों के पर्चे रद्द कर दिए गए हैं। बेलागंज से पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के जितेंद्र यादव और निर्दलीय सुरेंद्र यादव उर्फ शंभू कुमार का नामांकन रद्द हो गया, जबकि इमामगंज से राष्ट्रीय जनतंत्र मोर्चा की सीमा कुमारी का नामांकन खारिज हुआ। अब बेलागंज में 15 और इमामगंज में 9 उम्मीदवार मैदान में हैं। उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा।

### बेलागंज और इमामगंज में कांटे की टक्कर

बेलागंज में जदयू की पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी और राजद के विश्वनाथ यादव के बीच जबरदस्त मुकाबला है। जहानाबाद सांसद डॉ. सुरेंद्र यादव के बेटे विश्वनाथ यादव हैं। इमामगंज सीट पर भी लड़ाई दिलचस्प हो गई है। यहां बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन की पत्नी और जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी मैदान में हैं, जिनका सामना राजद के रौशन मांझी से होगा।

### नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर

18 अक्टूबर से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया 25 अक्टूबर को समाप्त हुई थी। स्क्रूटनी के बाद तीन नामांकन खारिज हो गए। अब 30 अक्टूबर को नाम वापसी की आखिरी तारीख है। उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी। इस दौरान दोनों प्रमुख गठबंधन के नेताओं ने क्षेत्र में रैलियां कर जनता को लुभाने की कोशिशें तेज कर दी हैं।

## दहेज के लिए हत्या मामले का कोर्ट ने सुनाया फैसला:अररिया में देवर और उसकी पत्नी को 10 साल की जेल

**50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया**

**अररिया, एजेंसी।** अररिया के व्यवहार न्यायालय में एडीजे-04 न्यायाधीश रवि कुमार ने स्पीडी ट्रायल के तहत दहेज प्रताड़ना से जुड़े हत्या के मामले में दोषियों को सजा सुनाई है। मामले में महिला के देवर की पत्नी नरपतगंज थाना क्षेत्र के दुर्गापुर तामगंज निवासी 25 वर्षीय श्रवण कुमार मंडल और राजमणि देवी को कोर्ट ने 10-10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही, दोनों आरोपितों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न चुकाने पर दोनों को 6-6 महीने अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश भी दिया गया है। यह सजा एसटी 400/2023 मामले में सुनाई गई है।

**दहेज के लिए हत्या कर शव लटकाया:** अभियोजन पक्ष की ओर से एपीपी प्रभा कुमारी मंडल ने जानकारी दी कि 27 जुलाई 2022 को दोनों अभियुक्तों ने परिवार की बहू मोना देवी को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था। इसके बाद दोनों ने उसे फांसी पर लटका दिया। आरोपियों ने मोना देवी के मायके वालों को सूचित किए बिना उसका अंतिम संस्कार करने की कोशिश की। परंतु, मायके वालों के विरोध पर दोनों आरोपी शव छोड़कर भाग गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया, जिसमें फांसी से मौत की पुष्टि हुई। इस घटना के बाद मृतका की मौसी जानकी देवी ने नरपतगंज थाना कांड संख्या 344/2022 दर्ज कराया।

**26 सितंबर 2022 को चार्जशीट हुई दाखिल :** केस के अनुसंधान अधिकारी ने 26 सितंबर 2022 को न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की, और 6 मई 2023 को इस पर संज्ञान लिया गया। 22 सितंबर 2023 को आरोप गठन के दौरान आरोपियों ने दावा किया कि उन्हें फंसाया गया है। 5 अक्टूबर 2023 से न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, जहां सभी साक्षियों ने घटना की पुष्टि की। न्यायालय ने साक्ष्य और गवाहों के बयानों को संतोषजनक मानते हुए दोनों आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 304बी के तहत दोषी करार दिया।




## आरा में ट्रैक्टर से गिरकर चालक की मौत, लकड़ी लोड कर लौटने के दौरान हादसा

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के प्राइवेट बस स्टैंड ओवर ब्रिज स्थित छठीया घाट के पास सोमवार रात अज्ञात वाहन ने ट्रैक्टर चालक को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक पटना जिला के बिहटा थाना क्षेत्र के दोघरा टोला वार्ड नंबर-10 निवासी रामजी यादव का 33 वर्षीय बेटा लगन यादव है। जो ट्रैक्टर चालक था।

**परिजन अस्पताल ले गए, पर नहीं बची जान :** मृतक के भाई शिवम कुमार ने बताया कि सोमवार दोपहर अपने गांव से ट्रैक्टर लेकर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खिरीटाड़ गांव स्थित बधार में लकड़ी ले जाने के लिए आया था। सोमवार की रात ट्रैक्टर लेकर वापस गांव लौट रहा था। इसी दौरान प्राइवेट बस स्टैंड ओवर ब्रिज स्थित छठिया घाट के समीप वह असंतुलित होकर ट्रैक्टर से गिर पड़ा। पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। भतीजे ने फोन कर सूचना दी कि वे ट्रैक्टर के नीचे दब गए। परिजन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने 5 भाई व एक बहन में चौथे स्थान पर था।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़कागांव विधानसभा के सभी 28 प्रत्याशियों के सही पाए गए दस्तावेज

**रामगढ़, एजेंसी।** बड़कागांव विधानसभा में नामांकन करने वाले कुल 28 प्रत्याशियों के साथ रिटर्निंग ऑफिसर दीप्ति कुजूर ने बैठक की। सभी दस्तावेजों की जांच के बाद सभी प्रत्याशियों को यह बताया गया कि उनके दस्तावेज सही हैं। स्क्रुटनी में किसी भी व्यक्ति के नामांकन को रद्द नहीं किया गया है। अभी तक बड़कागांव विधानसभा से 28 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। हालांकि अभी नाम वापसी की तिथि बाकी है। अगर कोई प्रत्याशी अपना नामांकन वापस लेना चाहता है, तो वह आवेदन कर सकता है। नाम वापसी की तिथि 30 अक्टूबर तक निश्चित है। अगर इस बीच कोई भी उम्मीदवार अपना नामांकन वापस नहीं लेता है तो चुनाव में इस विधानसभा से 28 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाएंगे।

### झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल समेत कई अधिकारियों का तबादला

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल सहित कई न्यायिक पदाधिकारियों का सोमवार को स्थानांतरण कर दिया गया है. विधि विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है. अधिसूचना के मुताबिक मनोज प्रसाद को हाईकोर्ट का नया रजिस्ट्रार जनरल बनाया गया है. इससे पहले मनोज प्रसाद न्यायिक एकेडमी के निदेशक के पद पर कार्यरत थे. धनबाद के पीडीजे राम शर्मा को रजिस्ट्रार (प्रशासन) बनाया गया है. इसके साथ ही हजारीबाग के पीडीजे सत्या प्रकाश सिन्हा को रजिस्ट्रार (स्थापना) और वर्तमान रजिस्ट्रार जनरल निकेश कुमार सिन्हा को रजिस्ट्रार (न्यायिक) के पद पर स्थानांतरित किया गया है. रजिस्ट्रार (स्थापना) कौशल किशोर झा (दो) को चीफ जस्टिस का ओएसडी बनाया गया है. यह अधिसूचना पांच नवंबर से प्रभावी होगी.

### बालूमाथ से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**लातेहार , एजेंसी।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बारा गांव में एक दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुआ है. पुलिस की छापेमारी में 122 बोतल बीयर, 78 बोतल विभिन्न ब्रांड के अवैध शराब और 27 बोतल अन्य प्रकार के नशे की लिक्विड बरामद की. पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर लिया है. साथ ही दुकान को भी सील कर दिया है. हालांकि पुलिस को देखकर दुकान संचालक वहां से फरार हो गया. जानकारी के अनुसार, लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना मिली थी कि बारा गांव में एक दुकान में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है. पुलिस को यह भी सूचना मिली थी कि वहां भारी मात्रा में अवैध शराब भी स्टॉक किया गया है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी के नेतृत्व में बालूमाथ पुलिस ने छापामारी की. इस दौरान पुलिस को 122 बोतल बीयर, 78 बोतल विभिन्न ब्रांड के अवैध शराब और 27 बोतल अन्य प्रकार के नशे की लिक्विड बरामद हुई. पुलिस ने शराब को जब्त कर दुकान को सील कर दिया है. छापेमारी दल में बालूमाथ सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर परमानन्द बिरुआ, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार सिंह समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे.

### गोड्डा से 9, महगामा से 4 व पोड़ैयाहाट से कांग्रेस के प्रदीप यादव समेत 6 ने भरा पर्चा

**गोड्डा, एजेंसी।** गोड्डा जिले की 3 विधानसभा सीटों पर नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट में सोमवार को पूरे दिन गहमागहमी रही. गोड्डा विधानसभा सीट से 9, महगामा से 4 व पोड़ैयाहाट से कांग्रेस के प्रदीप यादव समेत छह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया. पर्चा दाखिल करने वालों में पोड़ैयाहाट विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रदीप यादव के अलावा भाजपा के देवेंद्र नाथ सिंह, बसपा के संजय यादव, लोकहित अधिकार पार्टी के जयप्रकाश दास, निर्दलीय ठाकुर विक्रम सिंह व मुकेश टुडू शामिल हैं. इसी प्रकार गोड्डा विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल करने वालों में राजद के संजय प्रसाद यादव, एसयूसीआई के राजू कुमार, समता पार्टी के नूर हसन, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के रंजीत कुमार, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के बलराम पासवान, निर्दलीय प्रीतम सिंह, हेमकांत ठाकुर, प्रखर कुमार व अरविंद रामदास शामिल हैं. वहीं, महगामा सीट से नामांकन करने वालों में भाजपा के अशोक कुमार, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के मो. कामरान खान, निर्दलीय कृष्ण मोहन चौबे व मो. हारुन रशीद शामिल हैं.

# झारखंड में 200 यूनिट फ्री बिजली, सरकार ने महिलाओं को दिया सम्मान- हेमंत सोरेन



**गोड्डा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार आम जनता के लिए काम कर रही है. सरकार लोगों को 200 यूनिट फ्री बिजली दे रही है. बकाया बिजली बिल भी माफ कर दिया. लोगों को मुफ्त बिजली मिल रही है. वहीं, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लाकर महिलाओं को सम्मान दिया है. उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है. गोड्डा से इंडिया गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी संजय यादव के नामांकन में भाग लेने आए हेमंत सोरेन सोमवार को सिकटिया स्थित आईटीआई कॉलेज मैदान में सभा को संबोधित कर रहे थे.

मौके पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी उपस्थित थे. सीएम ने सभा में उपस्थित महिलाओं से कहा कि हमारी सरकार ने आपके सम्मान का ख्याल रखा और मंईयां सम्मान योजना के तहत आपके खाते में हर महीना 1000 रुपए भेज रही है. पूछा कि सभी को पैसा मिल रहा है या नहीं, इस पर महिलाओं ने हाथ उठाकर सहमति जताई. हेमंत ने कहा कि अगले महीने से अब यह राशि दो हजार रुपए हो जाएगी.

सोरेन ने कहा कि भाजपा ने राज्य में 18 साल तक शासन किया, लेकिन आम जनता का कोई काम नहीं किया. अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हमारी सरकार ने किसानों का ऋण माफ किया, पुरानी पेंशन योजना वापस लाई, महिलाओं को सम्मान राशि दी, गरीब बच्चों के विदेश में पढ़ने की व्यवस्था कराई. आज गरीब के बच्चों की पढ़ाई पैसे के अभाव में नहीं रुकती है. जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकार है वहां पुरानी पेंशन योजना को समाप्त कर दिया है. भाजपा सिर्फ बड़े व्यापारियों व धनाढ्य लोगों के बारे में सोचती है. हमने आम गरीब के बारे में सोचा और गरीबों के लिए साल में एक लाख रुपए की आमदनी की योजना लाई. उन्होंने गोड्डा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी संजय यादव को भरी मतों से विजयी बनाने की अपील की. कहा कि भाजपा और एनडी गठबंधन की साजिशों का अंत होगा. लड़ेगा झारखंड और जीतेगा झारखंड.

#### झारखंड में फिर बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : तेजस्वी

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि झारखंड में सांप्रदायिक ताकतों को हराना राजद और इंडिया गठबंधन सरकार की पहली प्राथमिकता है. राज्य में फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, इसमें किसी तरह का संदेह नहीं है. हेमंत सोरेन और उनकी सरकार के साथ राज्य की पूरी जनता खड़ी है. मंच पर महगामा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय व गोड्डा से राजद प्रत्याशी संजय यादव भी मौजूद थे.

### ईडी का केस मैनेज करने के नाम पर वसूली किये जाने की जांच एसीबी करेगी

**रांची, एजेंसी।** ईडी के नाम पर वसूली किये जाने के मामले की जांच एसीबी करेगी. इस संबंध में रांची के पंडरा ओपी में मामला दर्ज हुआ था. पुलिस ने अधिवक्ता सुजीत कुमार का 164 का बयान कोर्ट में पिछले सप्ताह दर्ज कराया था. बता दें कि रांची के पंडरा इलाके के रहने वाले संजीव पांडेय ने ईडी से जुड़े केस को मैनेज करने के नाम पर पंडरा थाने में वकील सुजीत कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है.

संजीव पांडेय का आरोप , सुजीत कुमार ने ईडी के नाम पर पांच करोड़ की ठगी की

संजीव पांडेय का आरोप है कि सुजीत कुमार ने ईडी की चार्जशीट में उनका नाम शामिल न करने के लिए कुछ अधिकारियों और उनसे पांच करोड़ से ज्यादा की ठगी की है. संजीव के मुताबिक सुजीत ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि वह उन्हें और उनके कुछ अधिकारी मित्रों को ईडी के केस से बचा लेंगे, उनका नाम चार्जशीट में नहीं आयेगा, बदले में सुजीत ने उनसे करोड़ों रुपये ले लिए, इसके बाद भी उनके नाम ईडी की चार्जशीट में आ गये. इसके बाद जब संजीव ने अपना पैसा वापस मांगा तो अधिवक्ता ने पैसा नहीं होने के एवज में 54 चेक जारी कर दिये, साथ ही पैसे के बदले अपनी कार भी दे दी और एग्रीमेंट कर लिया.

## झारखंड में आरजेडी और कांग्रेस के बीच कैसे बढ़ा विवाद अब सामने आई असली वजह, चुनाव से पहले बढ़ा सियासी पारा



**रांची, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का लालू प्रसाद की राष्ट्रीय जनता दल से विवाद बढ़ता जा रहा है। पार्टी ने हुसैनाबाद से एक निर्दलीय प्रत्याशी एम. तौसीफ को सिंबल दे दिया था।

हालांकि, तौसीफ का नामांकन तकनीकी कारणों से रद्द हो गया और कांग्रेस और राजद की आपसी लड़ाई अधर में लटक गई। महागठबंधन में इसके पूर्व माले के साथ झामुमो का पेंच फंस चुका है। माले ने इसी वजह से गठबंधन से अलग होने को लेकर अल्टीमेटम भी दे दिया है।

कुल मिलाकर गठबंधन का विवाद बढ़ रहा है जो चुनाव में कमजोर कड़ी साबित हो सकती है। गठबंधन में गांठ की शुरुआत तब हुई जब माले की परंपरागत सीट राजधनवार से झामुमो ने उम्मीदवार को उतारने की घोषणा कर दी।

इसके बाद राजद और कांग्रेस में विवाद शुरू हुआ तो छतरपुर और विश्रामपुर से दानों दलों ने अपने-अपने उम्मीदवार उतार दिए। इसके बाद शीर्ष नेताओं के बीच चर्चा नहीं होने से विवाद बढ़ता गया।

अब हालत ऐसी हो गई है कि गठबंधन के दलों ने एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारने शुरू कर दिए हैं। रविवार की देर रात हुसैनाबाद से कांग्रेस ने मो. तौसीफ को सिंबल आवंटित कर दिया। राजद चार दिन पहले ही इस क्षेत्र से अपना उम्मीदवार उतार चुका था।

तौसीफ पुराने कांग्रेसी हैं और उन्होंने पार्टी लाइन से अलग होते हुए निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन किया था। तौसीफ को कांग्रेस से सिंबल मिलने के बाद दोनों दलों के बीच विवाद बढ़ता दिखा, लेकिन ऐन मौके पर तौसीफ का नामांकन रद्द हो गया।

हालात यही रहे तो कयास लगाया जा रहा है कि चुनाव आते-आते गठबंधन टूट भी सकता है। ज्ञात हो कि देवघर को छोड़कर राजद कोटे की सभी सीटों पर कांग्रेस ने उम्मीदवार उतार दिए हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट के जरिए भाजपा की तगड़ी घेराबंदी की। उन्होंने कहा है कि मुद्दे बहुत हैं, लेकिन उन्हें पता है कि ये तानाशाह इसपर कुछ नहीं बोलेंगे। भाजपा को 11 साल तक देश में सिर्फ मित्रों को आगे बढ़ाने के बाद आज उन्हें रोटी, बेटी, माटी की याद आई है।

उन्होंने कहा कि आम झारखंडी हमारे प्रति जो भरोसा जता रहे हैं, उसके लिए वह शुक्रगुजार हैं। वह सभी को यह भरोसा दिलाना चाहते हैं कि आगे और तीव्र गति से कार्य करेंगे। हर एक झारखंडी के सर्वांगीण विकास के लिए हर जरूरी कार्य करेंगे।

हेमंत ने सवाल किया है कि रोटी, बेटी, माटी की पुकार, फिर क्यों 11 साल से गरीबों को भाजपा सरकार लूट रही है। जब रोटी, बेटी, माटी की बात है तो दलितों-आदिवासियों पर अत्याचार और पिछड़े शोषण का शिकार क्यो होते हैं झारखंड के 1.36 लाख करोड़ की बात क्यों नहीं होती है और सरना धर्म कोड पर ये बातें क्यों नहीं करते हैं मुद्दे बहुत हैं, लेकिन मुझे पता है कि ये तानाशाह इसपर कुछ नहीं बोलेंगे।

## टुंडी विधानसभा सीट के लिए बीजेपी ने किया उम्मीदवार का एलान, आजसू-जेडीयू को लगा झटका



**रांची, एजेंसी।** लंबे समय तक होल्ड पर रखने के बाद भाजपा ने आखिरकार टुंडी विधानसभा सीट से अपने प्रत्याशी की घोषणा सोमवार को कर दी। पार्टी ने तोपचांची से जिला परिषद सदस्य विकास कुमार महतो को इस सीट पर चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया है। भाजपा ने यह सीट न तो आजसू पार्टी को दिया और न ही जदयू को। दोनों दल इस सीट को लेकर दावा कर रहे थे।

आजसू पार्टी 10 सीटों के अलावा टुंडी सीट को लेकर भी भाजपा पर दबाव बनाए हुई थी। बताया जाता है कि पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो सिल्ली विधानसभा सीट के अलावा इस सीट से भी चुनाव लड़ना चाहते थे। इसपर भाजपा तैयार नहीं हुई। अब एनडीए गठबंधन के तहत 10 सीटों पर ही आजसू के प्रत्याशी होंगे।

इधर, जदयू को इंतजार था कि यह सीट उसे मिल सकती है। राज्यसभा सदस्य सह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का कहना था कि भाजपा ने इस सीट पर अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। ऐसे में जमशेदपुर पश्चिमी तथा तमाड़ के अलावा कम से कम यह सीट उनकी पार्टी को जरूर मिलेगी।

बताते चलें कि खीरू महतो ने जिन 11 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को सौंपा था, उनमें जमशेदपुर पश्चिमी और तमाड़ नहीं था। सरयू राय और राजा पीटर के जदयू में सम्मिलित किए जाने के बाद दोनों सीटें पार्टी को मिली।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।

उन्हें झारखंड भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवीन्द्र राय ने पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी मौजूद थे।

इस अवसर पर हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि कांग्रेस में समर्पित कार्यकर्ताओं को महत्व नहीं दिया जाता है। कांग्रेस परिवार और चाटुकारों की पार्टी बन गई है। कांग्रेस में टिकट मिलने की तीन शर्त है।

कार्यकर्ता के पास बड़ा घर और पैसा होना चाहिए। उसका किसी बड़े परिवार से संबंध होना चाहिए और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और गाली देने वाला हो।

मानस सिन्हा ने कहा कि पिछले 27 वर्षों से वे कांग्रेस में थे। कांग्रेस पार्टी में समर्पित कार्यकर्ताओं की अब पूछ नहीं है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्मान देती है।

पार्टी की नीति सिद्धांत, कार्य और प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर वे पार्टी में शामिल हुए हैं। पार्टी जो जिम्मेदारी देगी, उसका निर्वहन करेंगे।

## झारखंड में एक और सीट पर बीजेपी की बढ़ी टेंशन, प्रत्याशी घोषित करते ही कलह शुरू, जदयू नेताओं ने दिया साफ संदेश





**धनबाद, एजेंसी।** भाजपा ने तोपचांची के जिला परिषद सदस्य विकास महतो को टुंडी विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। विकास महतो को प्रत्याशी बनाने की घोषणा होते ही भाजपा के कई नेताओं ने बगावत कर दिया है। जदयू और आजसू नेताओं ने भी बगावत का झंडा उठा लिया है।

भाजपा के पुराने कुर्मी नेता सांसद प्रतिनिधि व जिला भाजपा ग्रामीण के उपाध्यक्ष रामप्रसाद महतो ने विकास महतो को प्रत्याशी बनाने का विरोध किया है। रामप्रसाद ने कहा है कि वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने अंतिम दिन मंगलवार को नामांकन करने की घोषणा की है। रामप्रसाद ने कहा है कि विकास महतो को टुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता तक नहीं जानते हैं। वह कब भाजपा में शामिल हुए हैं, यह भी किसी को नहीं पता है।

इधर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महादेव कुंभकार ने इसके खिलाफ बगावत करते हुए नामांकन पत्र खरीद लिया है। वह भी मंगलवार को नामांकन करेंगे। वहीं जदयू के नेता दीपनारायण सिंह और आजसू की नेता व जिला परिषद सदस्य वाणी देवी ने भी निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। सभी मंगलवार को नामांकन करेंगे।

सिमडेगा जिले के कोलेबिरा विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए भाजपा प्रत्याशी सुजान जोजो मुंडा ने नामांकन दाखिल किया था।

पहले चरण के चुनाव के लिए आज सभी प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्र की स्क्रूटनी की गई। इस दौरान झारखंड पार्टी के प्रत्याशी विभव संदेश एक्का ने भाजपा प्रत्याशी के नामांकन प्रपत्र पर सवाल उठते हुए उसे रद्द करने की मांग की थी। जिसको लेकर स्क्रूटनी के दौरान काफी गहमा गहमी की स्थिति उत्पन्न हो गई।इसके बाद झारखंड पार्टी के द्वारा भाजपा प्रत्याशी के नामांकन पत्र पर लगाए आब्जेक्शन के आधार पर बीजेपी के नामांकन पत्र पर जेनरल आब्जर्वर और कोलेबिरा विधानसभा के आरओ ने करीब काफी देर मंथन किया।कोलेबिरा विधानसभा सीट के आरओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि झारखंड पार्टी संदेश एक्का द्वारा भाजपा प्रत्याशी सुजान जोजो मुंडा के नामांकन पत्र संख्या 6224-2410 पर लिखित आपत्ति जताई गई थी कि कॉलम आठ नहीं भरा हुआ है। लेकिन उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व की धारा 364, आरपी एक्ट 1951 (36) और हस्त पुस्तिका की कंडिका 6.7 और 6.9 के तहत भाजपा प्रत्याशी के तीनों नामांकन पत्र को सही पाते हुए स्वीकृत किया गया।

### दिवाली पर घरकुंदा व डिजाइनर दीयों से सजा बाजार

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में धनतेरस व दिवाली की तैयारी जोरों पर है. बाजार सज चुका है. इस बार बाजार तरह-तरह डिजाइनर मिट्टी के दीये, घरकुंदा, लाइट व सजावट के सामान से गुलजार है. झारखंड के कुम्हारों ने अपने हाथों से रंग-बिरंगे दीये तैयार किए हैं. बोकारो के घरकुंदा लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं. वहीं रातु के दीये, ग्वालिन, हाथी-घोड़ा भी अपना अलग रंग बिखेर रहे हैं. दिवाली बाजार में दूर-दराज से आए लोग मोल-भाव कर इन्हें खरीद रहे हैं. साल भर के बाद आने वाला धनतेरस और दिवाली हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है. दीपावली पर लोग दीये जलाकर धन की देवी माता लक्ष्मी की पूजा कर परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं. बोकारो जिले के चंदनकियारी के प्रकाश कुंभार दिवाली पर पिछले 15 वर्षों से घरकुंदा बनाते आ रहे हैं. यह परिवार 150 किलोमीटर दूर से 5 अलग-अलग दिवाली आइटम लेकर राजधानी पहुंचा है. यहा बापू वाटिका के सामने इनलोगों ने दिवाली के सजावटी समान व दीयों के स्टॉल लगा रखा है है. प्रकाश कुंभार ने बताया कि यह उनका पुश्तैनी धंधा है. वह स्वरोजगार के जरिए अपने पुरखों की परंपरा को बनाए रखे हैं. बाकारो के नितय कुंभकार ने बताया कि रांची में उन्होंने पहली बार दीपावली पर अपना स्टॉल लगाया है. उनके स्टॉल पर हाथ से बना मिट्टी के गार्डन आइटम्स उपलब्ध हैं.

# सतर्कता महोत्सव फेस्टिवल डी सीसीएल का शुभारंभ, सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गयी



**रांची , एजेंसी।** सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत सतर्कता महोत्सव फेस्टिवल डी सीसीएल का आज सोमवार को भव्य उद्घाटन हुआ. 28 से 30 अक्टूबर तक चलने वाले महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह ने किया. इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन) हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार, महाप्रबंधक, विभाग प्रमुख और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ सीसीएल सीएमडी द्वारा उपस्थित जनों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर किया गया. इसके बाद, सीवीओ पंकज कुमार ने सतर्कता और ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने बताया कि हमारे पेशेवर जीवन में सतर्क रहना क्यों आवश्यक है. उन्होंने इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की प्रगतिज्पर अपने विचार साझा किये.

**सीसीएल अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभा रहा है :** सीएमडी सीसीएल नीलेंदु कुमार सिंह ने इस मौके पर ईमानदारी के महत्व को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि सीसीएल अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभा रहा है और देश की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है. इस क्रम में उन्होंने ई-प्लेज बूथ का उद्घाटन किया. बता दें कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ ड्रोन द्वारा किया. सीसीएल ने सतर्कता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करेगा.

**रैली में सीसीएल के कर्मचारियों और अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया :** सतर्कता जागरूकता रैली में सीसीएल के कर्मचारियों और अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया. इस रैली के माध्यम से सभी ने भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संदेश दिया. इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें जनजातीय नृत्य, गणेश वंदना नृत्य और विविधता में एकता नृत्य का प्रदर्शन किया गया. सीसीएल की एक कर्मचारी ने अपने मधुर स्वर में गणेश वंदना गीत प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया. इसके अतिरिक्त भ्रष्टाचार की रोकथाम पर एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी हुआ, जिसने सभी दर्शकों को जागरूकता का संदेश दिया.

**युवाओं ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कैनवास पर उकेरा :** सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया. इनमें स्ट्रीट पेंटिंग प्रतियोगिता भी शामिल थी, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से आए छात्रों ने भ्रष्टाचार को ना कहें और ईमानदारी को बढ़ावा दें.. जैसे विषयों पर अपनी अद्भुत पेंटिंग्स प्रस्तुत की. युवाओं ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कैनवास पर उकेरा, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. छात्रों ने रंगोली प्रतियोगिता में भी भाग लिया, जहां उन्होंने अपनी अद्भुत रचनाओं से सभी का दिल जीत लिया. दर्शकों ने छात्रों की इस अद्वितीय रचनात्मकता की भूरि-भूरि प्रशंसा की.

**एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ :** इसके बाद, एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने देशभक्ति, सामाजिक संदेश और राष्ट्रवाद जैसे विषयों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं. इसके साथ ही, समूह बैंड ने अपनी संगीत और ताल की अनूठी प्रस्तुति से एक अनोखा माहौल बना दिया, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया. सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के इस महोत्सव का उद्देश्य सभी को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और सतर्कता के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना है. सतर्कता महोत्सव के अंतर्गत आयोजित की जा रही ये विभिन्न गतिविधियां न केवल सीसीएल के कर्मचारियों बल्कि सभी आगंतुकों के लिए एक नयी जागरूकता का संचार कर रही हैं.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# चार हजार तीन सौ टन उपग्रहीय कचरा

दुनिया भर में धरती पर कचरे की वजह से प्रदूषण से लेकर अन्य गंभीर समस्याएं चुनौती बनी हुई हैं। मगर यह समस्या केवल धरती तक सीमित नहीं है। मनुष्य की गतिविधियां अंतरिक्ष में भी कचरा फैला रही हैं। विडंबना यह है कि इसकी चिंता वे बड़े देश भी नहीं कर रहे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। खासतौर पर अमेरिका, चीन, रूस और फ्रांस जैसे कुछ देशों ने जिस तरह प्रयोगों के मामले में होड़ मचाई है, उसी का नतीजा है कि आज अंतरिक्ष में हजारों टन कचरा पृथ्वी की कक्षा के लिए खतरा बन गया है। दूसरे ग्रहों पर जीवन और पानी खोज में या एक दूसरे की जासूसी के लिए सैन्य तथा दूरसंचार उपग्रह आज भी लगातार छोड़े जा रहे हैं। चिंता की बात है कि इनमें से ज्यादातर अपना निर्धारित समय पूरा होने के बाद कबाड़ में बदल जाते हैं। पृथ्वी की कक्षा में इनके आने से स्वाभाविक रूप से जोखिम बढ़ जाता है। इस समय अंतरिक्ष में बड़ी संख्या में निष्क्रिय उपग्रह और राकेट हैं जो आपस में टकरा कर न केवल अंतरिक्ष स्टेशन, बल्कि पृथ्वी के लिए भी खतरा बन सकते हैं। इस समय चार हजार तीन सौ टन उपग्रहीय कचरा मौजूद है। पचास के दशक में शुरू हुआ अंतरिक्ष युग का सुनहरा दौर एक बुरे सपने में बदल जाएगा, यह किसने सोचा था। पिछले दिनों एक अमेरिकी संचार उपग्रह के बीस टुकड़े में बंटने के बाद यह बहस हो रही है कि अब इसके कबाड़ का क्या होगा? अंतरिक्ष में कचरे की पहचान करना और उन्हें नष्ट करना आज भी वैज्ञानिकों के लिए चुनौती है। जितनी बड़ी संख्या में अंतरिक्ष कबाड़ खिसकते हुए पृथ्वी की कक्षा में चले आए हैं, वह सचमुच डरावना है। यह कचरा धरती पर गिरा तो भारी तबाही मच सकती है। अमेरिकी संचार उपग्रह 'इंटेलसैट-33 ई' का अपनी कक्षा में टूट जाना कोई सामान्य घटना नहीं। चिंताजनक यह है कि इसके मलबे के इतने हिस्से बने होंगे कि इसको देख पाना भी मुश्किल होगा। यह अकेली घटना नहीं है। इससे पहले भेजे गए कई उपग्रह प्रयोग में आने के बाद कबाड़ हो चुके हैं। नासा का कहना है कि बीस हजार से अधिक कबाड़ पृथ्वी की कक्षा में घूम रहे हैं।

# सीमा से सैनिकों की वापसी- क्या पिघलने लगी भारत और चीन के बीच रिश्तों की बर्फ

(मृत्युंजय दीक्षित)

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पूरे विश्व की दृष्टि भारत के प्रधानमंत्री मोदी व चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मध्य होने वाली द्विपक्षीय वार्ता पर थी क्योंकि ब्रिक्स सम्मेलन के पूर्व ही भारत और चीन के मध्य सीमा विवाद को हल करने के लिए सहमति बन गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में वैश्विक स्तर की गम्भीर समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय हैं। प्रत्येक वैश्विक मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। युद्ध व आतंकवाद के कारण अशांत विश्व की दृष्टि अब वैश्विक शांति की स्थापना के लिए भारत की ओर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए संकल्पवान हैं। प्रधानमंत्री मोदी रूस -यूक्रेन युद्ध से लेकर इजरायल-अरब के बीच चल रहे तनाव को कम करने के लिए नेताओं के संपर्क में हैं। तीसरी बार पद सँभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी दो बार रूस की यात्रा पर जा चुके हैं। 2024 लोकसभा चुनावों के पूर्व ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भारत और रूस के मध्य संबंधों में कुछ खटास आ रही है लेकिन रूस के कजान शहर में आयोजित ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के मध्य मैत्रीपूर्ण व्यवहार व वार्ता को देखकर राजनैतिक विश्लेषक आश्चर्यचकित रह गये। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पूरे विश्व की दृष्टि भारत के प्रधानमंत्री मोदी व चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मध्य होने वाली द्विपक्षीय वार्ता पर थी क्योंकि ब्रिक्स सम्मेलन के पूर्व ही भारत और चीन के मध्य सीमा विवाद को हल करने के लिए सहमति बन गई थी। भारत और चीन के शासनाध्यक्षों के मध्य यह वार्ता गलवान दुर्घटना के लम्बे अंतराल के हुयी जिससे लगा कि अब भारत और चीन के मध्य जमी बर्फ अब पिघल रही है। दोनों शासनाध्यक्षों की भेंट के बाद यह समाचार भी आ गया है कि भारत और चीन के मध्य हुए समझौते के अनुसार पूर्वी लद्दाख सेक्टर में डेमचोक और देपसांग से भारत और चीन के सैनिकों की वापसी आरम्भ हो गई है। यह भारत की बड़ी रणनीतिक, कूटनीतिक और सामरिक जीत है। डेमचोक में दोनों सेनाओं ने पांच -पांच टेंट हटा लिये हैं तथा यह प्रक्रिया लगातार जारी है। एक बार जब सभी टेंट और अस्थायी ढांचे पूरी तरह से हटा दिये जाऐंगे तब एक संयुक्त सत्यापन प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। सत्यापन जमीन पर और हवाई सर्वेक्षण दोनों के माध्यम से किया जाएगा। प्रारम्भिक आपरेशन के अंतर्गत डेमचोक में भारतीय सैनिक चार्डिंग नाला के पश्चिमी हिस्से की ओर पीछे हट रहे हैं और चीनी सैनिक नाला के पूर्वी हिस्से की ओर पीछे हट रहे हैं।दोनों तरफ करीब 10 से 12 अस्थायी ढांचे और करीब 12 तंबू बने हुए हैं जिन्हें हटाया जा रहा है। देपसांग इलाके में चीन ने अपने सैनिकों व वाहनों की संख्या काफी कम कर दी है और भारतीय सेना ने भी अपने सैनिक वहां से कम कर दिये हैं। ताजा घटनाक्रम को लेकर चीन का वक्तव्य भी आ गया है कि भारत- चीन सीमा पर तनाव कम हो जाने के बाद लद्दाख में सैनिकों की वापसी आरम्भ हो गई है । इस वक्तव्य में कहा गया हे कि दोनों पक्षों की अग्रिम पंक्ति की टुकड़ियाँ सुचारू रूप से प्रासंगिक कार्य कर रही हैं, जो लंबे समय से चली आ रही गतिरोध चर्चाओं के बाद तनाव कम करने की शुरूआत है। ज्ञातव्य है कि ब्रिक्स सम्मेलन के पूर्व ही कई दौर की वार्ता होने के बाद भारत के साथ सीमा पर सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में सहमति बनी थी अब वही सहमति धरातल पर उतारी जा रही है। यदि यह कार्य इसी प्रकार चलता रहा तो पूर्वी लद्दाख में मई 2020 के पूर्व की स्थिति वापस आ जाएगी। भारत और चीन के मध्य जो समझौता हुआ है उसके अनुसार पेट्रोलिंग को लेकर भी व्यापक सहमति बन गई है। अब सर्दियों के मौसम में दोनों देशों के सैनिक पीछे हटेंगे। बेहतर तालमेल के लिये दोनों देशों के कमांडर्स के बीच हर महीने एक बैठक होगी। यह बदले हुए भारत की मजबूत इच्छाशक्ति की जीत है। रूस के कजान शहर में आयेजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में मोदी और शी जिनपिंग की वार्ता के बाद भारत और चीन के मध्य अन्य अनेक मुद्दों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना नजर आ रही है। पचास मिनट की बैठक में तय हुआ है कि भारत और चीन सीमा विवाद को स्थाई रूप से सुलझाने के साथ - साथ आर्थिक मोर्चे पर भी मिलकर काम करेंगे। वार्ता में यह भी तय हुआ है कि सीमा पर शांति हो जाने के बाद अब मानसरोवर यात्रा प्रारंभ करने पर भी बैठक होगी। कजान में प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आपसी व्यापार बढ़ाने तथा सहयोग के नये क्षेत्र ढूँढने और अनेक वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत और चीन के मध्य पांच साल के बाद तनाव कम होना एक महत्वपूर्ण है। यहाँ यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि भारत और चीन के मध्य संबंधों में उतार चढ़ाव आता रहता है और इतिहास सिखाता है कि भले ही समझौते को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई हो चीन पर तब तक भरोसा नहीं किया जा सकता जब तक कि सब कुछ संपूर्णता पर न आ जाये। हिंदी -चीनी भाई भाई के नारे की आड़ में चीन भारत पर पूर्व में आक्रमण और घुसपैठ दोनों ही कर चुका है और भारत की भूमि हड़प चुका है। चीन की धोखेबाजी के ही कारण गलवान घटना घटित हुई थी किंतु भारतीय सैनिकों ने चीन को मुहंतोड़ जवाब दिया और झड़प वाली जगह पर सीना तान कर खड़े रहे। वर्तमान समझौता इसीलिए हो भी सका है क्योंकि भारतीय सैनिकों ने चीन को पैर वापस खीचने को बाध्य कर दिया। भारत अब 1962 वाला देश नहीं रहा। आज का भारत जो कहता है वह करता भी है। पहली बार बिना बड़े युद्ध के चीन को पीछे हटने पर मजबूर किया गया है। पहली बार भारत सरकार ने चीन के खिलाफ वास्तविक रूप से कड़े कदम उठाए। गलवान की घटना के बाद भारत ने चीन के साथ सीधी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया, वीजा नियम सख्त किये गये । भारत में चीनी निवेश पर कड़े नियम लागू कर दिये गये जिसके कारण विगत चार वर्षों में चीन द्वारा प्रस्तावित अरबों डालर की अनुमोदन प्रक्रिया रुक गई। इसी प्रकार डाटा और गोपनीयता के मुद्दों को सामने रखते हुए 300 चीन ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया गया जिसके कारण चीन को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

> *भारत को अभी भी बहुत अधिक सावधान रहना है क्योंकि भारत और चीन के मध्य अरुणाचल प्रदेश तनाव का बड़ा कारन बना रहेगा। वहीं संयुक्तराष्ट्र महासभा में भारत की स्थायी सदस्यता का अब केवल चीन ही विरोध कर रहा है जिसके कारण संयुक्तराष्ट्र में भारत को स्थायी सदस्यता नहीं मिल पा रही है और न ही वहां सुधार लागू हो पा रहे हैं।*

## जम्मू-कश्मीर में आतंक का कहर, उमर के लिए चुनौतियों से भरी राह

जम्मू-कश्मीर में लंबे समय के बाद लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव कराए गए और वहां की जनता की चुनी हुई सरकार सत्ता में आई। यह उम्मीद की गई कि वहां अब लोकतंत्र की नई बयार बहेगी और स्थानीय लोगों को अपनी अन्य समस्याओं के साथ सबसे बड़ी चुनौती आतंकवाद से राहत मिलने का रास्ता खुलेगा। मगर जम्मू-कश्मीर में सरकार के गठन के बाद आतंकवादी संगठनों ने जिस तरह सुनियोजित तरीके से लगातार हमला करना शुरू कर दिया है, उससे ऐसा लगता है कि इन हमलों के जरिए वे यह संदेश देना चाह रहे हैं कि वहां सरकार का स्वरूप चाहे जो हो, मगर आतंकवादी उसके सामने चुनौती खड़ी करेंगे। यों प्रदेश में आतंकी हमले कभी कम कभी ज्यादा के स्वरूप में होते रहे हैं, लेकिन हाल में लगातार लक्ष्य बना कर हत्या करने से लेकर सुरक्षा बलों पर हमले जैसी कई घटनाएं सामने आईं। इससे साफ लगता है कि आतंकवादी समूह अब हताशा के गर्त में गहरे डूब कर बेलगाम हो रहे हैं। गौरतलब है कि गुरुवार को सेना के एक वाहन पर आतंकवादियों ने घात लगा कर हमला किया, जिसमें दो जवान शहीद हो गए और उस टुकड़ी के साथ कुली का काम करने वाले दो अन्य लोगों की भी जान चली गई। कई लोगों को बुरी तरह घायल अवस्था में अस्पतालों में दाखिल कराया गया। दूसरी ओर, त्राल इलाके में एक प्रवासी मजदूर पर भी गोलीबारी की गई, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। इससे पहले हाल ही में 20 अक्तूबर को गांदरबल और 18 अक्तूबर को शोपियां में आतंकियों ने लक्षित हमले करके सात लोगों की हत्या कर दी थी। जम्मू-कश्मीर में एक चुनी हुई सरकार के काम करना शुरू करने के बाद हाल के कुछ दिनों के दौरान आतंकवादियों ने जिस तरह लगातार लक्ष्य बना कर प्रवासी मजदूरों के साथ-साथ वहां के स्थानीय लोगों और सुरक्षा बलों की हत्या करना तेज कर दिया हैं, उससे एक अलग आशंका खड़ी होती है। आतंकी संगठनों के हमले में सुरक्षा बलों की शहादत हो रही है और प्रवासी मजदूरों की जान जा रह।

# धर्मनिरपेक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के निहितार्थ

(ललित गर्ग )

आज धर्म-निरपेक्षता शब्द को लेकर राजनेता एवं राजनीति दो भागों में बंटी हुई है। समाज भी दो भागों मे बंटा है। आजादी के समय एवं संविधान को निर्मित करते हुए अंग्रेजी के सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्म करना भ्रामक हो गया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो हालिया फैसलों में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसे और मजबूती दी है। असल में धर्मनिरपेक्षता को लेकर संविधान-निर्माताओं का मुख्य उद्देश्य धार्मिक सहिष्णुता, समानता एवं बंधुत्व भाव से था, लेकिन बाद में यह शब्द भ्रामक हो गया और इसने धर्म के अस्तित्व को ही नकार दिया। राजनेताओं ने अपने-अपने हितों को साधने के लिये इस धर्मनिरपेक्षता शब्द के वास्तविक अर्थ एवं भावना को ही धुंधला दिया। सर्वोच्च अदालत ने बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया और स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है। ध्यातव्य है कि 42वें संविधान संशोधन के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'पंथनिरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया, लेकिन 'पन्थनिरपेक्ष' शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान के किसी अन्य भाग में नहीं किया गया है। वैसे संविधान में कई ऐसे अनुच्छेद मौजूद हैं जिनके आधार पर भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है क्योंकि भारत का संविधान देश के नागरिकों को यह विश्वास दिलाता है कि उनके साथ धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। संविधान में भारतीय राज्य का कोई धर्म घोषित नहीं किया गया है और न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया गया है। इसका कारण भारत में अनेकों धर्म और सम्प्रदाय प्रचलित हैं। अतः संविधान निर्माताओं ने इसको धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्वीकार किया। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दर्शाता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। पूर्व राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन् ने धर्म निरपेक्षता शब्द के व्यापक हार्द को स्पष्ट करते हुए कहा था- 'धर्मनिरपेक्ष होने का अर्थ अधर्मी होना अथवा संकुचित धार्मिकता पर चलना नहीं होता, वरन इसका अर्थ पूर्णतः आध्यात्मिक होना होता है। निरपेक्ष का अर्थ है कि राष्ट्र की ओर से किसी धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। सब धर्मों के प्रति समानता का व्यवहार किया जाएगा।' भारत के लोकतंत्र एवं संविधान की यही विशेषता है कि इसमें किसी एक धर्म को मान्यता न देकर सभी धर्मों को समान नजर से देखा जाता है। आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग इन दो फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई है। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। दूसरा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किए जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5537

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 6 | | 7 | | | |
| | 4 | | 3 | | 9 | 8 | | |
| 3 | 7 | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | 3 | |
| 6 | 3 | | 1 | 2 | 5 | | 9 | 4 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | | | | 7 | 6 |
| | | 7 | 2 | | 6 | | 1 | |
| | | | 5 | | 3 | | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5536

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 |

## वर्ग पहेली 5537



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 4 जून 1959 को रिलायंस समूह के अध्यक्ष और इस प्रसिद्ध व्यवसायी का जन्म हुआ था (6)
6. मुस्लिम रीति से निकाह करवाने वाला, मुसिफ, न्यायकर्ता (2)
7. पंजाबी में बात को यह कहते है (2)
8. संसार, दुनिया, जगत (4)
9. औषधि का बना लड्डू (2)
10. उपस्थित करना, ले आना (2)
11. वह तारा जो सूर्य की परिक्रमा करता हो, सौरमंडल के पिंड (2)
13. हलफ, कसम, सौगंध (3)
14. गले में पहनने का हार (4)
17. नलाकार, अस्थि, कंबु (3)
18. इस वृक्ष के छोटे-छोटे फलों से मदिरा निर्माण भी होता है (3)
20. मद्यकुंभ, इनामल (2)
22. फोटो, चित्र, फोटोग्राफ (3)
23. अभिप्राय, प्रयोजन (4)

**ऊपर से नीचे**

1. दुर्भिक्षग्रस्त, जिस क्षेत्र में अकाल पड़ा हो (5)
2. मेरा या मेरी, वैयक्तिक, आत्मीय (2)
3. रामायण के अनुसार बालि का पुत्र जो राम की सेना में था (3)
4. छोटा बच्चा, मास्टर सूरज, जयमाला जरूश्रीटी, जगदीप आदि अभिनीत और आदर्श द्वारा निर्देशित फिल्म (1969) (3)
5. प्रसिद्ध भारतीय शतरंज खिलाड़ी जिसमें 5 बार विश्व शतरंज प्रतियोगिता जीती है (8)
8. आर्तनाद, रूदन, करूण क्रंदन (3)
12. गुणनकर्म, गड़ाई, वध (3)
15. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
16. दस्तावेज, लिखित, कलमबंदी, तहरीरी, लिपिबद्ध (3)
19. देवमूर्ति, मंदिर मूर्ति (2)
21. ख्याति, प्रसिद्धि, शोहरत (2)

### वर्ग पहेली 5536 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | दौ | र | | सु | क | रा | त |
| का | ल | म | | ख | र | ह | रा |
| र | त | | | दा | दा | | श |
| | | स | हा | य | ता | | ना |
| | अ | द | र | क | | सो | |
| बि | स | र | ना | | त | मा | म |
| | बा | | | मा | त | लि | |
| | ब | ह | री | न | | या | दें |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन सफलता से भरा होगा और कारोबार के मामले में आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। आपके अंदर निर्भीकता का भाव रहेगा और जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। अपने कार्यों को सम्पन्न कराने में सक्षम रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे और आप लोग साथ में मिलकर कुछ नया कार्य कर सकते हैं।

### वृष
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपके विद्या बुद्धि ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। आपको ऑफिस में लोगों से सम्मान की प्राप्ति होगी। शाम के वक्त धार्मिक कार्य में आपका मन लगेगा। शुभ व्यय कीर्ति की वृद्धि होगी और आपका दिन लाभ से भरा होगा। आपके द्वारा किए जाने वाले हर कार्य में आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### मिथुन
आज करियर के मामले में परेशानी और असहयोग का भागी बनना पड़ेगा। आप अपने स्वभाव के प्रति गंभीर रहें, कड़ी मेहनत करने पर ही आपको सफलता प्राप्त होगी। कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा।

### तुला
आज हर कार्य को बेहद सावधानी से करने की सलाह है। किसी प्रकार के विवाद से दूर रहें और अपने काम पर ध्यान दें। कोई बात सामने वाले को बुरी ना लग जाए। इस बात का ध्यान रखें और किसी से फालतू न बोलें। यदि आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है। शाम से लेकर रात तक हर योजना में आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### वृश्चिक
आज दिन करियर के मामले में लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको कुछ नए कार्य में भाग लेने से खुशी होगी। आपका अधिक समय धार्मिक कार्यक्रम में बीतेगा और परिवार के लोगों के साथ आउटिंग पर जा सकते हैं। आत्मविश्वास के बल पर किए जा रहे प्रयास सफल होंगे और आपको लाभ होगा। पुराने रुके हुए कार्य थोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। आपको थोड़ा ध्यान देने की जूरत है।

### धनु
आज करियर के मामले में दिन सफलता से भरा होगा। ज़मीन जायदाद के मामले में कोई डील करने से आपको लाभ होगा। आपको हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा। पिता के आशीर्वाद से आपको ऑफिस के मामले में लाभ होगा। परिवा शासन द्वारा सम्मानित किये जाने की संभावना रहेगी। सांयकाल के समय माता को शारीरिक कष्ट होने से आपको कुछ देर परेशानी रहेगी।

### कर्क
आज आपके द्वारा आमदनी को बढ़ाने के लिए किए जाने वाले प्रयास शत प्रतिशत सफल रहेंगे। श्रेष्ठ मार्गों द्वारा प्राप्त धन से कोष वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से दिन अच्छा रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं नये अच्छे मित्र भी मिलेंगे। आपके धन में वृद्धि होगी।

### सिंह
आज दिन शुभ है और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपको पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। आपकी रुचि शॉपिंग में काफी रहेगी और घर को सजाने के लिए शॉपिंग पर जा सकते हैं। बिना मांगे किसी को सलाह न दें उस पर उल्टा ही असर होगा। रात्रि के समय पुण्य कार्य में लगेंगे, जिससे आपका मन शान्त और प्रसन्न रहेगा।

### कन्या
आज दिन भाग्य की दृष्टि से काफी अच्छा रहेगा। आपके कष्ट दूर होंगे और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। भतीजे का सहयोग मिलने की संभावना है और कारोबार में आपको मनचाहा लाभ होगा। वाणी पर संयम रखें तो आपको कार्यकुशलता से हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

### मकर
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आप शैक्षणिक दिशा में जो परिवर्तन करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। शिक्षा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको सफलता प्राप्त होगी। नये कार्य सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता और गुरु के प्रति आदर भाव रखने से आपको लाभ होगा।

### कुंभ
आज लाभ का दिन है। आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष के लोगों से आपको लाभ होगा। नौकरी में गुप्त शत्रु चुगली करेंगे जिससे सायंकाल के समय परेशानी हो सकती है। आपको कारोबार से जुड़े मामलों में लाभ होगा और मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। अपने गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रखें।

### मीन
आज करियर में लाभ होने के योग हैं। आमदनी से ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किये गये श्रेष्ठ कार्यों से आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। सायंकाल से रात्रि तक प्रिय व्यक्तियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित रहेगा। सैर सपाटे व मौज मस्ती में समय व्यतीत होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

# सेवानिवृत होने के पूर्व जिलाधिकारी ने नवादा जिले को दी सौगात

निज संवाददाता | नवादा



**नवादा।** समाहरणालय स्थित सभागार में डीएम आशुतोष कुमार वर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान जिले के विकास एवं अन्य सकारात्मक गतिविधियों में मिडियाकर्मियों के द्वारा किये गए सहयोग के लिये जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मिडियाकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने जिले के विकास को लेकर अपने कार्यकाल में किये गए उल्लेखनीय कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि छोटे कार्यकाल की अवधि में जिले के पत्रकारों ने प्रशासन को सहयोग किया वह सराहनीय है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस दिन मैं नवादा के डीएम पद पर योगदान दिया था, तब पत्रकारों ने मुझसे प्राथमिकता का प्रश्न किया था, तब मैंने कहा था कि सिर्फ और सिर्फ नवादा का विकास ही मेरी प्राथमिकता होगी। मैं ने अपने कार्यकाल में जो नवादा का विकास किया, वह जिलेवासियों के सामने है। उन्होंने सेवा निवृत्ति के पूर्व कहा कि नवादा जिला बिहार राज्य के दक्षिणी भाग में स्थित है और यह बिहार राज्य के 38 जिलों में से एक है। इस जिले का अपना एक अनूठा और विविध अस्तित्व है। प्रारंभ से लेकर अब तक यह प्राकृतिक, सांस्कृतिक और अध्यात्मिक धरोहर शानदार दृश्य और सशक्त एवं गतिशील जनचेतना के लिए प्रसिद्ध है। पिछले 5 दशकों में नवादा जिले विभिन्न क्षेत्रों में शानदार विकास का साक्षी रहा है। इसकी प्रगति एक सहयोगी प्रयास, सामुदायिक समर्पण एवं महान शख्सियतों की चेतना का जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि नवादा शहर जिले का प्रशासनिक मुख्यालय है। नवादा नगर परिषद क्षेत्र में कुल 44 वार्ड है। इस शहर की कुल जनसंख्या 1,80,700 है। इस शहर में कई सरकारी एव अर्द्ध सरकारी बैंक, शिक्षण संस्थान एवं अस्पताल है। जिला मुख्यालय होने के कारण इस शहर में प्रतिदिन काफी सख्या में लोगों का आना जाना होता है, जिसकी वजह से शहर में काफी भीड-भाड़ होती है एवं इसके फलस्वरूप कई आधारभूत समस्या उत्पन्न होती है। शहर काफी पुराना है एव इसका विस्तारीकरण असंगठित रूप से हुआ है। नागरीय समस्याओं से निदान एवं शहर को आधुनिक सुविधा युक्त करने को लेकर नूतन नवादा की परिकल्पना की गई है, इसे एक सैटेलाइट टाउन की तरह विकसित किया जा रहा है।

सैटेलाइट टाउन का डिजाइन अतिरिक्त आवास प्रदान करने तथा भीड़-भाड़ कम करने और क्षेत्रीय सम्पर्क को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। नूतन नवादा परियोजना नवादा शहर के लिए एक नई पहल है, जो इसकी सुंदरता एवं विकास को बढ़ावा देगी। यह परियोजना शहर के निवासियों के जीवन को बेहतर एवं सुव्यवस्थित बनायेगी, इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य शहर की भीड़ की समस्या से आम लोगों को निजात दिलाना, आधुनिक सुविधाएं प्रदान करना, शहर को संगठित रूप से विकसित करना, शहर की सुंदरता बढ़ाना तथा रोजगार के अवसर पैदा करना है। इस परियोजना के तहत शहर में पूर्व से किए गए कार्यों एवं वर्तमान में प्रस्तावित कार्यों को पिरोते हुए नूतन नवादा की परिकल्पना की गयी है, जिसमें पूर्व में निर्मित संस्थान, बुधौल बस स्टैंड, सरकारी इजीनियरींग कॉलेज, जिला परिवहन कार्यालय, जन नायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, डॉ भीम राव अम्बेडकर प्लस-टू अनुसूचित जाति बालिका आवासीय विद्यालय, मुख्यमत्री वृहद आश्रय, आपूर्ति एवं श्रृंखला कार्यालय, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, वन विभाग कार्यालय, वन प्रमंडल पदाधिकारी का आवास, होमगार्ड कार्यालय, उत्पाद कार्यालय, जीएनएम एवं पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट षामिल है। वहीं नव प्रस्तावित निर्माण में जिला प्रशासन के दूरदर्शी सोच से बुधौल को नया आयाम देने का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है, जो नूतन नवादा (बुधौल) के रूप में दृष्टिगोचर होगा, जिसके नव प्रस्तावित अवयव में 200 बेड का सदर अस्पताल, 100 बेड का आईसीयू, नूतन नवादा पार्क, ऑफिसर्स कॉलोनी, बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम व प्रेक्षा गृह, आधुनिक जिला अतिथि गृह, खेलो इंडिया सेंटर, रेज कार्यालय, नवादा वन प्रक्षेत्र, सरकारी इजीनियरिंग कॉलेज का विस्तारीकरण, साइबर थाना, यातायात थाना, सामुदायिक शौचालय, वाहन पार्किंग क्षेत्र, सुविधा स्टोर 15 मिल्क पार्लर तथा यात्री शेड सहित अन्य योजना शामिल है। कार्यक्रम में जिले के कई पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बता दें की जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा 31अक्टूबर को सेवा निवृत हो जायेंगे। एक तरह से यह कहा जा सकता है की उन्होंने नवादा से जाते जाते नवादा को नूतन नवादा बनने के मार्ग को प्रशस्त कर दिया है। आने वाले दिनों में इनकी परिकल्पना साकार होगी।मौके पर अपर समाहर्ता चंद्रशेखर आजाद, वरीय उप समाहर्ता राजीव कुमार, सदर एसडीओ अखिलेश कुमार, प्रभारी सुचना जन सम्पर्क अधिकारी अमरनाथ,सुचना जनसंपर्क के कर्मी सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद थे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में दायबिगहा स्कूल की साजिया को दूसरा और राजन को प्राप्त हुआ तीसरा स्थान

### विद्यालय परिवार द्वारा स्कूल में दोनों बच्चों को किया भव्य स्वागत

निज संवाददाता | नवादा



मंगलवार को प्रखंड स्तरीय गणित और विज्ञान का प्रोजेक्ट का सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्रोजेक्ट बेस्ट लर्निंग कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड बीआरसी नरहट में किया गया, जिसमें नरहट प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय के छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय दाई बिगहा के अष्टम वर्ग के छात्र राजन कुमार, छात्रा रोजी प्रवीण और साजिया प्रवीण ने गणित और विज्ञान का प्रदर्शनी में भाग लिया, जिसमें अपना बेस्ट परफॉर्मेंस करते हुए साजिया प्रवीण विज्ञान के प्रोजेक्ट में प्रखंड में दूसरा स्थान प्राप्त की ओर गणित में राजन कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने दोनों को मेडल देकर सम्मानित किए। विद्यालय आने पर विद्यालय परिवार द्वारा तीनों का भव्य स्वागत किया गया और विद्यालय की ओर से भी मेडल ओर इंस्ट्रूमेंट बॉक्स ओर डिक्शनरी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने प्रोजेक्ट में शामिल होने वाले बच्चे को शुभकामना दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना किए और जिला स्तरीय प्रोजेक्ट में भाग लेने के लिए शुभकामना दी। विद्यालय में कार्यरत विज्ञान की शिक्षिका अलका सिन्हा, सुरभि प्रिया और स्नातक शिक्षक पंकज कुमार ने प्रोजेक्ट के लिए बच्चों को तैयार किए। विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिका और बच्चे काफी खुश हुए, और सभी बच्चे में आगे की तैयारी के लिए इस तरह के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए दृढ़ संकल्पित हुए।

## एमओ के मनमानी रवैये से गैस संचालक हैं परेशान

**नवादा (नि.सं.)।** इन दीनों रजौली एमओ के ऊपर उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत खूब चरितार्थ हो रहा है। क्योंकि रजौली एमओ राजेश कुमार गुप्ता के मनमानी रवैये से गैस संचालक और कर्मी काफी परेशान दिख रहे हैं। निशा भारत गैस की संचालिका निशा कुमारी ने बताई कि रजौली एमओ साहब के द्वारा रेखा देवी नामक महिला का शिकायत लेकर बार-बार कार्यालय आते हैं और उज्ज्वला योजना के नाम पर पैसा लेने का आरोप लगाकर कर्मियों को डराते-धमकाते हैं। जबकि उक्त महिला रेखा देवी को 2017 में ही उज्ज्वला योजना का लाभ दे दिया गया है और वह नियमित तौर पर गैस का उठाव भी कर रही है।साथ ही बताई कि जो लोग उज्ज्वला योजना के नाम पर पैसा लेने की बात कर रहे हैं वह बेवजह आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक राशन कार्ड पर एक ही लाभुक को उज्ज्वला योजना का लाभ दिया जा सकता है।लेकिन एक राशन कार्ड पर परिवार के कई सदस्यों का नाम अंकित रहता है।वैसी स्थिति में परिवार के अन्य सदस्य उज्ज्वला योजना का लाभ लेने के लिए आते हैं और जब उज्ज्वला योजना का लाभ नहीं दिया जाता है।तो वैसे स्थिति में वे लोग बेवजह पैसे मांगने का आरोप लगाकर परेशान करते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि अगर किसी भी तरह का शिकायत वरीय अधिकारियों को मिलता है तो वह जांच के लिए स्वतंत्र हैं। वह आए और जांच करें,मैं और मेरे कर्मी उनका स्वागत करेंगे।

## धनतेरस में बाजार व फुटपाथों पर जमकर बिके झाड़ू और बर्तन एवं अन्य दिवाली के सामान

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली



रजौली (नवादा)। प्रखण्ड क्षेत्र के नीचे बाजार से लेकर संगत, संगत से लेकर बायपास एवं बजरंगबली चौक से लेकर पुरानी बस स्टैंड में मंगलवार को मनाये जाने वाले धनतेरस और 31 अक्तूबर को मनाये जाने वाले दीपावली पर्व को लेकर बाजार में काफी भीड़ रही। वहीं धनतेरस के पर्व को लेकर बाजार पूरी तरह से दुल्हन की तरह सजा हुआ था। बर्तन, सर्राफा, इलेक्ट्रॉनिक व वाहन एजेंसियों पर काफी भीड़ रही। हालांकि, महंगाई को लेकर बाजार थोड़ा फीका है और लोगों में उत्साह कम देखा गया। धनतेरस के दिन मुख्य तौर पर सोना, चांदी, स्टील व पीतल के बर्तन या विशिष्ट प्रकार के धातु खरीदे जाते है और भगवान धनवंतरि, मां लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा-अर्चना की जाती है।इन सभी वस्तुओं के अलावा एक और ऐसी खास चीज है, जिसे खरीदने की परंपरा रही है और उसका धार्मिक महत्व भी अधिक है। इस खस वास्तु का नाम है झाड़ू, क्योंकि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, झाड़ू को माता लक्ष्मी का प्रतीक मानो जाता है। धनतेरस के दिन बर्तन व अन्य कई तरह की चीजें खरीदने की परंपरा और मान्यता है।वहीं इस दिन सोने की खरीदारी करना सबसे ज्यादा शुभ माना जाता है। पंडित घनश्याम पाण्डेय ने बताया कि धनतेरस के दिन लक्ष्मी के साथ धन्वंतरि की पूजा की जाती है। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन समुद्र मंथन से धन्वंतरि प्रकट हुए थे और उनके ही हाथों में अमृत से भरा कलश था।

## लक्ष्मी पूजा के अवसर पर चारदिवसीय नाटक मंचन का होगा आयोजन

**नारदीगंज (नवादा (नि.सं.)।** प्रखंड के ओड़ो गांव में श्री लक्ष्मी कला परषिद ओड़ो के सौजन्य से लक्ष्मी पूजा में चार दिवसीय नाटक कार्यक्रम व तीन दिवसीय प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम गांव में स्थित लक्ष्मी मंदिर के परिसर किया गया है।आयोजित कार्यक्रम मां लक्ष्मी की 90 पूजनोत्सव के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। परिषद के अध्यक्ष संजय कुमार व सचिव दीपक कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कला परिषद के निदेशक रामानुग्रह सिंह,उपनिदेशक धीरेन्द्र कुमार ,सह निदेशक अजय कुमार के निर्देशन में चार दिवसीय नाट्य मंचन होगा। परिषद के अध्यक्ष व सचिव ने कहा गया 31 अक्टूबर को मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना होगी, और उसके बाद उसी रात में नौटंकी वफादार सेनापति,1 अक्टूबर को नाटक परशुराम, 2 अक्टूबर को तिरंगा खतरे में, 3 अक्टूबर को कफन नाटक का मंचन होगा, जो परिषद के कलाकारों के द्वारा किया जायेगा। वही एक से 3 नवम्बर से शाम 4 बजे से 6 बजे तक प्रवचन होना है। यह प्रवचन मानस मर्मज्ञ रजनीश जी महाराज के माध्यम से मंदिर परिसर में करेंगे।

## सड़क सुरक्षा समिति को लेकर बैठक आयोजित

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



नवादा जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा के निदेश के आलोक में अपर समाहर्त्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम गत बैठक का अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए बैठक में मुख्य रूप विशेष अभियान चलाकर बिना हेलमेट, ओवरस्पीडिंग, बिना लाईसेन्स के वाहन चालकों पर कार्रवाई करने, हिट रन एवं नन हिट रन से संबंधित सड़क दुर्घटना में मुआवजा, ऑटो ई-रिक्शा के परिचालन हेतु मार्ग का निर्धारण, बस पड़ाव का निर्माण की स्थिति, शहर के मुख्य चौराहों पर यातायात जाम की समस्या एवं दुर्घटना से निजात, ब्लैक स्पॉट, सी०सी०टी०भी० कैमरा का अधिष्ठापन आदि की बारी-बारी से समीक्षा की गई। अपर समाहर्त्ता द्वारा निर्देश दिया गया कि बिना परमिट का स्कूलों में बस परिचालन नहीं करेंगे। जॉचोपरान्त नियम का उल्लंघन करने पर बस को जप्त कर दिया जायेगा। सभी स्कूलों में बाल परिवहन समिति का गठन करने का निर्देश दिया गया। कई निजी स्कूलों के संचालक अनुपस्थित पाये गए जिसपर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि इसपर अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, नवादा द्वारा बताया गया कि रजौली थानान्तर्गत काराकुट में गतिरोधी कार्य किया जाना आवश्यक है।

बैठक में उपस्थित एनएचएआई के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि रजौली थानान्तर्गत काराकुट एनएच-20 निर्माण का पार्ट नहीं था। आगे का निर्माण कार्य हेतु निविदा का प्रकाशन किया जा चुका है। एनएच-20 एवं एनएच-82 पर जंक्सन डेवलपमेंट की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा सभी जंकसन पर आवश्यक गतिरोधी कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही एनएच-20 से नवादा शहर में प्रवेश एवं निकास मार्ग के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। अपर समाहर्त्ता द्वारा वाहन जाँच हेतु विशेष अभियान नियमित रूप चलाने का निर्देश दिया गया। खासकर ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट के ट्रिपल राइडिंग वाले वाहन जब्त की जायेगी। इसके लिए संबंधित थाना प्रभारी, डीएसपी, डीएसपी यातायात एवं संबंधित पदाधिकारी को संघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर सीसीटीवी के माध्यम से अवैध परिचालन की निगरानी करते हुए दंडित भी किया जायेगा। छठ घाटों पर सड़क सुरक्षा से संबंधित जन जागरूकता हेतु पोस्टर बैनर के माध्यम से प्रचार प्रसार भी कराने निर्देश दिया गया। अपर समाहर्त्ता द्वारा समीक्षा के क्रम में शहर के मुख्य मार्गों में जाम की समस्या के निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारी को यथाशीघ्र प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिया गया। चिन्हित ब्लैक स्पॉट को बंद कराने हेतु सुरक्षात्मक कार्य संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एव अन्य पदाधिकारियों द्वारा समन्वय स्थापित कर ससमय कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार हिट रन एवं नन हिट रन से संबंधित सड़क दुर्घटना में मुअवजा को लेकर नियामानुकूल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश जिला परिवाहन पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में समीक्षा के क्रम में पाया गया कि गुड सेमेटरिन से संबंधित अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। बैठक में बताया गया कि गुड सेमेरिटन को दस हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाने का प्रावधान है। जो व्यक्ति दुर्घटना हुए व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाते हैं उन्हें यह राशि सम्मान समान स्वरूप प्रदान किया जाता है। बैठक में सिविल सर्जन नवादा, जिला परिवहन पदाधिकारी नवादा, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, डीएसपी ट्रैफिक सहित संबंधित सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## मतदान केंद्र के बदले जाने से मतदाताओं में बढ़ा आक्रोश

निज संवाददाता | नवादा

जिले के अकबरपुर प्रखंड क्षेत्र के बलिया बुजुर्ग पैक्स भवन से मतदान केंद्र हटा देने से लोग अत्यंत भयभीत हैं और पुनः एक बार फिर पैक्स भवन में मतदान केंद्र करने को लेकर जिला पदाधिकारी को आवेदन दिया है। आवेदन में बलिया बुजुर्ग पैक्स के मिश्री राजवंशी, कृष्ण प्रजापति, अनिल कुमार साब, गुलाम सरफुद्दीन, मोहम्मद शाहिद प्रवीण, दीपू पंडित इत्यादि ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी अकबरपुर के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा है कि बलिया बुजुर्ग गांव में कुल 325 मतदाता है जबकि बलिया बुजुर्ग मुस्लिम टोला, बलिया बुजुर्ग बाजार, भटबीघा, कन्नौज, अकबरपुर हॉट, रहेमपुर, अलखडीहा कुल मिलाकर 1227 मतदाता है। 325 मतदाता के लिए उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलिया बुजुर्ग में मतदान केंद्र किया गया है जबकि पूर्व के चुनाव 2009 में उर्दू प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर बलिया बुजुर्ग मुस्लिम मोहल्ला में मतदान केंद्र था। 2014 में प्रोजेक्ट साधु लाल साहू इंटर विद्यालय अकबरपुर बलिया बुजुर्ग आजाद मोहल्ला में मतदान केंद्र था। 2019 में नवनिर्मित पैक्स भवन में मतदान केंद्र था तीनों स्थानों पर विगत चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस बार प्रखंड विकास पदाधिकारी तीनों स्थानों को नजर अंदाज करते हुए मतदान केंद्र को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलिया बुजुर्ग कर दिए हैं जिससे महादलित परिवार, दलित परिवार, अति पिछड़ा परिवार, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक मतदाताओं में भय का वातावरण देखा जा रहा है। आवेदकों का कहना है कि दुर्गा पूजा को लेकर बलिया बुजुर्ग गांव से 2012 एवं 2017 में सांप्रदायिक दंगा हो चुका है और वहां मतदान केंद्र रहेगा तो हम लोगों को मतदान खून खराब एवं हिंसा के बल पर करने से वंचित कर देगा। उपरोक्त लोगों का कहना है कि गांव से लोग बाजार की ओर जाना चाहते हैं, जबकि बीडीओ के द्वारा बाजार से गांव की ओर भेजा रहा है जो न्यायोचित नहीं है।

## दो बाइकों की टक्कर एक की हालत गंभीर

**तिलौथू (रोहतास) (नि. सं.)।** तिलौथू प्रखंड के बसडीहा ग्राम में मंगलवार सुबह सड़क दुर्घटना में दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति का नाम ओम प्रकाश सिंह बताया जा रहा है, जिनके पिता का नाम रामबचन सिंह है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह दुर्घटना बसडीहा रोड पर हुई जब दोनों बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई।दुर्घटना के तुरंत बाद, घायल ओम प्रकाश सिंह को तिलौथू के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुँचे, साथ ही भारी संख्या में ग्रामीण भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एकत्र हो गए। पुलिस मामले की जाँच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छात्राओं ने दिखाया अपना कौशल

निज संवाददाता | नवादा



नवादा नगर परिषद क्षेत्र के पार नवादा स्थित न्यु ईरा किड्स व सीनियर अकादमी, गांधी नगर में बच्चों के बीच दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन। अकादमी के निदेशक प्रमोद कु०शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने कौशल और प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पटाख़ों से दूर रहकर दीपावली मनाने का संदेश दिया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य रोहित कु० शर्मा ने कहा कि इस रंगोली की माध्यम से बच्चों ने एक से बढ़ कर एक तस्वीर को उकेरा और तस्वीर के माध्यम से पर्यावरण की सुरक्षा सहित कई रचनात्मकता का बोध कराया। उन्होंने कहा की तस्वीरों से बच्चों को बहुत सारी जानकारी हासिल होती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एंव मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी बच्चों को दीपोत्सव के पूर्व बधाई एवं शुभकामनायें देतें हुए कहा की दीपावली का त्यौहार दीपों का त्यौहार है इसमें पटाखे का प्रयोग नहीं करना चाहिए। पटाखे जहाँ पर्यावरण को दूषित करते हैं वही तेज आवाज करने वाले पटाखे कान को भी प्रभावित करते हैं श्रवण शक्ति को कमजोर करती है तथा शरीर को भी नुकसान होने का दर रहता है। मौक़े पर अकादमी के सभी शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित थे।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## सार समाचार

### भारत के खिलाफ तीसरा टेस्ट भी नहीं खेलेंगे केन विलियमसन



**वेलिंगटन, एजेंसी।** ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे केन विलियमसन भारत के ख़िलाफ़ 1 नवंबर से मुंबई में शुरू हो रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा है कि इंग्लैंड के ख़िलाफ़ आगामी तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में विलियमसन की फ़िटनेस सुनिश्चित करने के कारणवश कीवी बल्लेबाज़ तीसरे टेस्ट के लिए भारत नहीं जाएंगे।

न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड के हवाले से एनजेडसी ने कहा, केन की स्थिति में काफ़ी सुधार हुआ है लेकिन इस समय वह हमारे साथ जुड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। इसलिए हमारे विचार में उन्हें अभी न्यूज़ीलैंड में रिहैब करना चाहिए ताकि वह इंग्लैंड के ख़िलाफ़ श्रृंखला के लिए तैयार हो सकें।

इंग्लैंड के ख़िलाफ़ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला क्राइस्टचर्च में 28 नवंबर से शुरू होने वाली है। विलियमसन को यह चोट श्रीलंका दौरे के दौरान लगी थी जिसके चलते विलियमसन भारत के ख़िलाफ़ पहले दो टेस्ट मैचों का भी हिस्सा नहीं बन पाए थे। बहरहाल भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच जारी टेस्ट श्रृंखला को न्यूज़ीलैंड पहले ही अपने नाम कर चुका है। न्यूज़ीलैंड इस समय 2-0 से आगे है और भारत में यह न्यूज़ीलैंड की पहली टेस्ट सीरीज़ जीत भी है। वहीं भारत 12 वर्षों में पहली बार घर पर कोई टेस्ट सीरीज़ हारा है।

### दोहरे शतक से चूके धवन, 21 छक्के-चौके के साथ इस टीम के खिलाफ ठोके 195 रन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी का सीजन चल रहा है और ऐसे धवन के बल्ले से भी बेमिसाल पारी देखने को मिली. जी नहीं, हम यहां शिखर धवन की नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश के बल्लेबाज और कप्तान ऋषि धवन की बात कर रहे हैं, जिन्होंने आंध्र प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में बड़ी और शानदार पारी खेली है. कप्तानी पारी खेलते हुए ऋषि धवन भले ही दोहरे शतक से चूक गए लेकिन 21 छक्के-चौके से सजी इस पारी को जमाने के साथ उन्होंने कुछ ऐसा किया, जो उनके करियर में पहली बार देखने को मिला.

आंध्र प्रदेश की टीम के पहली पारी में 344 रन पर सिमटने के बाद हिमाचल प्रदेश ने उसका जवाब पूरे 500 रन बनाकर दिया. हिमाचल को इतने बड़े स्कोर तक पहुंचाने में सबसे बड़ा रोल उसके कप्तान यानी ऋषि धवन ने प्ले किया. ऋषि धवन ने छठे नंबर पर उतरकर शानदार शतक जड़ा.

हिमाचल प्रदेश के कप्तान ने 318 गेंदों का सामना करते हुए 195 रन बनाए. यानी, वो सिर्फ 5 रन से अपना दोहरा शतक चूक गए. ऋषि धवन की पारी में 21 छक्के-चौके यानी 19 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. इस पारी की खास बात ये रही कि ये ऋषि धवन के फर्स्ट क्लास करियर की सबसे बड़ी इनिंग रही. ऋषि धवन ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में 6 शतक जड़े हैं लेकिन, उनमें ये उनका सबसे बड़ा स्कोर रहा. इससे पहले उनका सबसे बड़ा स्कोर 128 रन का था.

आंध्र प्रदेश के खिलाफ हिमाचल प्रदेश की पहली पारी का आगाज अच्छा नहीं रहा था. उसके 3 विकेट 60 रन के अंदर गिर गए थे.

# रानी रामपाल ने शेयर किया पीएम मोदी का प्रशंसा पत्र

### कहा- हॉकी में योगदान देना जारी रखूंगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने भारतीय हॉकी टीम की पूर्व खिलाड़ी और कप्तान रानी रामपाल के संन्यास की घोषणा के बाद उनके लिए एक प्रशंसा पत्र लिखा। रानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस पत्र को उजागर करते हुए पीएम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

रानी रामपाल ने पत्र की फोटो शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा, पीएम नरेंद्र मोदी जी से संन्यास पर प्रशंसा पत्र प्राप्त कर बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। आपकी बातें मेरे लिए बहुत मायने रखती हैं, सर! भले ही मैं मैदान से हट जाऊं, लेकिन मेरा दिल हमेशा मेरे प्यारे खेल के साथ रहेगा। हॉकी ने मुझे सब कुछ दिया है, और मैं योगदान देना जारी रखूंगी। पीएम मोदी ने रानी के लिए पत्र में लिखा, उम्मीद है आप स्वस्थ और प्रसन्न होंगी। आपके संन्यास की खबर ने पूरे देश के फैंस को भावुक कर दिया है। भारतीय महिला हॉकी में आपकी नंबर 28 की जर्सी उत्कृष्टता और अजेयता का प्रतीक बन गई थी। भले ही यह अब मैदान पर न दिखे, लेकिन आपने हमें जो यादें दी हैं, वे हमेशा दिलों में बसी रहेंगी। जब आपने टीम में कदम रखा, तो आपने युवा ऊर्जा का नया जोश लाया और आगे बढ़ते हुए 200 से भी ज्यादा गोल किए।

बतौर फॉरवर्ड, आपने कई बार डिफेंस को पछाड़ा और गोलकीपरों को मात दी। कई एशिया कप जीतने में आपके शानदार प्रदर्शन ने खास भूमिका निभाई, और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में बेस्ट यंग प्लेयर और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जैसे खिताब हासिल किए।

पत्र में आगे लिखा गया, एक कप्तान के रूप में आपने बड़े मंचों पर भारत का शानदार नेतृत्व किया, टोक्यो ओलंपिक में आपके खेल और नेतृत्व की सभी ने सराहना की। टीम के शानदार प्रदर्शन ने न सिर्फ फैंस को बल्कि नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को भी प्रेरित किया। मैदान के बाहर भी आपकी सादगी और समर्पण को साथी खिलाड़ियों और विरोधियों ने सम्मान दिया। चोटों और कठिनाइयों से उबरते हुए आपने हमेशा अपनी ताकत दिखाई।

आपकी विनम्रता और मुश्किल समय में धैर्य ने सभी को यह विश्वास दिलाया कि भारतीय हॉकी आपके हाथों में सुरक्षित है।

### आईपीएल नीलामी में कैसे काम करेगा आरटीएम नियम?



● खिलाड़ियों पर होगी पैसों की बरसात

इंडियन प्रीमियर लीग-2025 सीजन से पहले मेगा ऑक्शन होना है, जो इसी साल नवंबर या दिसंबर में हो सकती है. इससे पहले सभी 10 फ्रेंचाइजी को अपने रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट बनाकर 31 अक्टूबर तक सौंपनी होगी. बता दें कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में रिटेंशन को लेकर नए नियम जारी किए हैं. इसके मुताबिक, एक फ्रेंचाइजी ज्यादा से ज्यादा 6 खिलाड़ी ही रिटेन कर सकती है. यदि कोई टीम 6 से कम खिलाड़ियों को रिटेन करती है, तो उस स्थिति में फ्रेंचाइजी को ऑक्शन के दौरान राइट टू मैच कार्ड इस्तेमाल करने का मौका मिलेगा. यही नियम इस बार मेगा ऑक्शन में रोमांच बढ़ाने वाला है. इसकी वजह से खिलाड़ियों पर पैसों की जमकर बरसात भी हो सकती है. मगर यहां कुछ फैन्स के मन में यह सवाल जरूर होगा कि आखिर यह ऋञ्चरू नियम क्या है और यह कैसे काम करता है? इस नियम की वजह से खिलाड़ियों पर पैसों की बरसात कैसे हो सकती है? आइए जानते हैं इनके बारे में...

क्या है ये राइट टू मैच नियम?

बता दें कि यह राइट टू मैच नियम सबसे पहले 2017 में लागू किया गया था. मगर 2022 में हुए मेगा ऑक्शन के लिए इसे हटा दिया गया था. फ्रेंचाइजी और खिलाड़ियों के बीच काफी उलझनों को देखते हुए इसे एक बार फिर लागू किया गया है. मगर इस बार इस नियम में थोड़ा बदलाव हुआ है.

राइट टू मैच कार्ड नियम फ्रेंचाइजी के लिए एक तरह का ऑप्शन होता है, जिसका इस्तेमाल कर वो नीलामी में उस खिलाड़ी को वापस अपनी टीम में शामिल कर सकती है, जिसे उसने हाल ही में रिलीज कर दिया था. नीलामी में दूसरी फ्रेंचाइजी भले उस प्लेयर पर ऊंची बोली लगा दे, लेकिन पुरानी फ्रेंचाइजी को राइट टू मैच नियम से उस प्लेयर को वापस खरीदने में एक मौका मिलता है.

**कैसे काम करता है राइट टू मैच नियम?:** किसी खिलाड़ी के लिए बोली लगती है, तो आखिरी बोली लगाने वाली टीम खरीदने की स्थिति में होती है. तब पुरानी टीम से पूछा जाएगा कि क्या वो ऋञ्चरू नियम का इस्तेमाल करना चाहती है या नहीं? यदि हां, तो जिस टीम ने आखिरी बोली लगाई उसे आखिरी बोली लगाने का मौका मिलेगा. फिर उसके बाद पुरानी टीम ऋञ्चरू नियम इस्तेमाल करती है, तो उसे बढ़ी हुई राशि देनी होगी. उदाहरण के साथ इस तरह समझें.... मान लीजिए कि गुजरात टाइटन्स टीम तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को रिटेन नहीं करती और वो नीलामी में जाते हैं. तब मान लीजिए चेन्नई सुपर किंग्स टीम उन पर आखिरी बोली 10 करोड़ रुपये की लगाती है. तब गुजरात टीम को राइट टू मैच नियम इस्तेमाल कर वापस अपनी टीम में शामिल करने का मौका मिलेगा.

यदि गुजरात टीम हां करती है, तो चेन्नई को आखिरी बोली लगाने का मौका मिलेगा. तब मान लीजिए चेन्नई फ्रेंचाइजी 15 करोड़ रुपये की आखिरी बोली लगाती है. तब गुजरात को राइट टू मैच नियम के तहत इसी कीमत पर शमी को खरीदना होगा.

### न्यूज़ीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं हर्षित राणा!



**मुंबई, एजेंसी।** टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवा दी है और अब तीसरे मैच में कमबैक करने के लिए अपनी पूरी जान लगा रही है। इस क्रम में टीम में एक बड़ा बदलाव किया है। तेज गेंदबाज हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मुंबई टेस्ट 1 नवंबर से खेला जाएगा।

दिल्ली के 22 वर्षीय तेज गेंदबाज, जिन्होंने मौजूदा सत्र में गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावित किया है, शुक्रवार को टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू कर सकते हैं। वह दिल्ली के लिए राउंड चार के मैचों में नहीं खेल पाएंगे और मंगलवार शाम को मुंबई के लिए रवाना होंगे। टेस्ट टीम में युवा तेज गेंदबाज का चयन भारत के घरेलू सर्किट में अच्छे खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन को दर्शाता है।

## रोड्री ने जीता बैलोन डीओर का खिताब, रियल मैड्रिड ने समारोह का बहिष्कार किया

**पेरिस, एजेंसी।** 28 वर्षीय रोड्री ने प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में सिटी को आर्सेनल से जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा यूरो 2024 में उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नामित किया गया था।

मैनचेस्टर सिटी और स्पेन के मिडफील्डर रोड्री को लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब और यूरो 2024 जीतने के बाद सोमवार को पुरुषों के बैलन डीओर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हालांकि, रियल मैड्रिड फुटबॉल क्लब ने समारोह का बहिष्कार किया। रोड्री को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए पुरस्कार देने का फैसला आश्चर्यजनक के रूप में आया।



रियल मैड्रिड के लीगा और चैंपियंस लीग डबल विजेता विनिसियस जूनियर को व्यापक रूप से पसंदीदा के रूप में देखा गया था। पेरिस में समारोह से कुछ घंटे पहले, स्पेनिश क्लब ने घोषणा की कि उसका प्रतिनिधिमंडल चैटलेट थिएटर में समारोह में भाग नहीं लेगा क्योंकि इसे विनिसियस के बहिष्कार के रूप में देखा जाएगा। 28 वर्षीय रोड्री ने प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में सिटी को आर्सेनल से जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

इसके अलावा यूरो 2024 में उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नामित किया गया था। जर्मनी में खेले गए यूरो कप में स्पेन ने खिताब जीता था।

इससे पहले समारोह से कुछ घंटे पहले ही ड्रामा शुरू हो गया जब स्पेनिश और यूरोपीय चैंपियन रियल ने कहा कि अगर विनिशियस विजेता नहीं होते हैं तो यह पुरस्कार उनके साथी दानी कार्वाजल को दिया जाना चाहिए। ब्राजील के कार्वाजल ने वेम्बले में चैंपियंस लीग फाइनल में बोरुसिया डॉर्टमंड के खिलाफ 2-0 की जीत में गोल किया था। विनिसियस ने मैड्रिड के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 39 मैचों में 24 गोल किए और 11 असिस्ट किए। विनिसियस की मदद से क्लब ने तीन खिताब जीते थे। रियल मैड्रिड ने एएफपी से कहा, अगर पुरस्कार मानदंड विजेता के रूप में विनिसियस को नहीं चुनता है, तो उन्हीं मानदंडों को कार्वाजल को विजेता के रूप में इंगित करना चाहिए।

मैड्रिड के नामांकितों में किलियन एमबाप्पे, एंटोनियो रुडिगर, फेडे वाल्वरडे और जूड बेलिंघम भी शामिल थे। बैलोन डीओर के विजेता को 100 विशेषज्ञ पत्रकारों की एक अंतरराष्ट्रीय जूरी द्वारा शॉर्टलिस्ट से चुना जाता है। वहीं, मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला ने रोड्री को सर्वश्रेष्ठ के रूप में वर्णित किया है।

उनके गोल ने सिटी को 2023 में अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब दिलाया था, लेकिन उन्होंने स्पेन के लिए महत्वपूर्ण गोल भी किए।

**पाकिस्तान जिंदा ही सोशल मीडिया पर है**

## रमीज राजा ने शान मसूद विवाद पर खुलकर की बात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने इंग्लैंड पर पाकिस्तान की 2-1 टेस्ट सीरीज जीत के बाद टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद को मैच के बाद की गई अपनी टिप्पणियों से जुड़े विवाद पर बात की। राजा की टिप्पणियों, विशेष रूप से पाकिस्तान की लगातार छह हार के बारे में उनके सवाल ने प्रशंसकों और पूर्व खिलाड़ियों की आलोचना की जिसमें तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर भी शामिल थे, जिन्होंने उनके व्यवहार में अधिक सम्मान और पेशेवरता की मांग की।

62 वर्षीय राजा ने पाकिस्तान की सीरीज जीत के बाद कप्तान शान मसूद पर तंज कसते हुए विवाद खड़ा कर दिया जिसमें उन्होंने जीत का जश्न मनाने के बजाय पूछा, आपने लगातार 6 हार कैसे हासिल की? राजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए अपने सवालों का बचाव करते हुए कहा कि उनका इरादा टीम की उपलब्धि को कमतर आंकना नहीं था, बल्कि यह पता लगाना था कि उन्होंने हाल के संघर्षों को कैसे दूर किया। राजा ने कहा, मैंने कुछ सवाल पूछे और मेरा लक्ष्य किसी को नीचा दिखाना या पाकिस्तान की जीत को नकारात्मक रूप में पेश करना नहीं था। एक कमेंटेटर के तौर पर पाकिस्तान जितना ज़्यादा जीतता है, क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र में हम सभी के लिए उतने ही ज़्यादा अवसर खुलते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया परिदृश्य के हिस्से के रूप में इस प्रतिक्रिया को खारिज करते हुए कहा, पाकिस्तान जिंदा ही सोशल मीडिया पर है। उन्होंने इस बात पर निराशा व्यक्त की कि लोग उनकी टिप्पणियों को कैसे गलत तरीके से समझते हैं।

उन्होंने कहा, अगर मैं अपना जीवन सोशल मीडिया की कहानियों के आधार पर जीता, तो मैं इस क्षेत्र में नहीं होता। ऐसे कई लोग हैं जो क्रिकेट नहीं खेले हैं, लेकिन विशेषज्ञों की तरह व्यवहार करते हैं।

## केकेआर से होगी आंद्रे रसेल की छुट्टी?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था. टीम



को खिताब जिताने में हर खिलाड़ी ने अपना योगदान दिया था, जिसमें वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंड आंद्रे रसेल भी शामिल थे. रसेल ने गेंद और बल्ले दोनों से कमाल किया था. इतना ही नहीं, रसेल 2014 से कोलकाता का हिस्सा रहे हैं. रेवस्पोर्ट्ज के मुताबिक, रसेल को आईपीएल 2025 के लिए रिटेन नहीं किया जाएगा. हालांकि अब तक रसेल को रिटेन नहीं किए जाने की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. आईपीएल 2024 में रसेल ने 9 पारियों में बैटिंग करते हुए 31.71 की औसत और 185.00 के ताबड़तोड़ स्ट्राइक रेट से 222 रन बनाए थे, जिसमें उनका हाई स्कोर 64* रनों का रहा था.

## नेपाल में भारतीय महिला फुटबॉल टीम के साथ हुआ निंदनीय बर्ताव

**नइदिल्ली, एजेंसी। भारतीय** महिला फुटबॉल टीम नेपाल में खेली सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में जगह नहीं बना पाई है। टीम को सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान नेपाल के हाथों ही पेनल्टी शूटआउट में हार मिली। भारतीय टीम के लिए यह मैच एक बुरी याद बन गई। इसका कारण टीम की हार नहीं है बल्कि इस मैच के दौरान उनके साथ हुआ बर्ताव है। भारतीय टीम पर फैंस ने पानी की बोतलें फेकने लगे और दो बार मैच रुका। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने साउथ



एशियन फुटबॉल महासंघ (सैफ) को पत्र लिखने का निर्णय लिया है जिसमें नेपाल के काठमांडू में भारत के खिलाफ सैफ महिला चैंपियनशिप सेमीफाइनल के दौरान रैफरी के निर्णय के विरोध में एक घंटे से अधिक समय तक खेल रोके रखने के बारे में बताया जाएगा। 62वें मिनट में भारत की संगीता बासफोर के शानदार शॉट के साथ टीम को 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद नेपाल ने बराबरी का गोल दागा, जिसे रेफरी ने नकार दिया। इसी के बाद हंगामा शुरू हुआ। इसके बाद मैच 70 मिनट से अधिक समय तक रुका रहा क्योंकि नेपाल ने रैफरी के फैसले का विरोध करते हुए खेल जारी रखने से इनकार कर दिया। इसी दौरान नेपाल के फैंस भी भड़क गए।



# मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है और अब वह राष्ट्रीय टीम के साथ सहायक कोचिंग की भूमिका निभाएंगे।

वेड ने 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 200 से अधिक मौकों पर खेला है, जिनमें से अधिकांश दो सफेद गेंद प्रारूपों के माध्यम से आए हैं। टी20 विश्व कप 2021 विजेता, वेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट मैच, 97 वनडे और 92 टी20 मैच खेले हैं, उन्होंने वनडे और टी20 टीमों की कप्तानी भी की है। विकेटकीपर-बल्लेबाज, हालांकि, तस्मानिया और होबार्ट हरिकेंस के साथ-साथ कुछ विदेशी लीगों के लिए सफेद गेंद क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। खेल के बाद के करियर के लिए उनकी योजनाएं पहले से ही तैयार हैं, 36 वर्षीय खिलाड़ी अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ़ होने वाली टी20 सीरीज़ के लिए ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपिंग और फ़ील्डिंग कोच बनने के लिए तैयार हैं।

वेड ने कहा, मुझे पूरी तरह से पता था कि पिछले टी20 विश्व कप के अंत में मेरे अंतरराष्ट्रीय दिन शायद खत्म हो गए थे। पिछले छह महीनों में जॉर्ज (बेली) और एंड्र्यू (मैकडोनाल्ड) के साथ मेरी अंतरराष्ट्रीय सेवानिवृत्ति और कोचिंग के बारे में लगातार बातचीत होती रही है।

पिछले कुछ सालों से कोचिंग मेरे रडार पर है और शुक्र है कि मुझे कुछ बेहतरीन अवसर मिले हैं, जिसके लिए मैं बहुत आभारी और उत्साहित हूं। मैं गर्मियों के महीनों में बीबीएल (बिग बैश लीग) और कुछ फ्रेंचाइज लीग खेलना जारी रखूंगा, लेकिन एक खिलाड़ी के रूप में उन प्रतिबद्धताओं के इर्द-गिर्द मैं अपनी कोचिंग में बहुत ज़्यादा निवेश कर रहा हूं।

उन्होंने कहा, मेरा अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त होने के साथ, मैं अपने सभी ऑस्ट्रेलियाई साथियों, कर्मचारियों और कोचों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जितना चुनौतीपूर्ण हो सकता था, उतना ही सफ़र का आनंद लिया। मेरे आस-पास अच्छे लोगों के बिना, मैं कभी भी खुद से उतना नहीं निकाल पाता जितना मैंने निकाला।

वेड ने 2011-12 की गर्मियों में अपना टी20 और वनडे डेब्यू किया और 2012 में बारबाडोस में अपना बैगी ग्रीन जीता, जब ब्रैड हैडिन व्यक्तिगत कारणों से चले गए। उन्होंने टी20 विश्व कप के तीन संस्करणों में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेला, उनकी सबसे यादगार उपलब्धि 2021 में आई जब उन्होंने उप-कप्तान की भूमिका में ऑस्ट्रेलिया को दुबई में अपने पहले 20-ओवर के खिताब तक पहुंचने में मदद की।

उन्होंने उस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में रोमांचक जीत में मात्र 17 गेंदों पर नाबाद 41 रन की पारी खेली थी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने कहा, मैथ्यू को उनके शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बधाई, जिसमें उनके कौशल और बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें सभी प्रारूपों में एक बेहतरीन खिलाड़ी बनाया है। मुझे खुशी है कि वह अगली पीढ़ी के सितारों को कोचिंग देकर और होबार्ट हरिकेंस के साथ बिग बैश में जलवा बिखेरकर अपने विशाल योगदान में इजाफा करेंगे।

## न्यूज बाइट्स

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ चालक व सहयोगी गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह पुलिस ने देवहरा के समीप से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ा हैं। वही चालक ओम प्रकाश कुमार और सहयोगी कुंदन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि एसआई सियाराम मंडल के बयान पर कांड संख्या 319/24 दर्ज किया गया।

### रूपये में बनेगा पटाखा बिक्री का लाइसेंस

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (निसं।)।** एसडीओ मनोज कुमार के निर्देशानुसार अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी गुरु हांसदा एवं नगर पर्षद के सिटी मैनेजर विनय प्रकाश के नेतृत्व में शहर में लगभग डेढ़ दर्जन से भी अधिक दुकानों की जांच की गई। चाइनीज पटाखे की बिक्री नहीं होगी। केवल ग्रीन पटाखा ही बेचना है। पटाखा दुकानदारों को कहा गया कि पटाखा बिक्री के लाइसेंस प्रदान करने के लिए डीएम द्वारा एसडीओ को प्राधिकृत किया गया है। पटाखा की बिक्री के लिए लाइसेंस प्राप्त करने हेतु 600 रुपए का चालान ट्रेजरी में जमा करके विहित प्रपत्र में एसडीओ को आवेदन करना है। दुकानदारों की सुविधा के लिए ऐसी व्यवस्था की गई है कि वह अनुमंडल नजारत में जाकर निर्धारित राशि जमा करके रसीद लें और विभिन्न प्रपत्र में आवेदन जमा करें। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा पटाखा का लाइसेंस निर्गत किया जाएगा। इसके बाद ही संबंधित दुकानदार सिर्फ ग्रीन पटाखा की बिक्री कर सकेंगे।

जीएनएम की तैयारी कर रही थी महिला, पति संग जा रही थी स्टेशनरी का सामान खरीदने

# दंपती को पिकअप ने रौंदा, पत्नी की मौत

निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)

जिले के फेसर थाना क्षेत्र के बसडीहा हाईस्कूल के पास एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने स्कूटी सवार एक पति-पत्नी को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।



घायल दंपति की पहचान अरुण कुमार और उनकी 30 वर्षीय पत्नी पूजा कुमारी के रूप में की गई है। पूजा कुमारी, जो इंदौर से जीएनएम की तैयारी कर रही थीं, अपने पति के साथ स्टेशनरी का सामान खरीदने के लिए जा रही थीं, जब यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। अज्ञात पिकअप के टक्कर मारने से दंपति गिर पड़े, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। अफसोस की बात यह है कि पूजा कुमारी ने औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनके पति, अरुण कुमार, जिनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है, उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। मृतका के दो छोटे बेटे, 12 वर्षीय तेजस्वी कुमार और 10 वर्षीय विराट कुमार, अब अपने माता-पिता के बिना रह गए हैं। इस दुखद घटना के बाद, जिला पार्षद अनिल यादव, राजद जिला प्रवक्ता डॉ. रमेश यादव, और पोखराहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अभिषेक कुमार सहित कई अन्य स्थानीय नेता मौके पर पहुंचे और सरकार से मुआवजा राशि की मांग की। अरुण कुमार अपने परिवार का भरण-पोषण खेती-बाड़ी और मजदूरी करके करते हैं। ऐसे में इस घटना ने न केवल एक परिवार को तोड़ दिया है, बल्कि इलाके में भी एक शोक की लहर पैदा कर दी है। राजद प्रवक्ता डॉ. रमेश यादव ने बताया कि पूजा के शरीर पर अंदरूनी चोटें थीं और एक पैर में गंभीर फ्रैक्चर हुआ था, जिसके कारण इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। यह घटना न केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि यह सड़क सुरक्षा के मुद्दे पर भी सवाल खड़े करती है। स्थानीय प्रशासन को इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### मां की पीट-पीट कर हत्या करने वाला आरोपी बेटा गिरफ्तार

**ओबरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** बेरहमी से मां को पीट-पीट कर हत्या करने वाले एक आरोपी बेटे को ओबरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रतनपुर गांव निवासी कृष्णा दुबे के पुत्र रवि कुमार के रूप में की गई है। दरअसल घटना 27 अक्टूबर की हैं। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने घटना को लेकर आसपास पूछताछ की तो पता चला कि आरोपी मंदबुद्धि टाइप का हैं, अक्सर वह अपनी मां के साथ झगड़ा और मारपीट करता था। इस दौरान उस दिन किसी बात को लेकर आरोपी ने मारपीट के दौरान मां को जख्मी कर दिया जिसमें इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, विरोध में सड़क जाम



निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड में पचरुखिया-गया पथ पर कोइलवां मोड़ के पास मंगलवार को दोपहर बाद सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रफीगंज प्रखंड के सिमरा गांव निवासी रामस्वरूप वर्मा के रूप में की गई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही हसपुरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आक्रोशितों को समझा-बुझा कर जाम हटवाने के प्रयास में लगी है। संवाद प्रेषण तक जाम नहीं हटा है। बताया जाता है कि रफीगंज के सिमरा निवासी रामस्वरूप वर्मा मोटरसाइकिल से कोइलवां की तरफ पचरुखिया मोड़ आ रहे थें। बाइक उनका भतीजा चला रहा था। बाइक जैसे ही कोइलवां मोड़ से पचरूखियां जाने की ओर मुड़ी, वैसे हीं देवहरा की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे एक बाइकर ने इतने जोर से धक्का मारा कि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे रामस्वरूप वर्मा वाहन से सड़क पर फेंका गए, जिससे उनका सिर फट गया। सिर बुरी तरह फट जाने से देखते हीं देखते घटनास्थल पर हीं उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद उनके शव को पचरुखिया मोड़ पर लाकर आक्रोशितों ने सड़क जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। जाम की सूचना मिलने पर हसपुरा पुलिस मौके पर आई। पुलिस लोगों को जाम हटाने के लिए समझाने में जुटी है। समाचार लिखे जाने तक जाम नहीं हटा है।

## दीपावली पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए महिला पुलिस की तैनाती



निज संवाददाता | मदनपुर(औरंगाबाद)

मदनपुर मुख्यालय में स्थित दूर्गा चौक दूर्गा मंदिर और बाजार में उमड़ती भीड़ को देखते हुए शांति सौहार्द और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए महिला पुलिस और पुरुष पुलिस बल को तैनात किया गया है। मदनपुर महिला थाना प्रभारी अंजली कुमारी ने बताया कि दीपावली पूजा में काफी भीड़ भाड़ होती है। जिसमें असमाजिक तत्वों, मनचले युवकों, अपराधिक किस्म के लोगों पर नियंत्रण करने और उनके विरुद्ध पैनी नजर रखा जा रहा है। गश्त किया जा रहा है ताकि किसी तरह की घटनाएं नहीं हो सके। सुरक्षा व्यवस्था कायम रहें। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में दीपावली पूजा में शांति सौहार्द का बना रहे । इसके मद्देनजर सुरक्षा पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई है। रात्रि और दिवा गश्ती बढ़ा दी गई है। चाकचौबंद व्यवस्था है। अपराधिक किस्म के लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

नक्सलियों के मंसूबे पर फिरा पानी

# सर्च ऑपरेशन में पांच किलो का शक्तिशाली प्रेसर आईईडी बरामद

निज संवाददाता | मदनपुर(औरंगाबाद)



मदानपुर थाना क्षेत्र के पचरुखिया पहाड़ में सुरक्षा बलों ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई में एक शक्तिशाली चार किलो का प्रेसर आईईडी बरामद किया है। इस संयुक्त सर्च और छापेमारी अभियान में सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन और स्थानीय पुलिस शामिल थे। सुरक्षा बलों के इस अभियान का नेतृत्व सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन 205 के सहायक समादेष्टा, धीरेन्द्र पाठक ने किया, जबकि स्थानीय पुलिस के एसआई संजीव कुमार पाठक भी उनके साथ थे। मंगलवार की शाम एक प्रेसवार्ता में एसडीपीओ सदर-2 अमित कुमार ने इस सफल ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। जांच के दौरान, सुरक्षा बलों ने पहाड़ में नक्सलियों द्वारा लगाए गए इस प्रेसर आईईडी को बरामद किया, जिसे तुरंत सावधानीपूर्वक डिफ्यूज़ कर दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि यह आईईडी अत्यंत शक्तिशाली था और यदि नक्सलियों के मंसूबे सफल होते, तो इससे पुलिस बल को भारी क्षति पहुँचाई जा सकती थी।

इस सफलता के साथ ही, पुलिस ने नक्सलियों के मंसूबों को पूरी तरह से नाकाम कर दिया है। नक्सली अब इस क्षेत्र से पलायन कर चुके हैं, और पुलिस ने उनकी गतिविधियों पर गहरा असर डाला है। अमित कुमार ने कहा, 'हमने उनकी कमर तोड़ दी है, और हम आगे भी इस तरह की सफल कार्रवाई जारी रखेंगे। यह कार्रवाई न केवल पुलिस बल के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत है, जो नक्सलवाद के खिलाफ जंग में एक नई उम्मीद जगाता है। इस प्रकार के अभियान से यह स्पष्ट होता है कि सुरक्षा बल किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं और क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## आहर से मिला शव, फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**औरंगाबाद(नि.सं.)।** आहर से एक व्यक्ति का शव मिलने से आसपास सनसनी फ़ैल गई जिसमें दाउदनगर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मामला थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरई गांव के आहर की हैं। प्रथम दृष्टया से ऐसा प्रतीत होता है कि उस व्यक्ति को गोली मार कर हत्या कर दी गई है और शव यहां आहर में फेक दिया गया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के चौरी गांव निवासी विकास चौधरी के रूप में की गई है। दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने बताया कि एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है।

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
शुद्धता का प्रतीक, शुद्ध आहार आटा
श्री शाश्वत राज एग्रो प्रा. लि.
ग्रोथ सेंटर : जसोईया, औरंगाबाद
5 किलो, 10 किलो एवं 25 किलो के पैक में उपलब्ध
शुद्ध आहार, स्वस्थ्य परिवार।
शुद्ध आहार, खुशियां अपार
विशेषताएं
- क्वालिटी : पुष्ट एवं उच्च क्वालिटी के गेहूं द्वारा निर्मित शुद्ध आहार। किसान की आमदनी बढ़ाया।
- अत्याधुनिक मशीन : न्यूमेटिक सिस्टम (हवा पद्धति) द्वारा आटा की तैयारी शुद्ध आहार नयी प्रौद्योगिक लाया।
- धुला हुआ गेंहू : गेहूं को साफ पानी से साफ कर आठ घंटे स्टे दिया जाता है ताकि रोटी ठंडा होने के बाद भी मुलायम रहे।
10 लाख से अधिक संतुष्ट उपभोक्ता



धनतेरस, दिवाली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
PROMISE OF MINIMUM MAKING CHARGES IN THE TOWN
7.5% MAKING CHARGES STARTING FROM
100% VALUE OF YOUR OLD JEWELLERY ON EXCHANGE
GAYA JEWELLERS
Near SBI Bazar Branch, Old GT Road Aurangabad Bihar +91-93 34 28 00 48
GAYA JEWAR DUKAN
Near Jama Masjid Old GT Road Aurangabad Bihar +91-75 41 06 94 87

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
वार के पुरानी एवं विश्वसनीय जेवर दुकान
NEW MADHU JEWELLERS
न्यू मधु ज्वेलर्स
बाल बिहार गली न्यू एरिया V-Mart के सामने एम.जी. रोड, औरंगाबाद
हॉलमार्क सोने तथा चाँदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
प्रो. रामजी प्रसाद सोनी एण्ड सन्स
मो. 9122143376, 8210421527

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
प्रकाश बन्धु हार्डवेयर स्टोर
एम.जी. रोड, औरंगाबाद
अधिकृत विक्रेता
ICI Dulux, Nerolac, Johnson Paints, एस्वेटस्
प्रो. सुधीर कुमार
मो. 9934969770

धनतेरस , दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
BIS - 916
जैन ऑर्नामेंट्स
गोपाली चौक, आरा-802301 (बिहार)
डायमंड, हॉलमार्क गोल्ड एवं चांदी के आभूषणों के विक्रेता
प्रो. निखिल कुमार जैन

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
रामनाथ प्रसाद ज्वेलर्स
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद
916 एवं 750 हॉलमार्क फैन्सी जेवरों के निर्माता एवं विक्रेता
प्रो. संजीव कुमार

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सिंघानिया ज्वेलर्स
डालटेनगंज रोड, बस स्टैण्ड रामाबांध, औरंगाबाद
हमारे यहां ग्रह रत्न भी मिलता है।
हमारे यहां सोने चांदी के हॉल मार्क आभूषण 750 एवं 91.6 उचित मूल्य पर उपलब्ध है।
प्रो. दिलीप सिंह
मो. 6201455003
9007490092

धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
मोती साव शिव पूजन प्रसाद ज्वेलर्स
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद (बिहार)
सोने-चांदी के फैन्सी आभूषण एवं ग्रह रत्न के विक्रेता
मंगल मणि ज्वेलर्स
मोती साव शिव पूजन प्रसाद ज्वेलर्स के बगल में
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद
केवल हॉलमार्क सोने हीरे के आभूषणों के विक्रेता
रूप अलंकार ज्वेलर्स
सदर अस्पताल के सामने, औरंगाबाद
सोने-चांदी के फैन्सी आभूषण एवं ग्रह रत्न के विक्रेता

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
गणपति ज्वेलर्स
V-Mart के सामने, बाल बिहार गली, न्यू एरिया, औरंगाबाद
ग्राहक की संतुष्ठि ही हमारा पहला उद्देश्य
हॉलमार्क ज्वेलरी निर्माता एवं विक्रेता
प्रो. राकेश कुमार
8083824210
मो. 9304570428

आप सभी सम्मानित लोगों को मेरा प्रणाम
औरंगाबाद जिले के समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों, व्यवसायियों के साथ-साथ समस्त जिले वासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
गोवर्धन पूजा, चित्रगुप्त पूजा एवं महापर्व छठ की ढेर सारी बधाई
हमारा संस्कार और हमारी संस्कृति ही हम हिंदुस्तानियों की पहचान है, सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनायें और संकल्पित भावना के साथ अपनी एकता की डोर को मजबुत बनाये रखे।



निवेदक-
सुनील कुमार गुप्ता
समाजसेवी, प्रबंध निदेशक - गिव एण्ड टेक, औरंगाबाद